वर्ष 72 अंक 203 पृष्ठ 12
रीवा, मंगलवार 22 अप्रैल, 2025
वैशाख कृष्ण पक्ष 10, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण
विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
www.dainikjagranmpcg.com

अन्याय कहीं भी हो, वह हर जगह न्याय के लिए खतरा है।
– मार्टिन लूथर किंग जूनियर

## नहीं रहे ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस



**वेटिकन सिटी, जेएनएन।** ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस का सोमवार को निधन हो गया है। वेटिकन ने वीडियो संदेश में कहा कि रोमन कैथोलिक चर्च के पहले लैटिन अमेरिकी लीडर पोप फ्रांसिस का निधन हो गया है। 1,300 साल में वे पहले गैर-यूरोपीय पोप थे। पोप 88 वर्ष के थे और वह किडनी की बीमारी से जूझ रहे थे। हाल ही में कई दिनों तक वेंटिलेटर पर रहने के बाद वो ठीक होकर लौटे थे। पोप फ्रांसिस डबल निमोनिया की गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। कार्डिनल केविन फैरेल ने वेटिकन के टीवी चैनल पर पोप के निधन की घोषणा की। पोप का जन्म 17 दिसंबर, 1936 को हुआ था। उन्हें 1969 में जेसुइट ऑर्डर में पुजारी नियुक्त किया गया था। मार्च 2013 में एक कॉन्क्लेव में वे पोप चुने गए। पोप फ्रांसिस के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है।

## सीबीएसई 10वीं, 12वीं का रिजल्ट 2 मई को

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) मैट्रिक और इंटर के परीक्षार्थियों के रिजल्ट 2 मई को घोषित करेगा। देशभर के लाखों छात्र और अभिभावकों को इंतजार है। सीबीएसई दोनों बोर्ड के रिजल्ट्स अपने आधिकारिक वेबसाइटों पर प्रकाशित करेगा। रिजल्ट घोषित होने के बाद cbseresults.nic.in, cbse.gov. in और cbse.nic.in में से किसी भी वेबसाइट पर जाकर चेक किया जा सकता है। सूत्रों की मानें तो सीबीएसई इस बार 2 मई को 10वीं और 12वीं बोर्ड के नतीजे घोषित करने जा रहा है। ऐसा हुआ तो इस बार सीबीएसई बीते कुल सालों के मुकाबले थोड़ा जल्दी रिजल्ट जारी कर देगा। पिछले वर्ष सीबीएसई के रिजल्ट्स 13 मई को आए थे।

## दिल्ली में वक्फ कानून के खिलाफ प्रदर्शन आज

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने वक्फ अधिनियम 1995 में संशोधनों के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन छेड़ दिया है। इसके पहले चरण की शुरुआत 22 अप्रैल को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में बड़े प्रदर्शन के साथ होगी। 'वक्फ बचाओ अभियान' नाम से चल रहे इस आंदोलन का पहला फेज 7 जुलाई तक यानी 87 दिनों तक चलेगा। इस दौरान देशभर से एक करोड़ लोगों के हस्ताक्षर जुटाए जाएंगे, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सौंपा जाएगा। पहले चरण की समाप्ति के बाद, आंदोलन के अगले फेज की रणनीति तय की जाएगी।

### ऑफ बीट

## मन्नत ने जल संकट पर दुनिया को दिखाया रास्ता



*दिल्ली की रहने वाली मन्नत कौर ने एक अनोखा और काबिल-ए-तारीफ इनोवेशन किया है। उन्होंने डिसेंट्रलाइज्ड ग्रे वॉटर कलेक्शन एंड रीसाइक्लिंग सिस्टम तैयार किया है, जिसकी मदद से घरों में बाथरूम, किचन या दूसरी जगहों से निकलने वाले गंदे पानी को फिर से इस्तेमाल लायक बनाया जा सकता है। इस इनोवेशन के दम पर मन्नत ने स्टॉकहोम जूनियर वॉटर प्राइज 2024 जैसे इंटरनेशनल मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व भी किया है। मन्नत द्वारा तैयार किया गया सिस्टम गंदे पानी को रीसाइकल करके उसे नॉन-पोटेबल यानी पीने लायक नहीं, लेकिन घरेलू कार्यों जैसे पौधों की सिंचाई, फर्श की सफाई, वाहन धोने आदि के लिए पूरी तरह उपयुक्त बनाता है।*

### आईपीएल में आज

IPL 2025 TATA IPL

**लखनऊ बनाम दिल्ली**
समय : शाम 7.30 बजे से
प्रसारण : स्टार स्पोर्ट्स जियो हॉटस्टार पर

### मुर्शिदाबाद हिंसा पर याचिका की सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट की बड़ी टिप्पणी

# हम पर पहले ही है विधायिका के क्षेत्र में हस्तक्षेप करने का आरोप

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ अधिनियम को लेकर हुई हिंसा की न्यायिक जांच की मांग वाली एक नई याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक अहम टिप्पणी की।

न्यायमूर्ति बी. आर. गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, 'हम पर तो पहले से ही संसद और कार्यपालिका के अधिकार क्षेत्र में दखल देने का आरोप लगता रहा है।' इस टिप्पणी को हाल के दिनों में न्यायपालिका पर हुई आलोचनाओं की प्रतिक्रिया के रूप में देखा जा रहा है। इस टिप्पणी के बाद पश्चिम बंगाल में हो रही हिंसा और उस पर राजनीति एक बार फिर न्यायपालिका को केंद्र में ले आई है। याचिकाकर्ता इस हिंसा पर कड़ी कार्रवाई और निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं, वहीं न्यायपालिका ने राजनीतिक हमलों पर टिप्पणी की है। न्यायमूर्ति गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही थी, जिसमें अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने अदालत से मुर्शिदाबाद हिंसा की एक स्वतंत्र और अदालत-निगरानी में जांच की मांग की।

यह याचिका अप्रैल 2025 में दक्षिण 24 परगना के भांगड़ क्षेत्र और मुर्शिदाबाद जिले में हुई सांप्रदायिक हिंसा की घटनाओं से जुड़ी है। हिंसा वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान भड़की थी। 11 और 12 अप्रैल को मुर्शिदाबाद में हुए दंगों में कम से कम तीन लोगों की जान चली गई थी और सैकड़ों लोग बेघर हो गए थे। हालांकि पुलिस ने दावा किया कि मुर्शिदाबाद में स्थिति अब नियंत्रण में है, लेकिन भांगड़ में हाल ही में फिर से हिंसा की खबरें आई हैं। ■ शेष पृष्ठ 7 पर



### गंभीर प्रतिक्रिया

अदालत पर हालिया टिप्पणियों की पृष्ठभूमि में न्यायमूर्ति गवई की टिप्पणी विशेष महत्व रखती है। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा, 'हम पर वैसे भी यह आरोप लगता रहा है कि हम संसद और कार्यपालिका के अधिकार क्षेत्र में दखल दे रहे हैं।' उनकी यह टिप्पणी एक तरह से न्यायपालिका की भूमिका को लेकर हो रहे राजनीतिक हमलों पर एक शालीन लेकिन गंभीर प्रतिक्रिया है।

### हाल ही में आईं न्यायपालिका विरोधी टिप्पणियां


इस याचिका और हिंसा की पृष्ठभूमि में न्यायपालिका पर हाल ही में हुए हमलों से जोड़ा जा रहा है। हाल ही में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने न्यायपालिका को लेकर तीखे बयान दिए हैं। धनखड़ ने सुप्रीम कोर्ट पर 'सुपर संसद' की तरह काम करने का आरोप लगाते हुए कहा था कि न्यायपालिका लोकतांत्रिक संस्थाओं पर 'न्यूक्लियर मिसाइल' छोड़ रही है। वहीं निशिकांत दुबे ने कहा था कि अगर सुप्रीम कोर्ट ही कानून बनाएगा, तो संसद और विधानसभा को बंद कर देना चाहिए। उन्होंने मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना पर देश में 'धार्मिक युद्ध' भड़काने तक का आरोप लगा दिया।

### पिछली याचिका, नया आवेदन

अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कोर्ट को बताया कि उन्होंने वर्ष 2021 में भी इसी संदर्भ में जनहित याचिका दायर की थी, जिसमें विधानसभा चुनावों के बाद पश्चिम बंगाल में फैली हिंसा को देखते हुए राष्ट्रपति शासन की मांग की गई थी। उसी याचिका में हालिया हिंसा की घटनाओं को जोड़ा गया है। याचिका कर्ता ने कहा, 'कल की सूची में आइटम 42 में राष्ट्रपति शासन के मामले की सुनवाई है, इसमें अब मैंने नया आवेदन दिया है जिसमें राज्य में हुई ताजा हिंसा की घटनाओं को शामिल किया गया है।'

### याचिका पर सुनवाई आज

पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन की मांग को लेकर दाखिल याचिका पर सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को सुनवाई करेगा। याचिकाकर्ता ने अतिरिक्त दस्तावेज दाखिल करने की अनुमति मांगी है। उन्होंने पीठ के समक्ष कहा कि याचिका मंगलवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। ऐसे में वह अतिरिक्त दस्तावेज संलग्न करना चाहते है। इस पर जस्टिस गवई ने कहा कि आप चाहते हैं कि हम इसे लागू करने के लिए राष्ट्रपति को परमादेश जारी करें? वैसे भी हम पर कार्यपालिका में अतिक्रमण करने का आरोप है।



आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने वाले सबसे युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी का शानदार प्रदर्शन

# तीन भीषण सड़क हादसों में 16 की मौत, दूल्हा-दुल्हन समेत कई घायल

प्रदेश में शादी और धार्मिक यात्राओं की खुशियां मातम में बदल गईं जब तीन भीषण सड़क हादसों में 16 लोगों की जान चली गई। ये हादसे नींद में ड्राइविंग, लापरवाही और सड़क सुरक्षा के अभाव में हुए। एक बारात की पिकअप पलटी, तो शादी से लौट रही गाड़ी खाई में गिर गई, एक हादसे में मंदिर दर्शन को निकले युवा हादसे का शिकार हो गए।

### खाई में गिरी टेम्पो-ट्रैक्स, छह की मौत, 3 लोग घायल

**जागरण, रायसेन।** रायसेन में भोपाल-जबलपुर रोड पर सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। घटना बम्होरी ढाबे के पास सुबह 6.30 से 7 बजे के बीच की है। टेम्पो ट्रैक्स (तूफान) पुलिया से टकराकर 10 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में दूल्हा-दुल्हन समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं। गाड़ी में कुल 9 लोग सवार थे। शुरुआती जांच में सामने आया है कि ड्राइवर को नींद आने के कारण यह हादसा हुआ। गाड़ी जबलपुर से इंदौर जा रही थी। परिवार शादी कराकर बिहार के सुपौल जिले से लौट रहा था।



### स्कॉर्पियो कंटेनर से भिड़ी, 4 की मौत

**जागरण, जावद।** राजस्थान के सांवरिया सेठ के दर्शन करने जा रहे उज्जैन के सात दोस्तों की स्कॉर्पियो की कंटेनर से टक्कर हो गई। दुर्घटना में 4 दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई। तीन गंभीर रूप से घायल हैं। सभी युवा उज्जैन के इंगोरिया गांव के निवासी थे। मध्यप्रदेश व राजस्थान की सीमा के पास नीमच-नसीराबाद हाईवे पर इनकी गाड़ी एक कंटेनर से टकरा गई। चारों मृतकों की उम्र 18 से 27 साल के बीच बताई जा रही है।

### शहडोल: पिकअप पलटी, 6 की मौत

**जागरण, शहडोल।** दुल्हन लेकर लौट रही बारातियों से भरी पिकअप एक बाइक को बचाने में पलट गई। पिकअप पलटने से 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 24 घायल हुए हैं। दूल्हा-दुल्हन दूसरी गाड़ी में होने से बच गए। घायलों को अस्पताल पहुंचाने रीवा और सीधी से एंबुलेंस बुलाना पड़ गई।

# 38वें राष्ट्रीय खेलों में डोपिंग का बड़ा खुलासा, 11 खिलाड़ी दोषी

### 8 पदक विजेताओं ने भी लीं प्रतिबंधित दवाएं

**देहरादून, जेएनएन।** उत्तराखंड में आयोजित हुए 38वें राष्ट्रीय खेलों में डोपिंग का बड़ा मामला सामने आया है। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने 11 खिलाड़ियों को प्रतिबंधित दवाओं के सेवन का दोषी पाया है, जिनमें से 8 खिलाड़ी पदक विजेता हैं। ये सभी खिलाड़ी प्रदर्शन बढ़ाने वाली प्रतिबंधित दवाओं के इस्तेमाल के दोषी पाए गए हैं, और नाडा ने इन्हें अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है।

डोपिंग के इन मामलों में सबसे ज्यादा खिलाड़ी पंजाब से हैं। पंजाब के 6 खिलाड़ी दोषी पाए गए हैं। इन 11 खिलाड़ियों में सबसे चर्चित नाम अमृतपाल सिंह हैं, जो कि पंजाब की बास्केटबॉल टीम के दिग्गज खिलाड़ी हैं। अमृतपाल ने ऑस्ट्रेलिया और जापान की प्रतिष्ठित लीगों में भी खेला है और इस बार उन्होंने उत्तराखंड में हुए राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। सूत्रों के मुताबिक, यह अमृतपाल का दूसरा डोपिंग उल्लंघन है। इससे पहले भी वह 2020 में डोप टेस्ट में फेल हो चुके हैं। इस बार अगर वह निर्दोष साबित नहीं होते हैं, तो उन्हें 8 साल तक का प्रतिबंध झेलना पड़ सकता है। यह उनके करियर के अंत की तरह हो सकता है। मामले में अभी अन्य खिलाड़ियों के भी नाम आने की संभावना है।




### पिछले राष्ट्रीय खेलों में भी डोपिंग के मामले

इससे पहले भी राष्ट्रीय खेलों में डोपिंग के मामले सामने आए हैं।

- **2023, गोवा राष्ट्रीय खेल:** 25 खिलाड़ी डोप टेस्ट में फेल हुए थे। यह रिकॉर्ड संख्या है।
- **2022, गुजरात खेल:** 10 खिलाड़ी दोषी
- **2015, केरल खेल:** 16 डोपिंग मामले

### डोपिंग मामलों की संख्या बढ़ने की आशंका

सूत्रों की मानें तो नाडा अभी भी खिलाड़ियों के सैंपल की जांच कर रही है, और यह संख्या 11 से ज्यादा भी हो सकती है। कई रिपोर्ट में यह संकेत दिया गया है कि कुछ और खिलाड़ी जांच के दायरे में हैं। इस घटनाक्रम ने भारतीय खेलों की साख पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।

### वुशू खिलाड़ियों के सैंपल में भी कई प्रतिबंधित दवाएं

डोपिंग मामलों में महज बास्केटबॉल ही नहीं, वुशू खिलाड़ी भी शामिल हैं। नीरज जोशी और राहुल तोमर, जिनके प्रदर्शन ने दर्शकों को प्रभावित किया था, उनके सैंपल में भी कई प्रतिबंधित दवाएं पाई गई हैं। ये दोनों खिलाड़ी अलग-अलग राज्यों से हैं और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी छवि बना चुके हैं।

### खंडवा में आयोजित पंच-सरपंच सम्मेलन में बोले पंचायत मंत्री

# ईमानदारी से काम होता तो हर नदी नाले में होता पानी

**जागरण, खंडवा।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने सोमवार को एक बार फिर कहा कि मेरे पास नाली, सीसी रोड, बाउंड्री वॉल और स्टाप डैम का पैसा मांगने मत आना। इस राज्य में इतने स्टाप डैम बने हैं कि प्रत्येक नदी नाले के 50 मीटर पर स्टाप डैम बन जाना था। अगर ईमानदारी से काम हुआ होता तो आज कोई नदी नाले खाली नहीं होते, सभी में पानी होता। ये साफ है कि जो भ्रष्टाचार करेगा, उस पर कार्रवाई भी सख्ती से होगी। वे खंडवा के किशोर कुमार भवन में आयोजित पंच-सरपंच सम्मेलन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।



नाली, रोड, स्टॉप डैम के लिए पैसे मांगने मत आना: पटेल

### पंचायतों में फंड की समस्या नहीं

मंत्री पटेल ने कहा कि अब ग्राम पंचायतों को फंड की कोई समस्या नहीं है। मुख्यमंत्री और उनकी कैबिनेट का फोकस ग्राम पंचायतों पर है। इसलिए इस बार पंचायतों का बजट बढ़ा दिया गया है। महात्मा गांधी ने ग्राम पंचायतों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाकर पंच परमेश्वर की कल्पना की थी। पंचायत राज अधिनियम में कर्तव्यों के स्थान पर ग्राम पंचायतों के अधिकारों को बल दिया है। मंत्री ने कहा कि जल गंगा अभियान मध्य प्रदेश में तीन महीनों तक चलेगा। नदियों और नालों को बचाने के लिए सरकार ने यह काम अपने हाथ में लिया है, लेकिन समाज का सहयोग बहुत जरूरी है। इसलिए इस काम को सब मिलकर करें।

गौरतलब है कि मऊगंज जिले में एक कार्यक्रम में भी मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा था कि 'आप मेरे पास सीसी रोड, बाउंड्रीवाल, नाली के लिए कभी मत आना मैं बिल्कुल नहीं दूंगा। जब तक ये पंचायत भवनों का काम पूरा नहीं हो जाता।' मंत्री ने कहा था कि 'आपके पास जो मद है उससे ये काम करिए। मुझे लगता है आपके पास अब कोई दुविधा नहीं होगी।'

## झाबुआ कलेक्टर नेहा को एक्सीलेंस अवॉर्ड

**भोपाल, जेएनएन।** झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना को पीएम मोदी ने सिविल सर्विस डे पर एक्सीलेंस अवॉर्ड से नवाजा है। आईएएस नेहा को यह अवॉर्ड नवाचारों के लिए मिला है। देश के 710 कलेक्टर्स में महज 16 को इसके लिए चुना गया है, जिसमें एक नेहा मीना हैं। नेहा मीना को पहले भी राष्ट्रपति के हाथों अवॉर्ड मिल चुका है। आदिवासी बाहुल्य झाबुआ की कलेक्टर नेहा ने कहा कि जिले के लिए यह उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि झाबुआ में आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत चिह्नित सामाजिक, आर्थिक, स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी ढांचे में सुधार को लेकर कार्य किया है।



# सिंहस्थ में क्षिप्रा पर जलमार्ग से आ-जा सकेंगे श्रद्धालु

### सीएम की घोषणा: सिंहस्थ 2028 से पहले बनाए जाएंगे 29 किमी में नए घाट

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** सिंहस्थ 2028 से पहले क्षिप्रा नदी में 29 किमी में नए घाट बनाए जाएंगे। इनके बीच जल मार्ग भी बनाया जाएगा, जिससे श्रद्धालु नौकायन से पवित्र स्थलों तक की यात्रा कर सकेंगे। सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने यह बात उज्जैन में क्षिप्रा नदी की सफाई के बाद कही।

जल गंगा सवंर्धन अभियान के तहत उज्जैन पहुंचे सीएम ने कहा कि क्षिप्रा के किनारे पंचकोशी परिक्रमा की पुरानी परम्परा है। हर साल हजारों लोग इस परिक्रमा के बाद स्नान करते हैं। उन्होंने कहा कि क्षिप्रा नदी पर पहले 6 किमी तक घाट बने हुए थे। अब सिद्धनाथ से त्रिवेणी तक 29 किमी में घाट बनाए जाएंगे। इससे सिंहस्थ में आने वाले श्रद्धालुओं को 35 किमी के घाट उपलब्ध होंगे। कुंभ में हर घाट रामघाट होगा। श्रद्धालु कहीं भी स्नान करेंगे तो उन्हें उतना ही पुण्य मिलेगा। सीएम ने कहा कि इस बार कुंभ में हम क्षिप्रा में जल मार्ग बनाने जा रहे है। जिससे शनि मंदिर से रामघाट, गऊघाट से लालपुर, मंगलनाथ से रामघाट तक नौकायन से लोग आ-जा सकेंगे।



### क्षिप्रा की सफाई कर किया स्नान

सीएम ने सोमवार को सुबह क्षिप्रा नदी की सफाई की,फिर उन्होंने क्षिप्रा में डूबकी लगाकर स्नान किया। स्वच्छता कर्मियों और पंचकोशी यात्रियों का स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि उज्जैन में क्षिप्रा को प्रवहमान बनाने के लिए सिलारखेड़ी सेवरखेड़ी जलाशय योजना, क्षिप्रा की स्वच्छता बनाए रखने के लिए खान डायवर्सन नदी परियोजना भी चल रही है। इसका 50 प्रतिशत काम लगभग पूरा हो चुका है, आने वाले 2 साल में क्षिप्रा कल-कल होकर बहेगी, इसी संकल्प से हम आगे बढ़ रहे हैं।

### कोर्ट की टिप्पणी | कोविड वैक्सीन से दिव्यांगता का दावा करने वाले व्यक्ति को सुप्रीम कोर्ट ने दी सलाह

# दीवानी मुकदमा करें, वरना याचिका 10 साल तक लटकी रहेगी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** कोविड-19 की पहली वैक्सीन डोज के बाद 100 प्रतिशत निचले अंगों की दिव्यांगता का दावा करने वाले एक व्यक्ति को सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सलाह दी कि वह केंद्र सरकार और वैक्सीन निर्माता कंपनी सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के खिलाफ 'दीवानी मुकदमा' दायर करें, क्योंकि उसकी याचिका अगर सर्वोच्च अदालत में लंबित रहती है, तो उसमें वर्षों लग सकते हैं और उसे कोई राहत समय पर नहीं मिल पाएगी।

न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। याचिकाकर्ता के वकील ने अदालत को बताया कि उनके मुवक्किल ने कोविड वैक्सीन की पहली डोज लेने के बाद गंभीर प्रतिकूल प्रभावों का सामना किया, जिसके चलते वह 100 प्रतिशत निचले अंगों से दिव्यांग हो गए हैं।



सुनवाई के दौरान पीठ ने दो टूक शब्दों में कहा, 'अगर आप इस याचिका को यहीं लंबित रखेंगे, तो इसमें अगले दस सालों तक कुछ नहीं होगा। कम से कम अगर आप दीवानी मुकदमा दायर करेंगे, तो एक या दो साल में आपको कुछ राहत मिलने की संभावना होगी।' न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि 'इस तरह के मामलों में रिट याचिका नहीं, बल्कि सिविल सूट उचित रास्ता है।' कोर्ट ने यह भी सुझाव दिया कि यदि याचिकाकर्ता चाहे तो उनकी याचिका को उन दो अन्य याचिकाओं के साथ जोड़ दिया जाएगा, जो पहले से ही इसी विषय पर सुप्रीम कोर्ट में लंबित हैं और जिनमें कोर्ट ने नोटिस जारी कर रखे हैं।

### याचिका में यह थी मांग

- केंद्र सरकार और सीरम इंस्टीट्यूट को निर्देश दिया जाए कि वह याचिकाकर्ता को दिव्यांग व्यक्ति के रूप में सम्मानपूर्वक जीवन जीने के लिए आवश्यक सहायता उपलब्ध कराएं।
- याचिकाकर्ता के इलाज से संबंधित सभी चिकित्सा खर्चों की प्रतिपूर्ति की जाए।
- भविष्य में उसकी दिव्यांगता के कारण होने वाले खर्चों की जिम्मेदारी सरकार और कंपनी पर डाली जाए।
- अगर उसकी स्थिति लाइलाज पाई जाए, तो उसे उचित 'मुआवजा' प्रदान किया जाए।

### वकील का तर्क

याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने तर्क दिया कि टीकाकरण के बाद गंभीर दुष्प्रभावों की स्थितियों से निपटने के लिए अब तक कोई प्रभावी सरकारी प्रणाली नहीं बनाई गई है। उन्होंने कोर्ट से अनुरोध किया कि इस विषय पर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं, ताकि भविष्य में इस प्रकार के मामलों के समाधान में देर न हो।

### अगली सुनवाई एक सप्ताह बाद

वकील ने पीठ से अनुरोध किया कि उन्हें अपने मुवक्किल से परामर्श करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया जाए। कोर्ट ने यह समय देते हुए मामले की अगली सुनवाई एक सप्ताह बाद तय कर दी है। हालांकि साफ किया है कि शीर्ष अदालत में इस तरह के मामलों में वक्त लगेगा, तुरंत कार्रवाई के लिए दीवानी मुकदमा करें।

### कोर्ट ने क्यों किया याचिका लंबित रखने से मना?

न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि जब किसी व्यक्ति को सीधा नुकसान हुआ हो और उसकी भरपाई की मांग की जा रही हो, तो रिट याचिका के बजाय दीवानी न्यायालय में क्षतिपूर्ति का दावा अधिक उपयुक्त और प्रभावी रास्ता होता है। उन्होंने कहा, 'रिट याचिका संवैधानिक सिद्धांतों पर आधारित होती है, लेकिन जब व्यक्तिगत क्षति की बात आती है, तो उसका न्यायिक समाधान दीवानी अदालत ही दे सकती है।'

## राहुल ने अमेरिका में ईसी को बताया 'बिका हुआ'

**नई दिल्ली, जेएनएन।** राहुल गांधी ने बोस्टन में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी के आरोप लगाए। उन्होंने चुनाव आयोग पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि 'ईसी बिक चुका है।' वहीं भाजपा ने राहुल गांधी की टिप्पणी को 'देशद्रोह' करार दिया और उन्हें भारत की लोकतांत्रिक संस्थाओं को बदनाम करने वाला बताया। राहुल गांधी ने अपने भाषण में कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मतदान प्रक्रिया में कई गड़बड़ियां हुई हैं। उन्होंने दावा किया कि शाम 5.30 बजे के बाद से लेकर 7.30 बजे तक करीब '65 लाख वोट डाले गए', जोकि तकनीकी रूप से असंभव है। उनका कहना था कि एक मतदाता को औसतन वोट डालने में तीन मिनट लगते हैं, और इतने वोट डलते, तो मतदान केंद्रों पर रात 2 बजे तक भी लाइन लगी होती, कांग्रेस ने चुनाव आयोग से मतदान की वीडियोग्राफी की मांग की, तो आयोग ने मना कर दिया। ■ शेष पृष्ठ 7 पर

# जल चौपाल में ग्रामीणों ने जल बचाने और बढ़ाने का लिया संकल्प



**जागरण, सतना।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस के मार्गदर्शन में विकासखंड रामपुर बघेलान के ग्राम मोहनिया में जल चौपाल और श्रमदान कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर जिला समन्वयक डॉ. राजेश तिवारी और विकासखंड समन्वयक ममता सिंह की उपस्थिति में नवांकुर समिति एनपी पाण्डेय एजुकेशन सोसाइटी के समन्वय में जल चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों के साथ गांव में बढ़ रहे जल संकट के विषय में चर्चा की गई। चौपाल में उपस्थित 65 वर्षीय सतायिन कोल ने बताया कि 10 वर्ष पहले जो पानी 200 फिट पर था आज वह 550 फिट पर पहुंच गया है जिसका असर खेती के साथ साथ जन जीवन पर भी होने लगा है। जल चौपाल में उपस्थित विकासखंड समन्वयक ममता सिंह ने कहा कि गांव के जल स्रोत गांव की खुशहाली और समृद्धि का सहारा होते है। इसके बिना जीवन की कल्पना ही नहीं हो सकती। समय रहते हम सभी को जल स्रोतों को संरक्षित करने के लिए सामुदायिक प्रयास करना चाहिए।

जिला समन्वयक डॉ. राजेश तिवारी ने जल चौपाल में संवाद करते हुए कहा कि जल हमारे सांस्कृतिक संस्कारों में अमृत तुल्य माना गया है। बरहौ में आचमन से लेकर मृत्यु संस्कार में तर्पण तक जल की जरूरत होती है। वर्तमान समय में जल श्रोतों के प्रति समाज की उपेक्षा और असंवेदन शीलता के कारण गांव-गांव में जल संकट हो गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस संकट को समझा और जन-जन को इस विषय से जोड़ने के लिए 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत लोगों से इस अभियान से जुड़कर प्रशासन के साथ समाज की शक्ति द्वारा अपने आस पास के जल स्रोतों के संरक्षण संवर्धन और सुरक्षा का आह्वान किया है।

# सेज समूह निरंतर अपने प्रयासों से छात्रों का समग्र विकास करता आया है : योगेश ताम्रकार



**जागरण, सतना।** मध्य भारत के अग्रणी शिक्षण संस्थान सेज ग्रुप सेज यूनिवर्सिटी भोपालध्इंदौर एवम सागर कालेज पते जो शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर नैक ए प्लस , एनबीए मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित नाम है अपने नवाचार इनोवेशन व एडवांस टीचिंग एवं लर्निंग पद्धति के कारण सेज ग्रुप के एजुकेशनल इंस्टीट्यूट स्टूडेंट व अभिभावकों की पहली पसंद में आते हैंद्य इसी श्रंखला में सेज ग्रुप व सागर कालेज द्वारा सतना में सेज शिक्षा आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेज ग्रुप की टीम इसे पूरे प्रदेश में एक अभियान के रूप में चला रही है। इसी उपलक्ष्य में मध्य प्रदेश के सतना शहर के होटल श्री साइन में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सतना शहर के प्रतिष्ठित शिक्षकों ने हिस्सा लिया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में सतना के महापौर योगेश ताम्रकार उपस्थित रहे उन्होंने सेज समूह के इस अभियान को सराहनीय कदम बताया साथ ही इसी क्रम मे सतना जिले के उतकृष्ठ शिक्षकों को मुख्य अतिथि के द्वारा सम्मानित किया गया कार्यक्रम में 180 से अधिक प्राचार्यो शिक्षकों एवं कोचिंग संचालकों ने भाग लिया मुख्य अतिथि ने सेज समूह की शिक्षा प्रणाली की सराहना की एव बताया सेज समूह निरंतर अपने प्रयासों से छात्रों का समग्र विकास करता आया है। कार्यक्रम में सेज समुह से डायरेक्टर जनरल डॉ सर्वेश शुक्ला ने शिक्षकों को सम्मानित किया एव उन्होंने बताया कि सेज समुह के संस्थापक इंजीनियर संजीव अग्रवाल के मार्गदर्शन में विगत 40 बर्षों से अपने विभिन्न माध्यमों के द्वारा समाज की सेवा करते आ रहे हैं जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में अभी तक 60 हजार से अधिक छात्र.छात्रों को शिक्षित कर चुके हैं साथ ही वर्तमान में 35 हजार से आधिक छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे है कार्यक्रम में सेज ग्रुप से प्रोफेसर आशीष पाण्डेय , प्रोफेसर आलोक बघेल , सुरेन्द्र मिश्रा ,पूर्ण चंद कुशवाहा , आशुतोष पांडेय उपस्थित रहे।

# कोठी के एम एकेडमी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा



**जागरण, सतना।** झाली सिंहपुर रोड पर स्थित कोठी के एम एकेडमी स्कूल के डायरेक्टर विवेक धतुरहा एवं रामानंद धतुरहा के तत्वाधान में कथा व्यास श्री वृंदावन धाम से आए हुए आचार्य श्री विपिन जी महाराज के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा की धूम मची है इस संगीत में कथा का आयोजन पिछले 18 अप्रैल से चल रहा है जो की 24 अप्रैल को सुदामा चरित्र की कथा के साथ विश्राम होगा एवं 25 अप्रैल को कथा स्थल पर भंडारे प्रसाद का वितरण किया जाएगा आज कथा के चतुर्थ दिवस सायं बेला की कथा में व्यास श्री ने प्रहलाद चरित्र के चारों वर्णों का निरूपण किया गजराज की कथा समुद्र मंथन बामन भगवान का प्रकट की कथा श्रद्धा देव की कथाए राजा अंबरीष की कथाए राम का जन्म एपरशुराम राजस्विनी एवं गंगा ष् कथा सहित भगवान श्री कृष्ण जन्म महोत्सव की कथा का प्रसंग बताया जिसको उपस्थित श्रोताजनो ने भाव विभोर होकर श्रवण किया एआयोजक मंडल ने अधिक से अधिक भगवत प्रेमी भक्तजनों से आग्रह किया है की कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करें अपनी परम अद्भुत अलौकिक संगीतमय वाणी से कथा व्यास पंडित विपिन महाराज कथा का श्रवण कराकर लोगों को परम आनंद की प्राप्ति दे रहे हैं उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा जीवन में मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करती है इसका एकाग्रभाव के साथ श्रवण करना चाहिए जिससे सभी पापों से मुक्ति मिलती है इस दौरान कथा श्रवण करने में सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष बच्चे बुजुर्ग सभी मौजूद रहे।

# टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के सरपंच सम्मानित



**जागरण, सतना।** सतना जिले की टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के सरपंचों को कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस एवं सीईओ जिला पंचायत संजना जैन द्वारा सोमवार को कलेक्टर चेम्बर में प्रतीक स्वरूप राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा एवं प्रमाण पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वाले सरपंचों में सोहावल ब्लाक में ग्राम पंचायत करसरा की सरपंच जमुना पाल, ग्राम पंचायत नैना हाउस की रानी वर्मा, ग्राम पंचायत कुसियरा की सावित्री सिंह, नागौद ब्लाक के ग्राम पंचायत मझगवां के सत्येन्द्र दहायत, कोनी ग्राम पंचायत के बद्री प्रसाद कुशवाहा, उचेहरा ब्लाक के ग्राम पंचायत धनेह की सरपंच इन्द्रकली कुशवाहा शामिल है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एल. के. तिवारी, सिविल सर्जन डॉ. मनोज शुक्ला, जिला क्षय अधिकारी डॉ. पूजा गुप्ता, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के डी.पी.सी. शैलेन्द्र सिंह, एस.टी.एल.एस. जय कुमार गर्ग एवं अभिलाष ताम्रकार उपस्थित रहे।


# सीटू ने श्रमायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**सतना।** सेंटर ऑफइंडियन ट्रेड यूनियंस सीटू सतना जिला समिति ने श्रम आयुक्त मध्यप्रदेश सरकार के नाम जनवरी 2025 में अधिसूचित तीन नए नियोजनों में न्यूनतम वेतन पुनरीक्षण नवंबर 2019 के आधार पर अक्टूबर 2024 तक लागू किया जाने को लेकर सहायक श्रमायुक्त कार्यालय सतना को सीटू जिला संयोजक वीरेंद्र सिंह रावल के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा सेंटर ऑफइंडियन ट्रेड यूनियंस सीटू ने मांग की है कि लाखों श्रमिकों और कर्मियों के हितों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर श्रम विभाग से त्वरित कार्रवाई की मांग करती है। इस संबंध में निम्नलिखित बिंदुओं पर ध्यान आकर्षित किया जाता हैरूएरियर्स के भुगतान में देरी की स्थिति में शिकायत दर्ज करने हेतु प्रभावी तंत्र स्थापित किया जाए। इसके लिए श्रम विभाग के मैदानी अमले हेतु विशेष परिपत्र जारी होए जिसकी प्रति सभी केंद्रीय श्रमिक संगठनों को उपलब्ध कराई जाए। जनवरी 2025 में अधिसूचित तीन नए नियोजनों में न्यूनतम वेतन पुनरीक्षण नवंबर 2019 के आधार परए अक्टूबर 2024 तकद्ध लागू किया जाए। टेक्सटाइल सहित पुराने अधिसूचित नियोजनों में भी विधिसम्मत भुगतान सुनिश्चित करने हेतु तत्काल कदम उठाए जाएं।नवंबर 2019 से मार्च 2024 तक के एरियर्स भुगतान के लिए तुरंत प्रक्रिया शुरू की जाए क्योंकि यह न्यूनतम वेतन पुनरीक्षण नवंबर 2019 से देय था।अक्टूबर 2024 में पूर्व पुनरीक्षण की पांच वर्ष की अवधि पूर्ण हो चुकी है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान की शपथ के साथ डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती कार्यशाला सम्पन्न

**जागरण, सतना।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड मझगवां में आयोजित डॉ भीमराव अंबेडकर जन्म जयंती व्याख्यान माला के अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य संजय सिंह के साथ जिला समन्वयक डॉ. राजेश तिवारी एवं अन्य विशिष्ट गण मंचासीन रहे। आयोजित व्याख्यान माला में संजय सिंह द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर के व्यक्तित्व और कृतित्व के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि बाबा साहब का जीवन संघर्षों से भरा रहा है। इसके बावजूद उन्होंने सत्य और न्याय का रास्ता चुना। प्रत्येक वंचित वर्ग की आवाज बनकर उन्होंने दलितों, पिछड़ों एवं महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा की और उन्हें सशक्त करने के लिए मजबूत संवैधानिक अधिकार दिलाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला समन्वयक डॉ. राजेश तिवारी द्वारा बताया गया डॉ. भीमराव अंबेडकर एक विलक्षण महामानव थे। उन्होंने वर्तमान समाज के सभी वर्गों महिला, पुरुष, वंचित वर्ग आदिवासी वर्ग को न्याय और समानता के साथ उत्कर्ष का रास्ता दिखाया। अधिकार संविधान के माध्यम से हम सभी को प्राप्त है। जिनकी बदौलत हम आज सुरक्षा, समानता के साथ अभिव्यक्ति की आजादी जैसा बहुमूल्य अधिकार लेकर स्वतंत्रता के साथ जीवन यापन कर रहे है। यह दिन हम सभी को प्रेरणा दिलाता है अपने कर्तव्यों और अधिकारों के प्रति स्मरण करता है कि बाबा साहब के प्रति कृतज्ञता और सम्मान के प्रति जिनकी कड़ी मेहनत से हमे संविधान जैसा बहुमूल्य उपहार मिला।

# जगतगुरु शंकराचार्य का नगर आगमन पर भव्य स्वागत



**जागरण, सतना।** ज्योतिष पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के नगर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। स्वामी जी सतना मास्टर प्लान स्थित पूर्व सीएसपी बीडी पांडे श्रीमती रेनू पांडे के निज निवास पर पहुंचे जहां पर उनका आत्मीय स्वागत किया गया। बीडी पांडे ने सपरिवार चरण पादुका का विधिवत पूजन कर स्वामी से आर्शीवाद प्राप्त किया। यहां शंकराचार्य ने श्रद्धालुओं को संबोधित कर आशीर्वचन दिए। इससे पूर्व शिवपुरवा ग्राम में गौशाला के लिए ब्रजेन्द्र प्रसाद द्विवेदी द्वारा दान की गई पांच एकड़ जमीन का सर्वेक्षण कर उसको रामा गोधाम के लिए घोषित किया। सतना प्रवास के दूसरे दिन सतना जिले के धर्म संसद बृजेंद्र प्रसाद द्विवेदी श्रीमती प्रभात द्विवेदी के द्वारा स्वामी के चरण पादुका का पूजन पूरे विश्व विधान से किया गया। जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने पत्रकारों के सवाल पर कहा कि हिंदु राष्ट्र बने कौन मना करता है भारत सदा से हिंदु राष्ट्र ही है भले ही यहां कई लोग शासन करके चले गए। लेकिन इस देश की जनता है वहीं राष्ट्र है और वो कभी हिंदू से इतर नहीं रही है। जब हम हिंदु यहां बहुमत में हे तो हिंदू राष्ट्र है। जहां बहुमत हिंदू का है तो राष्ट्र हिंदुओं का ही है पर संवैधानिक तौर पर हिंदू राष्ट्र घोषित करने की जो बात कही जाती है यदि वो सच है तो स्वागत करते हैं पर वो छलवा है। हिंदू जनता को हिंदू राष्ट्र की बात कह छल रहे। हिंदू राष्ट्र की बात कही जाती है हिंदुओं का वोट लिया जाता है और सत्ता में आने के बाद वो भूल जाते हैं। यही हाल गाय की हत्या करने का है सरकार ने कहा था कि बंद करा देंगे पर गौहत्या कहां बंद हुई।

# विट्स में दाना आनंद ग्रुप का कैम्पस आयोजित



**जागरण, सतना।** विट्स महाविद्यालय में प्लेसमेंट का षिलषिला निरंतर जारी है। इसी कडी में, डिप्लोमा मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल के छात्रों हेतु दाना आनंद ग्रुप का ओपन कैम्पस आयोजित किया गया जिसमें विट्स कालेज सतना के साथ-साथ षासकीय पोलीटेक्निक कालेज सतना, शासकीय पोलीटेक्निक कालेज पवई, षासकीय पोलीटेक्निक कालेज कटनी, शासकीय पोलीटेक्निक कालेज भोपाल, शासकीय पोलीटेक्निक कालेज ग्वालियर के छात्रों ने भाग लिया। ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट हेड प्रमोद पांण्डेय ने बताया कि दाना आनंद ग्रुप निरंतर पिछले तीन वर्षो से विट्स कालेज में छात्रों हेतु कैम्पस आयोजित करती आ रही है। सर्वप्रथम प्री-प्लेसमेंट टॉक के माध्यम से कम्पनी के एचआर संगीता ने छात्रों को कम्पनी की कार्यप्रणाली से अवगत कराया। कैम्पस प्लेसमेंट की प्रक्रिया दो चरणों में आयोजित हुई जिसमें छात्रों को लिखित परीक्षा एवं साक्षातकार किया गया। जिसमें 123 छात्रों ने भाग लिया। सभी चरणों में उत्कृष्ट प्रदर्षन करने वाले 34 छात्रों को चयनित किया गया। कैम्पस प्लेसमेंट के सफ्ल आयोजन में ट्रेनिंग प्लेसमेंट के ट्रेनर प्रो0 शुभम मिश्रा एवं प्रो0 विभूती सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# उपार्जन में लापरवाही करने वाली समितियों पर होगी कार्यवाही : राज्यमंत्री



**जागरण, सतना।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी की अध्यक्षता में रबी उपार्जन वर्ष 2025-26 की समीक्षा बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। समीक्षा बैठक में अब तक गेहूं के उपार्जन परिवहन, भण्डारण तथा भुगतान की विस्तृत समीक्षा करते हुए राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने कहा कि उपार्जन कार्य में लापरवाही करने वाली समितियों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि बिना किसी असुविधा के खरीदी केन्द्रों में किसानों के गेहूं की खरीदी की जायें। साथ ही केन्द्रों में किसानों के लिए छाया, पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधायें एवं व्यवस्थायें समुचित रूप से की जाये। इस मौके पर सांसद सतना गणेश सिंह, विधायक रामपुर बघेलान विक्रम सिंह, नागौद नागेन्द्र सिंह, कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस, अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे, सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, प्रभारी जिला खाद्य अधिकारी एलआर जांगडे, नागरिक आपूर्ति सहकारिता मध्यप्रदेश बेयर हाउसिंग, जीएम सीसी, डीआर सीएस तथा जेएसओ उपस्थित रहे।

# शरद सोनी ने क्षेत्र का रोशन किया नाम

**सतना।** बिरसिंहपुर नगर में स्थित कैरियर गाइड वर्ल्ड हायर सेकंडरी स्कूल के शरद सोनी ने जेईई मेंस में 96 प्रतिशत लाकर पूरे क्षेत्र में अपना परचम लहराया है हमें यह बताते हुए अत्यधिक प्रसन्नता हो रही है कि यह भारत का एक बहुत कठिन परीक्षाओ में से एक है ए आपको बता दे शरद सोनी बिरसिंहपुर के मेन बस स्टैंड का निवासी है शरद ने अपनी पढ़ाई कैरियर गाइड वर्ल्ड हायर सेकंडरी स्कूल में पूरी की थी शरद सोनी बिरसिंहपुर नगर में रहकर अध्ययन करके यह एक बड़ा मुकाम हासिल किया है। शरद सोनी का अगला पड़ाव जेईई एडवांस है उसके बाद शरद आईआईटी में दाखिला मिल जाएगा । वह इस स्कूल में कैरियर गाइड की स्कॉलरशिप प्रोग्राम के तहत अध्ययनरत थे शरद सोनी कैरियर गाइड से दसवीं की परीक्षा में भी 96 प्रतिशत लाकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया था । विद्यालय परिवार ने शरद सोनी को अग्रिम बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है ।

# कलात्मक सृजनात्मकता से व्यक्तित्व को दिया आयाम



**जागरण, सतना।** केडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल करही में विगत दिवस शनिवार गतिविधि कार्यक्रम में कक्षा एक से बारह तक के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न क्रियाकलापों एवं स्व कार्यविधि का रचनात्मक कार्यक्रम हुआ । नन्हे मुन्हें बच्चों द्वारा फैंसी ड्रेस में खाद्य पदार्थों एवं पोषण से जुड़ी पोशाक पहनकर प्रस्तुति दी गई । कार्यक्रम की श्रृंखला में छात्रों ने पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में कोलाज , ग्रीन प्लेनेट , इको फ्रेंडली वर्ल्ड , प्राकृतिक सुंदरता जैसे विषयों की प्रदर्शनी का आयोजन कर भू अलंकरण कार्यक्रम कर सभी को सकारात्मक विचारों से अवगत कराया । साहित्यिक गतिविधियों में भाषण निबंध लेखन एवं बाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें निर्णायक मंडल में श्रीमती वसुंधरा सिंह कम्युनिकेशन स्किल विशेषज्ञ राशि मोंगिया कम्युनिकेशन स्किल विशेषज्ञ डॉ दीपशिखा अग्निहोत्री डॉ अमित अग्निहोत्री दंत एवं फेशियल सर्जरी विशेषज्ञ रहे । इस सफ्लड्ड कार्यक्रम के लिए चेयरमैन शम्मी पुरी डायरेक्टर शाश्वत पुरी डायरेक्टर सनातन अग्रवाल प्राचार्या डॉ हिमानी सिंह उप प्राचार्य संजीव सिंह सेंगर ने विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं प्रेषित की ।

# अंबेडकर जयंती पर व्याख्यान माला का हुआ आयोजन

**सतना।** अंबेडकर जयंती के अवसर पर रामपुर बघेलान के सी एम राइस विद्यालय में व्याख्यान माला का आयोजन किया गया ।जिसमे कार्यक्रम का संचालन नानाजी देशमुख ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष गंगा तिवारी ने किया वहीं मुख्य अतिथि श्रीप्रकाश पांडेय रहे एव विशिष्ट अतिथि संजय मिश्रा मंडल अध्यक्ष जय नारायण पांडेय ब्लॉक समन्वयक श्रीमती ममता सिंह मृदुता चतुर्वेदी नावाकुर संस्था मां शिवा सेवा समिति जमुना से अरुण कुमार पांडेय ग्राम विकास पशुपालन समिति तुर्की के अध्यक्ष संदीप गुप्ता सचिव श्रीमती रामकली गुप्ता नरेंद्र पांडेय के आतिथ्य में डॉक्टर अंबेडकर जी के जीवन में प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहब के बारे में जितना भी कहा जाए उतना कम है उनके लिए एक दिन की व्याख्यान माला पर्याप्त नहीं है बल्कि वह अपने आप में इतना विस्तृत किरदार हैं कि आगे आने वाली पीढ़ी भी उनसे प्रेरणा लेती रहेगी। प्रभात मिश्रा पुष्पराज कुशवाहा परामर्शदाता चेतन द्विवेदी पूनम सिंह शिखा सिंह सरदार चौधरी सिंह जया शुक्ला अंकुर विश्वकर्मा उपस्थित रहे तथा सीएम सी एल डीपी के छात्र.छात्राएं उपस्थिति रहे।तथा छात्र.छात्राओं ने बढ़.चढ़कर भाग लिया और अपने अपने विचार रखें ।

# रेलवे ट्रैक के किनारे मिला अज्ञात का शव

## नहीं हो पा रही मृतक की शिनाख्त



**जागरण, सतना।** रामपुर बाघेलान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत तुर्की में सुखेंद्र सिंह की बगिया के पास रेलवे ट्रैक के किनारे 30 से 35 वर्ष के बीच के व्यक्ति का शव पड़े रहने की बात रामपुर बघेलान थाने पहुंची जिस पर रामपुर बघेलान थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर अज्ञात मृतक को रामपुर बघेलान लाकर पीएम कराया मगर 20 अप्रैल 2025 को मिले अज्ञात शव की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है जिस पर रामपुर बघेलान थाना प्रभारी संदीप चतुर्वेदी ने बताया कि मृतक 30 से 35 साल की उम्र के बीच का है जिसने गुलाबी और काले रंग की फुल टी.शर्ट और कत्थई रंग का लोवर पहना हुआ है जिससे प्रथम दृष्टया लगता है कि वह ट्रेन से नीचे गिर गया और चोट लगने से उसकी मौत हो गई वहीं थाना प्रभारी ने मृतक की शिनाख्त न होने की स्थिति में कहा है कि अगर कोई भी व्यक्ति मृतक या उसके परिजनों के विषय मे जानकारी हो तो उनके स्वयं के मोबाइल नंबर 6263004186 या पुलिस कंट्रोल रूम सतना 7049101049 पर सूचना दे सकते हैं।

# पत्नी के देरी से आने को लेकर हुआ विवाद, पति ने कर दी हत्या

## लाश को कमरे में बांधकर बाहर से बंद कर दिया था ताला

**जागरण,रीवा।** एक दिन पूर्व हुई नाबालिग पत्नी की हत्या का पुलिस ने महज 24 घंटे के अंदर पर्दाफाश कर दिया। पुलिस ने नाबालिग पत्नी की हत्या के आरोप में उसके पति को गिरफ्तार किया है, जिसने दुपट्टे से गला घोंट कर हत्या करना स्वीकार किया। पुलिस के खुलासे में हैरानी की बात तो यह है कि जिस आरोपी युवक ने नाबालिग पत्नी से प्रेम विवाह रचाया था, वह शादी के चंद महीन बाद से ही उसके चरित्र पर संदेह करने लगा और पत्नी के लेट घर आने पर उसने इस पूरी घटना को अंजाम दे डाला। दरअसल नाबालिग पत्नी की हुई हत्या का खुलासा रविवार को नगर पुलिस अधीक्षक शिवाली चतुर्वेदी ने किया है। बताया गया कि एक दिन पूर्व बिछिया थाना क्षेत्र स्थित कुठुलिया में किराए के मकान में रहने वाले सैफ खान के कमरे से दुर्गंध आने की सूचना पुलिस को दी गई थी। बिछिया पुलिस जब मौके पर पहुंची तो कमरे का ताला बाहर से बंद था और अंदर से दुर्गंध आ रही थी। पुलिस ने तुरंत मौके पर एफएसएल और फिंगर एक्सपर्ट की टीम को बुलाया, जहां ताले को तोड़कर पाया गया ।

# राज्यमंत्री ने सुनी आमजनों की समस्यायें



**जागरण, सतना।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने सोमवार को विधानसभा क्षेत्र कार्यालय में आयोजित जनता दरबार में जिले की आम जनता एवं अन्य गणमान्य नागरिक द्वारा प्रस्तुत की गई समस्याओं से रूबरू हुई। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी द्वारा समस्याओं का निराकरण विभिन्न विभाग से आये अधिकारियों द्वारा कराया गया और जिन समस्याओं का निराकरण शासन स्तर पर किया जाना है उसके लिये प्रतिवेदन तैयार करने के निर्देश दिये गए।

# पुलिस अधीक्षक के रात्रि गस्त का दिख रहा असर



जागरण पुलिस

## जिले के सभी थाना प्रभारी व चौकी प्रभारी रहने लगे हैं चौकन्ने

### रात्रि में औचक निरीक्षण करते रहते हैं पुलिस अधीक्षक



जागरण, सीधी

पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रवीन्द्र वर्मा के रात्रि गस्त का असर जिले भर में दिखने लगा है। डॉ. वर्मा देर रात किसी भी थाना या चौकी में पहुंचकर वहां का औचक निरीक्षण करते हैं। लिहाजा पुलिस अधीक्षक के देर रात औचक निरीक्षण में निकलने के कारण सभी थाना प्रभारी व चौकी प्रभारी भी चौकन्ने हो चुके हैं। पुलिस अधीक्षक देर रात बिना सूचना के किसी थाना में पहुंचते हैं और वहां मौजूद स्टाफ के संबंध में पूरी जानकारी लेते हैं। इस दौरान यह भी जानते हैं कि किस पुलिस कर्मी की रात में कहां ड्यूटी लगी हुई है। इसके अलावा रात में ही थानों का रिकार्ड भी चेक करने के बाद वहां मौजूद सामग्रियों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेते हैं। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना परिसर सहित मालखाने, रिकार्ड रूम, ड्यूटी रजिस्टर, जरायम रजिस्टर, माइक्रोबीट रजिस्टर, सीसीटीव्ही कैमरा, थानों में चस्पा माइक्रोबीट फ्लैक्स, व्हीसीएनवी को चेक कर अपनी टीप अंकित करते हैं। बंदीगृह, कम्प्यूटर कक्ष, शस्त्रागार एवं थाने पर रखे बलबा ड्रिल सामग्री जैसे बॉडीगाड, हेलमेट, जाली, लाठी आदि को भी चेक करते हैं। निरीक्षण के दौरान ड्यूटी पर उपस्थित पुलिस कर्मियों से चर्चा कर उनके द्वारा संधारित माइक्रोबीट रजिस्टर को चेक कर अद्यतन रखने के निर्देश देते हैं। विवेचकों से ई-साक्ष्य एवं ई-रक्षक ऐप का अधिकाधिक उपयोग हेतु निर्देशित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक द्वारा रात्रि गस्त में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को चेक कर प्रभावित गस्त करने हेतु निर्देशित किया जा रहा है। इसके साथ ही निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को दूर करने हेतु संबंधित थाना प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए जा रहे हैं। इसी प्रकार पुलिस अधीक्षक डॉ. रवीन्द्र वर्मा के नेतृत्व में जिले के अन्य वरिष्ठ राजपत्रित अधिकारियों द्वारा भी रात्रि में औचक निरीक्षण किया जा रहा है। जिनमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्रीमती गायत्री तिवारी के साथ ही सभी एसडीओपी भी अपने क्षेत्रों में थाना एवं चौकियों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं। सीधी जिले में पुलिस विभाग के बड़े अधिकारियों को रात में स्वयं औचक निरीक्षण करने के कारण जो पुलिस कर्मी पूर्व में गस्त के नाम पर ड्यूटी लगने पर अपने आवास में जाकर सोते थे उनको भी अब देर रात में अपने प्वाइंट में गस्त करना पड़ रहा है। जिला मुख्यालय में ही अब देर रात में पुलिस कर्मियों की गस्त देखी जा रही है। पुलिस अधीक्षक डॉ. रवीन्द्र वर्मा द्वारा पुलिस व्यवस्था को लगातार चौकस एवं दुरुस्त करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। उनके प्रयासों के चलते ही पुलिस अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को अब देर रात भी सड़क पर उतरकर रात्रिकालीन गस्त करना पड़ रहा है।

### रात्रिकालीन गस्त से अपराधियों में दहशत



सीधी पुलिस की रात्रिकालीन गस्त व्यवस्था प्रभावी रूप से तेज होने के कारण इसका असर देर रात में अपराध की मंशा से निकलने वाले अपराधियों पर भी दहशत के रूप में नजर आने लगा है। देर रात जब पुलिस की गस्ती टुकडियां जब सड़क में गस्त पर निकलती हैं तो उसकी आहट पाते ही आपराधिक तत्व गायब हो जाते हैं। पुलिस की देर रात चलने वाली गस्त व्यवस्था के कारण आम लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। चर्चा के दौरान कुछ लोगों ने कहा कि पुलिस की रात्रिकालीन गस्त सुचारू रूप से होने के कारण रात में होने वाले अपराधों में काफी गिरावट आ रही है। आदतन अपराधी रात में ही अपराध करने की मंशा से निकलते हैं। यदि सड़क पर पुलिस की मौजूदगी बनी हुई है। तो ऐसे अराजक तत्वों का हौंसला पस्त होना स्वाभाविक है। पुलिस अधीक्षक की इस प्रभावी पहल से लोगों में सुरक्षा को लेकर विश्वास बढ़ा है।

# बघेली के विकास में सोमलोब की है सराहनीय भूमिका: रीती



## सोमलोब का साहित्यिक समारोह सम्पन्न

जागरण, सीधी

बघेली साहित्य एवं संस्कृति के विकास के लिए संकल्पित सोधी माटी लोनी बघेली साहित्यिक मंच एक संभाग स्तर के बघेली कवियों का ऐसा मंच है जो बघेली बोली भाषा को समूचे देश एवं प्रदेश में बघेली का पताका फहराने में साधना रत है। इस साहित्यिक मंच के कई आयोजनों की मैं मुख्य अतिथि के रूप में साक्षी हूं। बघेली के कवि लेखक और समालोचक एक साथ बैठकर अपनी मुँह बोली जनभाषा बघेली को आयाम देने का जो वीणा उठाये हुए हैं वह सराहनीय है। मुख्य अतिथि की आसंदी से इस आशय का उद्बोधन श्रीमती रीती पाठक विधायक, विधान सभा क्षेत्र सीधी ने सोमालोब साहित्यिक मंच के पुस्तक विमोचन समारोह 20 अप्रैल 2025 स्थल रोली मेमोरियल में समुपस्थित विद्वानों के बीच प्रस्तुत किया। विधायक सीधी ने कृतिकार हरिविलास गुप्त हरि को धन्यवाद देते हुए कहा कि डॉ. श्रीनिवास शुक्ल सरस जैसा समर्पित साहित्यकार अध्यक्ष पाकर सोमालोब काफी उँचाइयां ले रहा है। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. अनुराग मिश्र, प्राध्यापक हिन्दी अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा ने कहा कि बघेली साहित्य की दिशा में सीधी के साहित्यकार अधिक सजग हैं। अभी मैं डॉ. श्रीनिवास शुक्ल सरस के बघेली प्रदेय पर एक शोध कार्य करा रहा हूं। सोमालोब समारोह के विशिष्ट अतिथि लालमणि सिंह चौहान वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि गजलकार नूर ने ठीक ही कहा था कि आइना झूंठ नही बोलता है। व्याख्यान के पश्चात डॉ. श्रीनिवास शुक्ल सरस की दीर्घकालिक बघेली सेवा का समर्थन करते हुए डॉ. राजकरण शुक्ल राज ने डॉ. सरस को शाल श्रीफल और माला पहनाकर अभिनन्दन किया। सोमालोब साहित्यिक मंच से सम्बद्ध कवि लेखक पदाधिकारी अंजनी सिंह सौरभ, कुंजल साकेत कुंज, राजबहोर पाठक मनोज, पुष्पा सिंह, कमलेश कुमार कायल, सतीश पाण्डेय शलभ, रोहित पाण्डेय, राजेन्द्र मिश्र राजन, शशांक अंकुर, रावेन्द्र तिवारी, ब्रजमोहन ब्रजेश, शत्रुहन शुक्ला प्रखर, अनिल शुक्ल गरज, डॉ. प्रियेश पाण्डेय खेरबा उमरिया सहित लगभग तीन दर्जन लोगों ने विधायक रीती पाठक सहित अतिथियों का माल्यार्पण पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह बैज से भव्य स्वागत किया। मुख्य अतिथि रीती पाठक विधायक सीधी ने सोमालोब साहित्यिक मंच को 51 हजार रुपये की राशि संस्था के संवर्द्धन के लिए बिना मांगे देकर साहित्य को सम्बल प्रदान किया और साहित्यकारों कामनोबल बढाया।

# शहर/ग्रामीण अंचल की खबरें

## भाजपा उपाध्यक्ष पर बुलडोजर कार्यवाही में देरी क्यों: उदयकमल



**जागरण, सीधी।** भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष के द्वारा ब्राह्मण समाज की लड़की के साथ की गई अश्लील हरकत घोर निंदनीय कृत्य होकर अक्षम्य है। कुबरी पेशाब कांड़ की तरह भाजपा के उपाध्यक्ष के घर पर बुलडोजर कार्यवाही कर दमिदोज किया जाना चाहिए। उक्त बातें उदय कमल मिश्र अधिवक्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता सीधी ने कही। श्री मिश्र ने आगे कहा कि सत्ता पक्ष अवश्य पार्टी की सदस्यता समाप्त कर पल्ला झाड़ लिया लेकिन विपक्ष कुबरी पेशाब कांड़ की तरह मुखर होकर बुलडोजर कार्यवाही के लिए धरना प्रदर्शन क्यों नहीं कर रहा है जो चिंता का विषय है। सत्ता पक्ष एवं विपक्ष को कुबरी पेशाब कांड़ की तरह ही आक्रमण होकर पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए बुलडोजर कार्यवाही कर भाजपा के उपाध्यक्ष के घर को दमिदोज कराने के लिए प्रयास करना चाहिए लेकिन दुर्भाग्यवश इस विषय पर सत्ता पक्ष एवं विपक्ष मौन है। जिला प्रशासन से मांग है कि यथाशीघ्र भाजपा के उपाध्यक्ष के घर पर बुलडोजर कार्यवाही कर उनके घर को दमिदोज किया जाय अन्यथा इस संबंध में अगली रणनीति के तहत कारवाई की जा सकती है, क्योंकि पार्टी से निष्कासन एवं प्रकरण पंजीबद्ध करना पर्याप्त नहीं है। इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए उपर्युक्त कदम उठाने की आवश्यकता है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित




**जागरण, चुरहट।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नगर विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा आज चुरहट में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नगर परिषद कार्यालय के पीछे स्थित बड़े तालाब परिसर में संपन्न हुआ। जिसमें श्रमदान, स्वच्छता अभियान, जन जागरूकता रैली एवं संकल्प कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस आयोजन में परिषद की ओर से प्रशिक्षु छात्राएं अंशिका सिंह, शिवानी गुप्ता एवं रागिनी द्विवेदी ने सक्रिय भागीदारी निभाई। साथ ही परामर्शदाता विनय कुमार सोनी एवं जय प्रकाश गोस्वामी ने कार्यक्रम के संचालन में सहयोग दिया। नगर विकास प्रस्फुटन समिति से प्रदीप नामदेव, अजीत नामदेव एवं सुभाष कुमार पाण्डेय की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम का उद्देश्य जल स्रोतों की स्वच्छता बनाए रखना, जल संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना एवं सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करना था। स्थानीय विद्यालयों के आचार्यगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भी इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रैली के माध्यम से नगरवासियों को स्वच्छता, जल संरक्षण एवं गंगा के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागियों ने जल स्रोतों की स्वच्छता एवं संरक्षण का संकल्प लिया। यह अभियान स्थानीय नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रेरित करता है। इस तरह का आयोजन न केवल जनमानस में जागरूकता उत्पन्न करता है, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए जल स्रोतों को संरक्षित रखने की प्रेरणा भी देता है।

## दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास की हुई सजा

**जागरण, सीधी।** दुष्कर्म के आरोपी को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट सीधी की न्यायालय के द्वारा आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। बताया गया कि दिनांक 23 जुलाई 2023 के रात समय करीबन 10 बजे अभियोक्त्री खाना पीना खाकर बिस्तर लगा रही थी। उसी समय उसकी बड़ी मम्मी का भाई आरोपी उसके घर आया एवं रात उसी के घर में रूका। भोर के समय करीबन 3-4 बजे के बीच में अभियोक्त्री का मामा आरोपी उसके उपर आकर चढ़ गया एवं उसके स्तन दबाने लगा। जब अभियोक्त्री ने आरोपी का हाथ झिटक दिया तो आरोपी ने उसका मुंह दबा दिया एवं उसके कान में धीरे से बोला कि अगर किसी को बतायेगी तो वह उसके माता-पिता को जान से खत्म कर देगा और यदि नहीं बतायेगी तो 500 रूपये देगा, तो अभियोक्त्री डर गई और हल्ला नहीं की फिर आरोपी ने अभियोक्त्री के साथ गलत काम किया एवं चुपचाप जूता पहनकर घर से बाहर चला गया। उस समय अभियोक्त्री के माता-पिता सभी लोग उसी कमरे में सो रहे थे। अभियोक्त्री डर के कारण सो गई थी। सुबह अभियोक्त्री की मां को छोटी लड़की के बताने पर यह जानकारी हुई कि आरोपी अभियोक्त्री के उपर चढ़ा था। तब उनके द्वारा अभियोक्त्री से पूंछने पर उसने रो-रो कर सारी बात अपनी मां को बतायी। अभियोक्त्री की मां के रो-रो कर चिल्लाने पर आरोपी घर से निकलकर अभियोक्त्री की बड़ी मां के यहां भाग गया। फिर अभियोक्त्री अपने मम्मी-पापा के साथ थाने रिपोर्ट करने आयी। अभियोक्त्री की उक्त रिपोर्ट पर थाना जमोड़ी में प्रथम सूचना रिपोर्ट अपराध क्रमांक 604/2023 अंतर्गत धारा 376(3), 376(2)(च) भादंसं एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 5(द)/6 पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। प्रकरण की संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जिसके न्यायालयीन विशेष सत्र प्रक्र. 35/2023 में शासन की ओर से सशक्त पैरवी करते हुए जिला अभियोजन अधिकारी श्रीमती भारती शर्मा के द्वारा अभियुक्त को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया। परिणामस्वरूप विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट सीधी की न्यायालय के द्वारा अभियुक्त को धारा 506 भाग दो भादवि में एक वर्ष का कठोर कारावास एवं एक हजार रूपये अर्थदण्ड व धारा 5(एन)/6 पॉक्सो एक्ट के अपराध में आजीवन कारावास, जिसका अभिप्राय आरोपी के शेष प्राकृत जीवनकाल के लिये कारावास होगा एवं 20 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा से दंडित किया गया। साथ ही अर्थदण्ड की संपूर्ण राशि 21 हजार रूपये अभियोक्त्री को प्रतिकर के रूप में अपील अवधि उपरांत अपील न होने की दशा में प्रतिकर स्वरूप प्रदान किये जाने का आदेश पारित किया गया।


## नाम परिवर्तन सूचना

मैं सरस्वती प्रसाद दुबे उर्फ (छोटेलाल शर्मा) पुत्र श्री लक्ष्मीनाथ दुबे उम्र 75 वर्ष, निवासी ग्राम पोस्ट हनुमानगढ़ थाना चुरहट तहसील रामपुर नैकिन जिला सीधी म.प्र. का पुस्तैनी निवासी हूँ। यह की मैं छोटेलाल शर्मा तनय लक्ष्मीनाथ शर्मा जो मेरा लाचारी नाम है, जबकि वास्तविक मेरा नाम सरस्वती प्रसाद दुबे है। जो शपथ पत्र क्रमांक सीके 209121 में कारण सहित वर्णित है।

अत: अब मैं सभी सरकारी दस्तावेजों एवं अन्य जहां पर भी मेरा लाचारी नाम छोटेलाल शर्मा अंकित है उसके स्थान पर मैं अपना वास्तविक नाम सरस्वती प्रसाद दुबे पिता श्री लक्ष्मीनाथ दुबे ही लिखूंगा, यह मै घोषणा करता हूं। और आज से मुझे मेरे वास्तविक नाम सरस्वती दुबे के नाम से जाना एवं पहचाना जाय।

भवदीय

**सरस्वती प्रसाद दुबे पिता श्री लक्ष्मीनाथ दुबे**
**निवासी ग्राम पोस्ट हनुमानगढ़**
**थाना तहसील रामपुर नैकिन जिला सीधी (म.प्र.)**


# सीएम राइज में बस उद्घाटन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## धौहनी विधायक ने 3 बसों को हरी झंडी दिखा किये रवाना




जागरण, मझौली

विगत दो-तीन वर्षों के इंतजार के बाद इस वर्ष शासकीय स्तर से शासकीय सीएम राइज उत्कृष्ट विद्यालय मझौली को क्षेत्रीय विधायक धौंहनी कुंवर सिंह टेकाम के प्रयास से तीन बड़ी बसों की सौगात मिली, जिसका उद्घाटन कार्यक्रम समारोह पूर्वक बड़े धूमधाम से 19 अप्रैल दिन शनिवार को शुभ मुहूर्त पर विधायक कुंवर सिंह टेकाम के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ। जहां विधायक द्वारा बसों में बच्चों को बैठा हरी झंडी दिखा रवाना किया गया तथा बस संचालन के लिए स्कूल प्रबंधन को उचित मार्गदर्शन व सुझाव दिये। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की देवी सरस्वती की पूजा अर्चना तथा स्कूली छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना की मनमोहक प्रस्तुति के साथ किया गया। जहां बसों का विधायक के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना किया गया। साथ ही छात्राओं द्वारा दी गई। स्वागत गीत के प्रस्तुति के साथ मझौली बीईओ, स्कूल प्राचार्य केएल विश्वकर्मा एवं स्कूल स्टाफ द्वारा मुख्य अतिथि सहित मंचासीन अतिथियों का माल्यार्पण व पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत सम्मान किया गया। बीईओ मझौली बीड़ी रावत द्वारा स्वागत भाषण के माध्यम से स्वागत सम्मान किया गया। उद्बोधन की कड़ी में मझौली मंडल अध्यक्ष प्रवीण तिवारी, डांगा सरपंच एडवोकेट अखिलेश जायसवाल के बाद अंतिम कड़ी में विधायक कुंवर सिंह टेकाम द्वारा शिक्षकों, अभिभावकों एवं बच्चों को संबोधित करते हुए कहा गया कि हमारी सरकारें आप लोगों के कल्याण और क्षेत्र के विकास के लिए प्रयासरत है। खासकर शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष रूप से रुचि ले रखी है। आप लोगों की जो मांग होती है मेरा प्रयास होता है कि पूर्ण हो और होती भी है। इस दौरान एडीसीपी श्री शुक्ला, प्राचार्य ताला, पथरौला के साथ बीआरसी मझौली अयोध्या प्रसाद पटेल को जमकर फटकार लगाते हुए कहा की शिक्षा के क्षेत्र में किसी तरह की कोताही बरती नहीं जाएगी। तत्पश्चात स्वल्पाहार के बाद बच्चों को बसों में बैठा हरी झंडी दिखा रवाना किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन बारी-बारी से शिक्षक अंगद प्रसाद गुप्ता एवं अतिथि शिक्षक देवेंद्र सिंह द्वारा संयोजित ढंग से किया गया। कार्यक्रम के अंत मे प्राचार्य केएल विश्वकर्मा द्वारा कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतीत सहित सभी अतिथियों, अभिभावक, स्कूल स्टाफ तथा सहयोगियों का आभार ज्ञापित किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से भाजपा जिला मंत्री वार्ड पार्षद लवकेश सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष मझौली प्रवीण तिवारी, नगर अध्यक्ष शंकर लाल गुप्ता, उपाध्यक्ष उदयभान यादव, एड. अखिलेश जायसवाल, रामराज शुक्ला, रमेश तिवारी, तहसीलदार आशीष मिश्रा,एडीसीपी शुक्ला, बीईओ मझौली बीड़ी रावत, प्राचार्य कन्या राजेंद्र सिंह, सहित विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं, क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, पत्रकार बन्धु, अभिभावक, बच्चे भारी संख्या में शामिल रहे।

## बीमार अस्पताल का उपचार कौन करेगा: पंकज



**जागरण, सीधी।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी सोशल मीडिया के उपाध्यक्ष पंकज सिंह ने भाजपा सरकार से प्रश्न करते पूछा कि बीमार जिला अस्पताल का उपचार कौन करेगा। स्वास्थ व्यवस्था चौपट है अस्पताल में मरीजो कि भरमार है पर ईलाज के लिए डाक्टर नही है अस्पताल में होने चाहिए 59 डाक्टर पर वर्तमान में 14 डाक्टर ही पदस्थ है, जिनमे से एक सिविल सर्जन और एक सीएमएचओ है जो सरकारी कार्य में व्यस्त है जो कि न के बराबर है उनमे से भी ज्यादातर अपने निजी क्लिनिक और प्रेक्टिस में व्यस्त है। जिस मरीज के पैसे का अभाव हो तो प्रायवेट क्लिनिक में कैसे इलाज करवाए। 400 बेड का अस्पताल होने के बावजूद इस भीषण गर्मी में गंभीर मरीज का ईलाज के लिए अस्पताल में बने बरामदों में फर्श पर लिटाकर बोतल और इंजेक्शन लगाया जा रहा है इससे भारी दुर्दशा क्या हो सकती है। पंकज ने आगे कहा जब पूरी दुनिया रोबोटिक सर्जरी और आधुनिक चिकित्सा तकनीकों को अपना रही है, वही सीधी जिले के मरीज हृदय रोग, कैंसर और यूरोलॉजी जैसी गंभीर बीमारियों के लिए नागपुर, मुंबई और दिल्ली भटकना पड़ता है, क्योंकि जिले में विशेषज्ञ डॉक्टरों की भारी कमी है। बीजेपी के 22 वर्षों के शासन ने स्वास्थ्य सेवाओं को बद से बदतर कर दिया है।

# निष्कासित भाजपा जिला उपाध्यक्ष पर दर्ज हुई एफआईआर

## डरी-सहमी पीड़िता ने साहस दिखाते हुए दर्ज कराई रिपोर्ट

### एफआईआर दर्ज होते ही फरार हुआ आरोपी







जागरण, सीधी

पार्टी से निष्कासित भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेश सिंह पर आज सिटी कोतवाली थाना में एफआईआर दर्ज होते ही उन पर गिरफ्तारी की तलवार लटक गई है। डरी-सहमी पीड़िता ने आज साहस दिखाते हुए कोतवाली थाना में पहुंचकर आवेदन देकर आरोपी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई। एफआईआर दर्ज होने की खबर लगते ही आरोपी सुरेश सिंह का मोबाइल स्विच आफ हो गया है और फरार होने की खबर है। उधर कोतवाली पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पूरी तरह से मुस्तैद हो चुकी है। सिटी कोतवाली थाना में दर्ज हुई एफआईआर में 24 वर्षीय पीड़िता ने कहा है कि घटना दिनांक 17 अप्रैल 2025 की दोपहर 1:40 बजे आरोपी सुरेश सिंह निवासी अमरवाह उसके प्रेस कार्यालय में आया। उस दौरान युवती के साथ ही प्यून भी मौजूद था। सुरेश सिंह द्वारा प्यून को एक कार्ड देकर अंदर रखने के लिए भेज दिया। इसके बाद प्यून नहाने के लिए अपने घर चला गया। कार्यालय में मौजूद आरोपी सुरेश सिंह द्वारा गलत नियत से युवती का दाहिना हांथ एवं हांथ को छूते हुए पानी की बाटल अपने हांथ में ले लिया एवं बोलने लगा कि मैं तुमसे प्रेम करता हूं। इसके बाद आरोपी द्वारा जबरजस्ती युवती का बांया हांथ पकड़कर अपनी ओर खींचने का प्रयास करने लगा। आरोपी की यह हरकत देखकर भयभीत युवती दूसरे कमरे में कम्प्यूटर कक्ष के अंदर चली गई। कम्प्यूटर कक्ष के बाहर लगे सीसे को खटखटाते हुए आरोपी सुरेश सिंह ने युवती को धमकाते हुए कहा कि यह बात किसी को बताना नहीं अन्यथा तुम्हारे लिए ठीक नहीं होगा। इसके बाद वह कार्यालय से चला गया। पीड़िता ने कहा है कि सुरेश सिंह के उपरोक्त कृत्य से वह काफी भयभीत हो गई एवं रोने लगी। बाद में उक्त सारी बातें कार्यालय में काम करने वाली नौकरानी को उसके द्वारा बताया गया। यह जानकारी कार्यालय के वरिष्ट को भी दी गई। साथ ही दहशत के कारण अपने घर में इस घटना का जिक्र नहीं की। कल रात उसके द्वारा यह सारी बातें अपने माता-पिता को बताई। उनके द्वारा पीड़िता को थाने जाकर रिपोर्ट करने को कहा गया। जिसके बाद वह साहस जुटाकर सिटी कोतवाली थाना में आवेदन लेकर आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंची। कोतवाली पुलिस द्वारा इस मामले में आरोपी सुरेश सिंह निवासी अमरवाह के विरुद्ध धारा 74, 75, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

> पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी सुरेश सिंह के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है। मामले की विवेचना भी शुरू हो गई है। आरोपी की गिरफ्तारी भी की जाएगी।
>
> **पुष्पेन्द्र मिश्रा, टीआई कोतवाली सीधी**

## अशोक सिंह चंदेल को मिली पीएचडी की उपाधिक




**जागरण, सीधी।** प्रिज्म जानसन लिमिटेड सीधी के सेल्स प्रमोटर अशोक सिंह चंदेल (अशोक) सिहावल को व्यवसाय प्रबंधन एवं सामाजिक कार्य में पीएचडी की उपाधि नई दिल्ली में 20 अप्रैल 2025 को आयोजित दीक्षांत समारोह में मैरी लैंड स्टेट यूनिवर्सिटी द्वारा प्रदान की गई है। उक्त उपलब्धि पर बधाई देने वालों में पुष्पराज सिंह भैया, कमलेन्द्र सिंह चितरंगी, भूपेन्द्र सिंह उपनी, मिंटू सिंह बघेल, अजीत सिंह लल्ला, कमलेन्द्र सिंह डब्बू, विजय सिंह लकोड़ा, अमित सिंह मुन्ना, प्रफुल्ल सिंह पपलू, संतोष सिंह आदि शामिल हैं।

# कलेक्टर के प्रयासों से चौथे पायदान में पहुंचा जिला

## जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान का दिख रहा असर

### जगह-जगह पुराने जल स्त्रोतों की चल रही है साफ-सफाई



जागरण, सीधी

जल गंगा संवर्धन में सीधी को प्रदेश में चौथा स्थान कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी की सक्रियता से मिला है। जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान का असर दिख रहा है। जगह-जगह पुराने जल स्त्रोतों की साफ-सफाई का कार्य अनवरत रूप से चल रहा है। गांव-गांव में जल स्त्रोतों की साफ-सफाई करने का अभियान जन भागीदारी के माध्यम से चल रहा है। इस कार्य में स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ ही क्षेत्रीय लोगों की सहभागिता भी बनी हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार प्रदेश के साथ-साथ सीधी जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन के तहत चिन्हित कार्यों को पूर्ण करने, पूर्व से प्रचलित कार्यों को पूर्ण कराने तथा लोगों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से जल गंगा संवर्धन अभियान का संचालन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री द्वारा अभियान की नियमित समीक्षा की जा रही है। अभियान के क्रियान्वयन में सीधी जिला प्रदेश में राजगढ़, सिवनी तथा निवाड़ी जिलों के बाद चौथे स्थान पर है। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा जिले में अभियान के दौरान किए जा रहे कार्यों की सराहना की गई। जिले में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के मार्गदर्शन में अभियान अंतर्गत सभी पैरामीटर पर प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। अभियान के दौरान युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में 3200 जलदूत तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित था जिसके विरूद्ध 3300 से अधिक जलदूत रजिस्टर किए गए हैं। अभियान के दौरान जिले में 37 अमृत सरोवरों का निर्माण किया जाना है। जिसके विरूद्ध सभी स्थलों को चिन्हित कर लिया गया है। अभियान अंतर्गत जिले में 1916 खेत तालाब बनाने हैं जिसमें जीआईएस आधारित एसआईपीआरआई साफ्टवेयर के माध्यम से 1326 स्थलों को चिन्हांकित कर लिया गया है। इसी प्रकार भू-जल रिचार्ज अभियान के तहत कूप रिचार्ज के 400 कार्यों को शत-प्रतिशत चिन्हांकित कर लिया गया है। अभियान के दौरान नरेगा योजना अंतर्गत गत वर्षों के 830 अपूर्ण कार्यों को पूर्ण करने का लक्ष्य है जिसमें से 97 कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं।

### पुर्नजीवित हो रहे जल स्त्रोत

जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्त्रोतों के साफ-सफाई एवं स्वच्छता के चलाए जा रहे अभियान से कई पुराने जल स्त्रोत भी पुर्नजीवित हो रहे हैं। जल स्त्रोतों की साफ-सफाई के कारण इनकी उपयोगिता भी बढ़ चुकी है। बरसात में ऐसे जल स्त्रोतों में जल का भराव अच्छे से होगा और इसका लाभ लोगों को मिलेगा। नदी-नालों एवं तालाबों की साफ-सफाई एवं स्वच्छता का कार्य बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह अभियान काफी तेजी के साथ चलाया जा रहा है। जिसमें स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ ही आम जन मानस की सहभागिता भी बनी हुई है। अभियान के दौरान लोगों को जागरुक भी किया जा रहा है कि जल स्त्रोतों में साफ-सफाई एवं स्वच्छता बनी रहे यह सभी की जिम्मेदारी है।

नानी के साथ खेत की तकवारी कर रही

# 8 वर्षीय बालिका के साथ मूक बधिर युवक ने किया दुष्कृत्य

## आरोपी गिरफ्तार, बच्ची जिला अस्पताल में भर्ती, इलाज जारी

जागरण, कटनी

ढीमरखेड़ा अंतर्गत ग्राम में 8 वर्षीय आदिवासी बालिका के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार एक मूक बधिर युवक बेड़ीलाल कोल 22 वर्ष ने इस घटना को अंजाम दिया है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल इस पूरे मामले की जांच पड़ताल गंभीरता से की जा रही है। इस संबंध मे प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना के वक्त नाबालिग बलिका अपनी नानी के साथ खेत में फसल की तकवारी करने गई थी जिससे कोई जानवर फसलों को नुकसान ना पहुंचा सके। जैसे ही दादी पानी लेने गई। इसी दौरान मूक बधिर ने अकेले का फायदा उठाकर बलिका को अपनी हवस का शिकार बना लिया। परिजनों ने दुष्कर्म की शिकायत सिलौंडी पुलिस चौकी में की। थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद खान ने बताया कि इस मामले में महिला थाना पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा पाक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया हैं। वही बच्ची को इलाज के लिए शासकीय जिला चिकित्सालय मे भर्ती



कराया गया जहाँ पर चिकित्सकों की निगरानी में बच्ची का इलाज जारी हैं। वही आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। इस संबंध मे पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने जानकारी देते हुए बताया कि ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के खैरा ग्राम मे में 8 साल की बच्ची उसी गांव का निवासी मूकबधित दिव्यांग युवक आरोपी बेड़ीलाल कोल 22 खेत पहुंचा और बच्ची के साथ दुष्कृत्य किया था, मामले मे महिला थाना प्रभारी के विशेष निर्देश दिए गए जिसके बाद कार्यवाही करतें हुए मामला पंजीबद्ध किया गया वही बच्ची को उपचार के बाद घर भेज दिया गया बच्ची स्वस्थ हैं।

## हिंसा में बदला परिवार का मामूली विवाद, तीन लोग घायल

**छतरपुर।** राजनगर थाना क्षेत्र के डिगौनी गांव में एक परिवार के मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दरअसल मामूली के विवाद के बाद एक पक्ष थाने में शिकायत करने चला गया था, जिससे नाराज होकर दूसरे पक्ष के लोगों ने थाने से वापिस घर लौट रहे तीन लोगों पर हमला कर दिया। मारपीट में घायल हुए लोगों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डिगौनी निवासी राजू पटेल उम्र 48 वर्ष ने बताया कि सुबह से परिवार के अखिलेश पटेल से उसका विवाद हो गया था, जिसके बाद उसने राजनगर थाने जाकर शिकायत दर्ज कराई थी। राजनगर थाना में शिकायत कराने के बाद जब वह बाइक से घर लौट रहा था, तभी घोड़ा पुरवा के पास घात लगाकर बैठे अखिलेश पटेल, सतीश, अनिल, लवकुश और हिसाबी पटेल ने लाठी, डंडे, लोहे की रॉड और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में राजू पटेल के अलावा उसका साथी श्रीपत पटेल उम्र 50 वर्ष और कारेलाल पटेल उम्र 65 वर्ष घायल हुए हैं, इनमें से राजू और श्रीपत की हालत गंभीर है। घायलों को पुलिस द्वारा उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। वहां राजनगर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## छतरपुर पुलिस का सख्त कांबिंग गश्त, 172 से अधिक आरोपी गिरफ्तार

### गुंडे-बदमाश, अवैध शराब और हथियार रखने वालों पर हुई कार्रवाई




**छतरपुर।** जिले में कानून व्यवस्था को सख्ती से लागू करने और आपराधिक तत्वों पर शिकंजा कसने के उद्देश्य से छतरपुर पुलिस द्वारा विगत रात्रि जिलेभर में व्यापक स्तर पर कांबिंग गश्त की गई। इस सघन अभियान में सभी थानों और चौकियों में एक साथ कार्रवाई करते हुए अवैध गतिविधियों में लिप्त अपराधियों को गिरफ्तार किया गया और सार्वजनिक स्थलों पर गहन जांच की गई। कांबिंग गश्त में दो राजपत्रित पुलिस अधिकारी सहित 300 से अधिक पुलिसकर्मी शामिल रहे। अभियान के दौरान जिले में कुल 39 इनामी स्थायी वारंटी और 58 गिरफ्तार वारंटी पकड़े गए। इसके अलावा 15 वांछित अपराधियों को भी दबोचने में पुलिस को सफलता मिली। साथ ही अवैध हथियार रखने के मामले में 9 आरोपियों पर कार्रवाई की गई। अवैध शराब के खिलाफ भी पुलिस ने मोर्चा खोलते हुए 47 मामलों में आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किए। थाना सिविल लाइन, बमीठा, लवकुशनगर, ओरछा रोड, बिजावर और ईशानगर क्षेत्रों में शराब जब्ती की कार्रवाई की गई। वहीं बमीठा थाना क्षेत्र में जुए के फड़ से नगद राशि जब्त कर 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गुंडा लिस्टेड और निगरानी बदमाशों की भी गहन चेकिंग की गई। कुल 490 बदमाशों की निगरानी के साथ-साथ जेल से रिहा हुए 22 बदमाशों की जांच की गई। इसी अभियान में पुलिस ने जिले में 253 समन, 149 जमानती वारंट तामील किए। साथ ही 458 आरोपियों के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई। गश्त के दौरान पुलिस टीमों ने जिले के प्रमुख चौराहों, धार्मिक स्थलों, होटल, ढाबों, धर्मशालाओं और बस स्टैंड जैसी जगहों पर भी चेकिंग की।

## पत्नी के डिप्रेशन में आकर पति ने ब्रिज से कूदकर कर ली आत्महत्या

**कटनी।** रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र स्थित मिशन चौक ओवरब्रिज बरगवां के समीप शनिवार शाम कूदकर कृष्ण धाम कॉलोनी निवासी अतुल सिंघानी 50 ने आत्महत्या कर ली थी। पुलिस जांच में यह बात सामने आई कि कि डिप्रेशन में होने के कारण आत्मघाती कदम उठाए हैं। रंगनाथ नगर थाना प्रभारी नवीन नामदेव ने बताया कि परिजनों ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि पत्नी 10 दिन पहले बच्चों को लेकर चली गई थी। जिससे वह परेशान रहता था। मृतक के एक बेटा व एक बेटी हैं तो वह मां के साथ रह रहे हैं। पत्नी बिल्कुल भी मतलब नहीं रख रही थी। कुछ दिनों से घर पर ही मां और भाई के साथ घर पर रहता था। कई दिनों से डिप्रेशन में रहता था। कामधाम भी नहीं कर रहा था। शनिवार को अचानक उसने फ्लाइओवर से कूदकर मौत को गले लगा लिया।

## घर के बाहर खड़ी बाइक में दबंग ने लगाई आग

**छतरपुर।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के परवारी मोहल्ले में दबंगई की एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है, जहां मोहल्ले के दबंग भारत सिंह परिहार ने घर के बाहर खड़ी बाइक में पेट्रोल की मदद से आग लगा दी। इस पूरी घटना का सीसीटीवी वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि आरोपी मोहल्ले में घर के बाहर बाइक खड़ी होने से नाराज था, जिसके चलते उसने पेट्रोल की सटक खोलकर बाइक में आग लगा दी।

## सूने घर का ताला तोड़कर लाखों की संपत्ति ले उड़े चोर

**छतरपुर।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र की चौबे कॉलोनी में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने एसवीएन कॉलेज के पीछे स्थित अरजरिया परिवार के मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया है। शिकायतकर्ता महेन्द्र अरजरिया ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ धार्मिक यात्रा पर अयोध्या गए हुए थे। रविवार की सुबह करीब 4 बजे जब वे लौटे, तो घर के मुख्य द्वार का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो सारा सामान बिखरा पड़ा था और गोदरेज के लॉक टूटे हुए थे। महेन्द्र अरजरिया का दावा है कि चोर उनके घर से करीब 22 तोला सोना, आधा किलो से अधिक चांदी और लगभग 5 लाख रुपये नगद समेत कुल 35 से 40 लाख रुपये की संपत्ति चोरी कर ले गए हैं। उन्होंने बताया कि घटना रात 1 बजकर 10 मिनट की है, जिसकी पुष्टि घर में लगे सीसीटीवी फुटेज से हुई है। वीडियो में दो चोर वारदात को



अंजाम देते हुए साफ दिखाई दे रहे हैं। सिविल लाइन थाना पुलिस ने महेन्द्र अरजरिया की शिकायत और वीडियो फुटेज के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

## निर्माणाधीन सड़क कार्य की शिकायत पर महापौर ने किया मौका निरीक्षण

### कार्य में सुधार कर कमियों को तत्काल दूर करने उपयंत्री ओर ठेकेदार को दिए निर्देश

**कटनी।** नगर की प्रथम नागरिक महापौर प्रीति संजीव सूरी अवकाश के दिनों में भी जनता के बीच उपस्थिति दर्ज करते हुए उनकी समस्याओं को सुलझाने में किसी भी प्रकार की कसर नहीं छोड़ रही है। ऐसा ही एक उदाहरण शनिवार को देखने को मिला जब महापौर प्रीति संजीव सूरी को इमलिया चौराहे से लेकर बाबा नारायण शाह गेट तक बन रही 2.3 किलोमीटर की सड़क को लेकर स्थानीय लोगों ने शिकायत की तो उक्त शिकायत को संज्ञान में लेकर महापौर श्रीमती सूरी अन्य जनप्रतिनिधियों को साथ लेकर तत्काल मौके पर पहुंच गई।

**ठेकेदार को लगाई फटकार :** लोगों की शिकायतों के आधार पर निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर निरीक्षण करने पहुंची महापौर प्रीति संजीव सूरी ने पहले लोगों की



शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुना, उसके बाद सड़क निर्माण का जायजा लेते हुए तत्काल ठेकेदार को फटकार लगाते हुए गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने एवं कमियों को दुरुस्त करने की हिदायत दिए जाने पर ठेकेदार ने तत्काल सुधार कार्य करने के लिए आश्वत कराया। महापौर प्रीति संजीव सूरी ने बातचीत के दौरान जानकारी देते हुए कहा कि झूलेलाल मंदिर सब्जी मंडी के पास पेंच वर्क कराया जाएगा। क्योंकि इस मार्ग में सीवर लाइन का कार्य होना है अतः यहां पर फिलहाल सड़क निर्माण कराना उचित नहीं है। इसलिए सड़क में पेंच वर्क कराकर उसे लोगों के चलने के लिए उपयुक्त बनाया जाएगा। निरीक्षण के दौरान महापौर प्रीति संजीव सूरी के साथ एमआईसी सदस्य श्रीमती बीना बैनर्जी, शिबू साहू, रमेश सोनी, गोविंद चावला जयनारायण निषाद, सुरेंद्र गुप्ता, पार्षद विनोद यादव सहित ठेकेदार एवं स्थानीय जन भारी संख्या में मौजूद रहे।

## जालपा देवी वार्ड में चल रहे डामरीकरण कार्य का महापौर ने किया औचक निरीक्षण



**कटनी।** जालपा देवी वार्ड की विभिन्न गलियों में कराए जा रहे डामरीकरण कार्य का महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने औचक निरीक्षण कर नागरिकों की दैनिक सुविधाओं को देखते हुए गुणवत्ता के साथ कार्य को तय समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य एवं स्थानीय पार्षद डॉ रमेश सोनी, सुभाष साहू, क्षेत्रीय उपयंत्री अश्वनी पांडे सहित निर्माण एजेंसी के ठेकेदार की भी मौजूदगी रही। महापौर श्रीमती प्रीति सूरी द्वारा बुधवार को ही लगभग 63 लाख रुपए से अधिक के सामुदायिक भवन, तिराहा सौंदर्यीकरण हेतु स्तंभ निर्माण सहित नाली निर्माण के कार्यों की सौगात वार्डवासियों को दी गईं थी।

**इन स्थलों में हो रहा डामरीकरण कार्य :** नगर के प्रमुख आस्था का केंद्र जालपा देवी मंदिर में रोजाना हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का आना जाना होता है। श्रद्धालुओं एवं नागरिकों की सुगम आवागमन व्यवस्था को देखते हुए संस्कार भारती स्कूल के सामने चौराहे, इमली के पेड़ से श्रीमती मधु मिश्रा के घर तक एवं काली माता मंदिर गली सहित विजय रोलिंग शटर से जालपा मंदिर दुर्गा माता स्टेज तक के मंदिर पहुंच मार्गों में डामरीकरण कार्य कराया जा रहा है।

**नव निर्मित सड़क से तत्काल न करे आवागमन :** महापौर श्रीमती सूरी ने जालपा देवी वार्ड में चल रहे डामरीकरण कार्य के तीनों स्थलों का पैदल भ्रमण कर जायजा लिया। इस दौरान स्थानीय जनों से संवाद करते हुए यह निर्माण कार्य नागरिकों की सुविधा के लिए ही कराए जाने की बात कही। नव निर्मित रोड से तत्काल आवागमन न कर निगम प्रशासन का सहयोग प्रदान करने का आग्रह भी महापौर ने स्थानीय नागरिकों से किया। महापौर श्रीमती सूरी ने निर्माण कार्य के दौरान नागरिकों की पेयजल सप्लाई पाइपलाइन बाधित न हो इस बात का विशेष ध्यान रखने के निर्देश उपयंत्री एवं ठेकेदार को दिए।



## चिकित्सकों ने कोतवाली पुलिस को दिया आवेदन, आईएमए ने किया समर्थन

**छतरपुर।** पत्नी का इलाज कराने आए बुजुर्ग को डॉक्टर ने घसीट कर अस्पताल के बाहर निकाला था इस घटनाक्रम में डॉक्टरों द्वारा एक आवेदन सिटी कोतवाली थाना प्रभारी को दिया गया है जिसमें डॉ. राजेश मिश्रा ने ड्यूटी के दौरान उनके साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर कोतवाली में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन सौंपने के दौरान इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की जिला इकाई के कई चिकित्सक भी उनके समर्थन में मौजूद रहे। डॉ. मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि 17 अप्रैल को वह नियमित रूप से ओपीडी में मरीजों की जांच कर रहे थे, तभी एक बुजुर्ग व्यक्ति बिना किसी कारण के गाली-गलौज करते हुए ओपीडी में घुस आए। उन्होंने बताया कि बुजुर्ग ने न केवल धक्का-मुक्की की, बल्कि हाथ पकड़कर थप्पड़ भी मारा। डॉ. मिश्रा ने कहा कि घटना के दौरान उन्होंने आत्मरक्षा में प्रतिक्रिया दी थी। वहीं डॉ. अरुणेन्द्र शुक्ला ने कहा कि इस मामले में बिना समुचित जांच के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जल्दबाजी में कार्रवाई की गई, जिससे चिकित्सकों में रोष व्याप्त है। चिकित्सकों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। आईएमए के डॉक्टरों ने कहा कि यदि चिकित्सा संस्थानों में कार्यरत चिकित्सकों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की गई तो भविष्य में ओपीडी सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं।

सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

प्लाट बेचना है

मेन रोड में कमर्शियल प्लाट 35×60=2100 वर्गफिट प्रार्थना हॉस्पिटल के सामने, रीवा हॉस्पिटल के आगे, PTS से नया बस स्टैंड मेन रोड में स्थित, एवं 50×100 का प्लाट लैंडमार्क के पास स्थित, संपर्क सूत्रः- 6265855274, 7000797858

RN GMSir (22/4)

## एनसीसी के वार्षिक प्रशिक्षण में 500 प्रतिभागी कर रहे सहभागिता

**कटनी।** 32 एमपी बटालियन एनसीसी कटनी द्वारा का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 177 लेफ्टिनेंट कर्नल विनोद सिंह के कुशल नेतृत्व में 18 अप्रैल से 27 अप्रैल तक सिलिकोबाइट कटनी डिग्री कॉलेज के दीक्षा भूमि परिसर में आयोजित किया जा रहा है जिसमें विभिन्न कॉलेज एवं स्कूलों से 500 प्रतिभागी कैडेट सहभागिता कर रहे हैं। कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल विनोद



सिंह द्वारा ओपनिंग एड्रेस देते हुए कैडेट्स को उनके जीवन में एनसीसी के महत्व को रेखांकित करते हुए विस्तार से बताया गया। इस संबोधन के दौरान विशेष रूप से नवप्रवेशी कैडेट्स ने अपने प्रश्नों के उत्तर महोदय से प्राप्त करते हुए अपनी शंकाओं का समाधान भी किया। यह प्रशिक्षण शिविर 27 अप्रैल तक अनवरत जारी रहेगा जिसके दौरान कैडेट्स को लीडरशिप एवं पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, आपदा प्रबंधन, युद्ध कौशल, क्षेत्र कौशल, वेपन ट्रेनिंग, ड्रिलएमैप रीडिंग आदि के संबंध में विस्तार से प्रशिक्षण दिया जाएगा। आज के इस कार्यक्रम में सभी पी आई स्टाफ एवं स्कूल तथा कॉलेज के एएनओ उपस्थित रहे।

## पिकअप वाहन की टक्कर से, एक की मौत, दो घायल

**कटनी।** माधव नगर थाना अंतर्गत जबलपुर बाईपास रोड पर बाइक सवारों को पिकप वाहन ने टक्कर मार दी। इस घटना की सूचना पर घायलो को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया था जहां इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जितेंद्र यादव 35, लखन लाल 47, मनीष यादव 25 वर्ष की भखरवारा स्लीमनाबाद निवासी है। शादी कार्ड बांटने उमरिया गए हुए थे कार्ड बांटने के बाद तीनों बाइक सवार वापस गाँव लौट रहे थे इसी दौरान पिकप वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस घटना में मनीष यादव 25 वर्ष की मौत हो गई। वही दो घायलो को इलाज जिला अस्पताल में जारी है।

## नरवाई की आग खेत में फैली

**कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत गल्ला मंडी रोड साईं मंदिर के पीछे एक किसान द्वारा खेत मे गेंहू कटाई के बाद नरवाई जलाई गई जिसकी आग खेत मे चारो तरफ फैल गई। नगर निगम दमकल दल को सूचना मिलने के बाद दो दमकल वाह्नों ने आग पर काबू पाया। जिले में प्रतिबंध के बाद भी नरवाई किसानों द्वारा चलाई जा रही है।

शुद्धि पत्र

नगर पालिक निगम रीवा क्र.516/ई.टेण्डर/फायर शाखा/ न.प.नि./225 रीवा दि. 15/04/2025 (निविदा सूचना) का विज्ञापन दैनिक जागर रीवा के दि. 18/04/2025 को पेंज नं. 4 पर प्रकाशित हुआ है। जिसमे भूलवश कार्य का नाम कालम में Eira Vehlck छप गया है। जबकि सही Fire Vehicle है। अतः Eire Vehlck के स्थान पर सुधार कर Fire Vehicle पढ़ा जाय शेष शर्तें यथावत रहेंगी। असुविधा के लिये खेद है।

(वि.प्र.)

कार्यालय, शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रीवा म.प्र.

खुली निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक/115/स्टोर/2025 दिनांक 17/04/2025

प्राचार्य शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय रीवा द्वारा निम्नलिखित मदो हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जा रही है। इच्छुक निविदाकार महाविद्यालय के स्टोर शाखा से सम्पर्क कर विस्तृत विवरण प्राप्त कर सकते हैं। उक्त जानकारी वेवसाइट में m.p.higher education portal पर देखी जा सकती है। निविदा दिनांक 08.05.2025 अपरान्ह 05:00 बजे तक स्वीकार्य की जाएगी।

| क्र. | समग्री का विवरण एवं मरम्मत |
|---|---|
| 1 | पीतल/फाइबर/डिजिटल बोर्ड जिसमें पीतल की पट्टी लगी हो |
| 2 | 30मी. उँची स्टील पाइप में तिरंगे झण्डे का इंस्टॉलेशन (खम्भे में झण्डा लगाकर निर्माण कार्य फिनिश करने तक |
| 3 | इन्वर्टर बैटरी/ए.सी. रिपेयरिंग/फिज/मिक्सी/माइक्रोवेव, कूलिंग उपकरण रिपेयरिंग एवं सामग्री क्रय |
| 4 | सी.सी.टी.वी. कैमरा रिपेयरिंग एवं संबंधित सामग्री के आपूर्ति हेतु |
| 5 | इलेक्ट्रानिक सामग्री एवं रिपेयरिंग कार्य / इलेक्ट्रिकल रिपेयरिंग कार्य एवं सामग्री क्रय |
| 6 | कारपेंटर, दरवाजा, खिड़की रिपेयरिंग का कार्य एवं सामग्री क्रय |
| 7 | प्लंबिंग मटेरियल रिपेयरिंग एवं क्रय |
| 8 | वाटर आरओ, प्लांट एवं आरओ से संबंधित सामग्री के क्रय एवं रिपेयरिंग का कार्य |
| 9 | फ्लैक्स/बैनर/विनायल/पोस्टर/प्रपत्र एवं मीडिया/ प्रचार संबंधी कार्य, अलग-अलग आकार में क्रय |
| 10 | महाविद्यालय में आयोजित होने वाले सेमिनार/वर्कशाप/विशेष व्याख्यान आदि में प्रयुक्त होने वाली सामग्री एवं सेवा। |
| 11 | महाविद्यालय में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में फोटो एवं वीडियोग्राफी का कार्य/करिज्म एवं एलबम क्रय |
| 12 | नोटिस बोर्ड/दीवारों पर पेंट द्वारा लिखावट का कार्य/बोर्ड एवं नेम प्लेट मेटल क्रय |
| 13 | महाविद्यालय के सभी गार्डन के रख-रखाव / मौसमी पुष्पीय पौधे लगाने का कार्य / औषधीय पौधे क्रय |
| 14 | कम्प्यूटर लैब फर्नीचर निर्माण कार्य |
| 15 | रेडक्रास / एन.सी.सी./एन.एस.एस. से संबंधित सामग्री क्रय |
| 16 | खेल संबंधी सामग्री व पुरस्कार से संबंधित सामग्री हेतु |
| 17 | महाविद्यालय में वार्षिक अंकेक्षण एवं वित्तीय विवरण हेतु |
| 18 | महाविद्यालय भवन मरम्मत कार्य |
| 19 | टेन्ट से संबंधित सामग्री |
| 20 | भोजन / नाश्ता सामग्री |
| 21 | दीवार की पोताई /पोट्टी सहित पुताई/पेंट पुताई/लिखावट |
| 22 | प्रिंटर एवं प्रोजेक्टर, कम्प्यूटर यूपी.एस, फोटो कॉपी एवं वीडियो ग्राफी, फोटो ग्राफी, वीडियो कैमरा क्रय एवं रिपेयरिंग |
| 23 | फर्नीचर क्रय स्टील/लकड़ी/फाइवर |
| 24 | महाविद्यालय में आयकर वित्तीय विवरण हेतु |
| 25 | बायोमैट्रिक/फोटो फेसिंग की मशीन क्रय एवं रिपेयरिंग |
| 26 | पोरियम/साउण्ड सिस्टम सेट क्रय एवं सरम्मत |
| 27 | मेटल/मारबल मूर्तियों का क्रय |
| 28 | क्यूओर, कोड बनाने का कार्य |
| 29 | वाड/स्टील फेमिंग फैसिंग/पोल/चैन सहित लोहे की जाली फैसिंग बाड़ के लिए सामग्री क्रय/निकल स्टील कार्य |
| 30 | गार्डेन में सीमेन्ट/लोहे की बैठक चेयर/टीन शेड/प्लास्टिक शेड सामग्री क्रय |
| 31 | पर्दा, झण्डा, डोरमेट, कारपेट, डस्टविन, डस्टविन स्टैण्ड, क्राकरी आदि सामग्री क्रय |
| 32 | प्लास्टिक/सीमेन्ट स्टैण्ड सहित गमला क्रय |
| 33 | सोफा/स्टील आलमारी/मूविंग चेयर/टेबिल/स्टूल आदि सामग्री क्रय/स्टील की कुर्सियां और बेंच स्टील 3 सीटर सहित |
| 34 | इन्टरनेट से संबंधित समस्त सामग्री क्रय |
| 35 | घड़ी/ग्रास कटर/लेवलिंग मशीन 'गार्डन कैची एवं गार्डन से संबंधित समस्त सामग्री क्रय |
| 36 | मोटर पम्प 01 एच.पी. क्रय एवं रिपेयरिंग |
| 37 | बास्केटबाल/बैडमिंटन/बॉलीबॉल मैदान निर्माण एवं रागतलीकरण |
| 38 | पार्टीशन हेतु ग्लास एवं एल्युमीनियम फ्रेम, विथ ग्लास सहित |

प्राचार्य
शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रीवा (म.प्र.)

अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

क्रमांक/परि0/2025/12 रीवा, दिनांक 17/04/2025

संक्षिप्त निविदा

विश्वविद्यालय को प्रशासनिक/परीक्षा/गोपनीय कार्य एवं समय-समय पर होने वाले आयोजनों के लिए विभिन्न प्रकार की चार पहिया वाहनों की किराये पर आवश्यकता है, जिसके लिए इच्छुक पंजीकृत फर्म/ट्रेवल्स एजेन्सियों को किराये की दरें, शर्तें, टैक्सी प्रमाण-पत्र एवं अमानत राशि रूपये 10,000/- (दस हजार) जमा करना होगा एवं प्रतिदिन किराया रूपये साथ ही अन्य अभिलेखों की छायाप्रति सहित चपड़ा सील बंद लिफाफे में अधोहस्ताक्षर कर्ता के नाम दिनांक 09.05.2025 कार्यालयीन समय 5.00 बजे तक विश्वविद्यालय के प्रशासन विभाग में जमा करना आवश्यक होगा एवं दिनांक 14.05.2025 को निविदायें खोली जावेगी।

| वाहन का नाम/विवरण | दरे ईधन सहित | बिना ईधन |
|---|---|---|
| | प्रति किलोमीटर प्रतिदिन/प्रतिमाह | प्रतिदिन/प्रतिमाह |
| स्कार्पियों, टाटा सफारी, इण्डिगो, इण्डिका, बोलेरो जीप, इनोवा, इक्सयूबी, मार्सल जीप | | |

कुलसचिव

लेकसिटी हॉस्पिटल
LAKECITY HOSPITAL
CARING PARTNERS
बी-27, कस्तूरबा नगर, चेतक ब्रिज के पास, भोपाल (म.प्र.)
e-mail: lakecityhospital@gmail.com | www.lakecityhospital.net
www.youtube.com/dranandjayantkale
+91 9111933376, +91 95229 69980
जले मरीजों के विकृतियों (contracture) जैसे हाथों की उंगलियों का टेढ़ापन, अंगूठे का चिपकना, कलाई में विकृति, कोहनी का चिपकना, कंधे का चिपकना, गर्दन का चिपकना, पैरों की उंगलियों के विकार, टखने का चिपकना, घुटने का चिपकना, इत्यादि के ऑपरेशन/प्लास्टिक सर्जरी
डॉ. आनंद जयंत काले एम.एस.,एमसीएच (प्लास्टिक सर्जन)
जन्मजात कटे होंठ तालू के मुफ्त ऑपरेशन
Smiletrain योजना के अंतर्गत 3000 से ज्यादा सफल ऑपरेशन किए जा चुके हैं
SmileTrain
जन्म से कटे होंठ और कटे तालु के मुफ्त ऑपरेशन
● जले मरीजों का इलाज मुफ्त
● जले मरीजों के विकार, विकृतियों के आपरेशन मुफ्त
ReSurge INTERNATIONAL
जले मरीजों के विकारों के आपरेशन मुफ्त ऑपरेशन
जले मरीजों के विकार विकृतियों के चिन्हित ऑपरेशन रीसर्ज के अंतर्गत निःशुल्क किए जा रहे हैं

लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944

आवश्यकता है

आफिस कार्य हेतु महिलाओं एवं युवतियों की योग्यता 10 , 12 मान्य सैलरी 5000 कमीशन के साथ 10,000-15000 महीना कमाए। शीघ्र संपर्क करें।
8827300943, 8349969546

RN 82059 (24/4)

## मंडला में जारी है बाघों की मौत का सिलसिला

# आखिर कब होंगा कान्हा रिजर्व नेशनल पार्क में मौत का सिलसिला बंद

### आए दिन हों रही बाघो की मौतें



जागरण मंडला

टाइगर स्टेट के नाम से मशहूर मध्य प्रदेश से आए दिन बाघ-बाघिनों की मौत के मामले सामने आ रहे हैं। जिससे वन्य जीव प्राणी संरक्षण पर सवाल खड़े हो रहे हैं। दरअसल, शुक्रवार 18 अप्रैल को कान्हा टाइगर रिजर्व में शावक का शव मिला है। जिसकी उम्र करीब 6 माह बताई जा रही है, यह शावक मादा है। बाघ की मौत का यह पहला मामला नहीं है। इनमें से केवल कान्हा टाइगर रिजर्व में 4 बाघों की मौत हुई है। बाघ प्रेमियों के लिए यह चिंता का विषय है।

कान्हा नेशनल पार्क क्षेत्र संचालक रविंद्र मणि त्रिपाठी ने बताया, शुक्रवार को किसली परिक्षेत्र के जामुनटोला में बाघ और बाघिन के बीच लड़ाई हुई थी। तभी बाघ ने बाघिन के शावक पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया। जिसकी सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची जहां उसे मादा शावक का शव मिला। टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया, जहां 4 डॉक्टरों की टीम ने शव का पोस्टमार्टम किया। इसके बाद क्षेत्र संचालक रविंद्र मणि त्रिपाठी की मौजूदगी में शावक के शव का अंतिम संस्कार किया गया।

### बीते 4 महीनों में 4 बाघों की हुई मौत

बता दें कि कान्हा टाइगर रिजर्व में साल 2025 में जनवरी से लेकर अब तक 4 बाघों की मौत हो चुकी है, इनमें से शावक भी हैं। 28 जनवरी को मुक्की क्षेत्र में 2 वर्षीय मादा बाघ का शव मिला था। 19 फरवरी को किसलि में 13 वर्षीय बाघिन मृत पाई गई थी। 2 मार्च को सुपखार में 5 वर्षीय नर बाघ की मौत हुई थी। 18 अप्रैल को 6 माह के मादा शावक का शव मिला है। बीते 4 महीनों में 4 बाघों की मौत से पार्क प्रबंधन चिंतित है।

### बाघों की मौत का आंकड़ा

राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्रधिकरण की बेवसाइट में दी जानकारी के अनुसार देश में बाघों की मौतों में कमी आई है। साल 2024 में देश में कुल 115 बाघों की मौत हुई थी। इनमें से मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा 46 बाघों की मौत हुई थी, जबकि साल 2023 में मध्य प्रदेश में 43 बाघों की मौतें हुई थी, जो साल 2024 के मुताबिक कम हुई थी। वहीं देश भर में साल 2023 में कुल 183 बाघों की मौत हुई थी।

# जल गंगा संवर्धन : संगम घाट महाराजपुर में की गई साफ-सफाई




जागरण मंडला। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के विधार्थियों ने नर्मदा जी के संगम घाट महाराजपुर में श्रमदान कर साफ-सफाई का कार्य किया। इस दौरान मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक श्री संतोष झारिया ने जल संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि जल संरक्षण का मतलब है, पानी का बुद्धिमानी से इस्तेमाल करना और बर्बादी को कम करना। यह एक सीमित संसाधन को बचाने और पर्यावरण को सुरक्षित रखने का तरीका है। जल संरक्षण से जल की कमी से बचा जा सकता है। साथ ही उन्होंने यह भी संदेश दिया कि नल को इस्तेमाल के बाद बंद कर देना चाहिए। शॉवर का इस्तेमाल करना चाहिए, सब्जियों और फलों को धोने के पानी का इस्तेमाल बगीचे में करें। पानी की बोतल में बचा पानी पौधों को सींचने में इस्तेमाल करें। तालाबों, नदियों या समुद्र में कूड़ा न फेंकें। इस दौरान उपस्थित समस्त प्रतिभागियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। जन अभियान परिषद बीएसडब्लू छात्रा कीर्ति तिवारी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम के तहत संगम घाट में बीएसडब्लू/एमएसडब्लू के छात्र छात्राओं के द्वारा साफ सफाई की गई है। कार्यक्रम को सफल बनाने में बीएसडब्लू/एमएसडब्लू के संतोष कछवाहा, राहुल गायकवाड, विजेंद्र रजक, देवेंद्र शुक्ला, रिचा शुक्ला, निर्जला उइके, कंचन कसार, तृप्ति शुक्ला, रेणुका परमार इत्यादि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### साहसिक गतिविधियों का केंद्र बने जबलपुर और मंडला

जागरण मंडला। साहसिक गतिविधियों का साक्षी बने बरगी बांध में नर्मदा की अथाह जल राशि, इसके तट तथा नभ पर हुई साहसिक गतिविधियों का केंद्र रहे झील महोत्सव का रविवार को समापन हो गया। जबलपुर संभाग के मंडला जिले के देवरी बकई में आयोजित पंद्रह दिवसीय आयोजन का समापन संभागायुक्त अभय वर्मा ने नर्मदा पूजन कर किया। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड (एमपीटीबी) और जबलपुर पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद (जेएटीसीसी) के आयोजन में 18 प्रकार की साहसिक गतिविधियां निरंतर चलीं। इस अवसर पर जेएटीसीसी के सीईओ हेमंत सिंह ने कहा कि साहसिक गतिविधियों का केंद्र बने जबलपुर और मंडला के सीमा क्षेत्र में प्रति वर्ष यह आयोजन होना चाहिए। इस पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संभागायुक्त अभय वर्मा ने कहा कि निश्चित रूप से ऐसे आयोजन पर्यटन के विकास के मार्ग खोलेगा।

### लू से बचने के लिए मौसमी फलों का सेवन करें : सीएमएचओ

**घर से निकलते समय धूप और लू से बचाव के उपाय करें**

शहडोल। जिले में पिछले एक सप्ताह से वातावरण में लगातार परिवर्तन हो रहा है। प्रात: 10 बजे से ही गर्म हवाएं चलने लगती हैं जिसके कारण लू लगने की आशंका बढ़ गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने आमजनों को लू से बचाव की सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि लू से बचने के लिए जन सामान्य ज्यादा समय तक घर पर ही रहें। जिले में पिछले एक सप्ताह से तापमान में तेजी से वृद्धि हो रही है। दिन में 10 बजे के बाद गर्म हवाओं का प्रकोप हो जाता है। आमजन अति आवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकले। जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलते समय पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। खाली पेट घर से बाहर न जायें। इससे लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। दिन में कम से कम 12 से 15 गिलास पानी जरूर पियें। लू से बचाव के लिए देशी घरेलू उपाय अपनाएं। बाहर निकलते समय सूती कपड़े से चेहरा और सर ढककर रखें तथा पानी साथ में जरूर रखें। पहनने के लिए सूती कपड़ों का अधिक उपयोग करें। लू से बचने के लिए खरबूज, तरबूज, ककड़ी, खीरा, आदि मौसमी फलों का सेवन करें। बेल, सौफ, पोदीना, धनिया आदि के शर्बत तथा छांछ के उपयोग से भी लू से बचाव होता है। कच्चे आम के पने का भी उपयोग करें। अगर लू के लक्षण जैसे मिचली आने, गला सूखने तथा बुखार का प्रकोप होने पर तत्काल डॉक्टर से संपर्क करके उचित उपचार करायें।

### शहडोल पुलिस द्वारा आबकारी एक्ट के तहत 09 स्थानों पर कार्यवाही

शहडोल। शहडोल जिले में अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध शराब के विक्रेताओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें। अभियान के अंतर्गत दिनांक 18 अप्रैल 2025 को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी की गई, जिसमें कुल 09 स्थानों पर दबिश दी गई। इस कार्रवाई में 15 बॉटल बियर, 20 लीटर देशी शराब एवं 12 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की गई, जिसकी कुल कीमत ?10,270 रु. है। सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई।

### खैरहा पुलिस ने की सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही

शहडोल। पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा नशे एवं सट्टा/जुआ के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना खैरहा क्षेत्रांतर्गत दिनांक 18.04.2025 को कस्बा भ्रमण के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सिरौंजा में दो व्यक्ति सट्टा पर्ची के माध्यम से लोगों को पैसे की हार जीत के दाव लगवा रहा है। सूचना की तस्दीक हेतु उक्त स्थान पर पहुंचे जहां दो ब्यक्ति सट्टा पर्ची काटते हुए मिले जिनसे नाम पता पूछने पर उन्होंने अपना नाम विनय कुमार जायसवाल पिता बाबूलाल जयसवाल उम्र 30 वर्ष एवं अतुल जयसवाल पिता लल्ला जयसवाल दोनों निवासी ग्राम सिरौंजा खैरहा का होना बताया। पुलिस द्वारा तलासी लेने पर उनके कब्जे से सट्टा पर्ची, पेन एवं नगदी 510/-रुपये जब्त किया गया। पुलिस द्वारा आरोपी के विरूद्ध पब्लिक गैंबलिंग एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में प्रआर0 रामनाथ बांधव की सराहनीय भूमिका रही।

# जब्ती ट्रैक्टर वाहन से संबंधित प्रकरण के निराकरण हेतु पत्र जारी

जागरण, शहडोल। उप वनमण्डलाधिकारी, उप वन मंडल जयसिंहनगर मुकुल सिंह ठाकुर द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि वन परिक्षेत्र जयसिंहनगर अन्तर्गत बीट कनाडीखुर्द के कक्ष क्रमांक पी.एफ. 391 (हलफल नाला) में वनभूमि से रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते पाए जानें के फलस्वरूप भा.व.अ.1927 की धारा 33 (1) ख, 52 के तहत पंजीकृत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 9972/17 दिनांक 25.01.2023 से अभिग्रहित वाहन पावर ट्रैक ट्रैक्टर रजिस्ट्रेशन नंबर डच् 54 । 5792 (ट्राली सहित) के संबंधित आरोपी (जिनसे ट्रैक्टर वाहन की जप्ती हुई) श्री शिवम राव पिता रामनरेश राव साकिन जयसिंहनगर जिला-शहडोल (म.प्र.) किसी अन्य आपराधिक मामले में जेल में बन्द हैं, तथा ट्रैक्टर के वाहन स्वामी श्री चन्द्रशेखर पिता बाला प्रसाद तिवारी निवासी ग्राम बरबसपुर थाना उमरिया तहसील मानपुर जिला उमरिया (म.प्र.) की मृत्यु हो चुकी है, वाहन स्वामी की मृत्यु हो जानें के कारण उनके वैधानिक उत्तराधिकारी या, किसी अन्य अधिकृत व्यक्ति के द्वारा उक्त वाहन का स्वामित्व धारित किए जानें के सम्बन्ध में कोई अभ्यावेदन तथा वैधानिक दस्तावेज आज दिनांक तक प्रस्तुत नहीं किए जानें के कारण उक्त प्रकरण के निराकरण सम्बन्धी कार्यवाही प्राधिकृत अधिकारी एवं उप वनमण्डलाधिकारी जयसिंहनगर के कार्यालय में लंबित है। जारी पत्र के अनुसार उपरोक्त अभिग्रहीत ट्रैक्टर के मृतक वाहन स्वामी के वैधानिक उत्तराधिकारी अथवा अन्य कोई अधिकृत व्यक्ति जो उक्त वाहन का वैध स्वत्वाधिकार रखता हो, तो प्रकरण का निराकरण के सम्बन्ध में वैध दस्तावेजों सहित अभ्यावेदन इस विज्ञप्ति प्रकाशन से 15 दिवस के भीतर प्राधिकृत अधिकारी एवं उप वनमण्डलाधिकारी जयसिंहनगर जिला-शहडोल (म.प्र.) के कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें, अन्यथा की स्थिति में यह मानते हुए कि उक्त वाहन का वैधानिक स्वामित्व रखनें वाला कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं है, प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

# आदिवासी क्षेत्रों के लिए सौगात, 140 लाख की लागत से सड़कों-पुलियों समेत 23 कार्य स्वीकृत तो हुए, क्या ये कार्य भ्रष्टाचार के बिना पूर्ण होंगे



जागरण डिंडोरी। अनुसूचित जनजाति बस्ती विकास एवं विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत शहपुरा और डिंडौरी विधानसभा क्षेत्रों में 140 लाख रुपये की लागत से 23 निर्माण कार्यों को स्वीकृति दी गई है। इन कार्यों में सड़कों, पुलियों, नालियों और अन्य सार्वजनिक संरचनाओं का निर्माण शामिल है, जिससे 22 ग्रामों के निवासियों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार, यह स्वीकृति अनुशंसित प्रस्तावों के आधार पर दी गई है और कार्यों को ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण) द्वारा क्रियान्वित किया जाएगा। ग्रामवार स्वीकृत कार्यों में छिवली माल, खाम्ही, मुढिया कला, भैंसवाही, बहेरा, रामगढ़, सेनगुड़ा, दल्काखम्हरिया, बघर्रा, दर्री मोहगांव, कुई, जलेगांव, उमरिया, जल्दामुढिया, बिजौरी, जाड़ासुरंग, सिंघनपुरी, तेंदूमेर मोहतरा, हिनौता और केवलारी जैसे गांवों में सीसी रोड और पुलिया निर्माण शामिल हैं।

प्रशासन ने निर्देश दिए हैं कि सभी कार्य समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से संपन्न किए जाएं ताकि स्थानीय लोगों को शीघ्र लाभ मिल सके। यह पहल क्षेत्र के समग्र विकास के साथ-साथ वर्षों से चली आ रही बुनियादी समस्याओं के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

निर्माण कार्यों के लिए निधि का व्यय बजट की मांग संख्या 33, शीर्ष 4225 और उपयोजना 4722 के अंतर्गत किया जाएगा। कार्यों के लिए भुगतान तीन किश्तों में किया जाएगा—40त्न, 40त्न और 20त्न, जिसमें प्रत्येक किश्त के लिए उपयोगिता प्रमाण-पत्र, माप-पुस्तिका और निर्माण कार्य की तस्वीरें अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करनी होंगी। यह योजना न केवल जनजातीय समुदायों की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करेगी बल्कि उनके जीवन स्तर को भी ऊंचा उठाएगी।

# गौराकन्हारी गांव में आयोजित हुआ बैगा जनजातीय सम्मेलन

### सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने हितग्राहियों को सौंपे आवास और वन अधिकार पत्र



जागरण डिंडोरी। वनग्राम गौराकन्हारी में रविवार को पारंपरिक संस्कृति और सशक्तिकरण का अनूठा संगम देखने को मिला, जब वहां बैगा जनजातीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते उपस्थित रहे। इस दौरान शहपुरा विधायक श्री ओमप्रकाश धुर्वे, डिंडोरी विधायक श्री ओमकार मरकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री रुद्रेश परस्ते, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री चमरू सिंह नेताम, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ज्योतिप्रकाश धुर्वे, श्री नरेंद्र राजपूत, श्री पंकज तेकाम, श्री महेश धुमकेती, श्री आशीष वैश्य सहित अन्य जनप्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के द्वारा प्रधानमंत्री जनजातीय सशक्तिकरण योजना पीएम जनमन योजना के अंतर्गत चयनित हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्र एवं सामुदायिक वन अधिकार (ष्टस्नक्र) पत्र वितरित किए गए। सम्मेलन में बड़ी संख्या में बैगा समुदाय के लोग पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक नृत्य और स्वागत गीत से हुई, जिसमें जनजातीय सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिली। सांसद श्री कुलस्ते ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार विशेष रूप से जनजातीय समुदायों के विकास और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि पीएम जनमन योजना के माध्यम से वन क्षेत्रों में निवासरत जनजातियों को आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा, वन अधिकार अधिनियम के तहत सामुदायिक वन अधिकार पत्रों का वितरण इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे जनजातीय समाज को उनके पारंपरिक संसाधनों पर अधिकार प्राप्त होगा और वे आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर होंगे। उन्होंने स्थानीय प्रशासन को निर्देश दिए कि प्रत्येक पात्र परिवार को योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के समय पर मिले। इस दौरान कई हितग्राहियों ने मंच से अपने अनुभव साझा करते हुए सरकार की योजनाओं के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, वन उत्पाद प्रदर्शनी और जनकल्याण योजनाओं की जानकारी देने वाले स्टॉल्स भी लगाए गए थे, जिसमें बहुतायत ग्रामीण लाभान्वित हुए।

# स्वस्थ जीवन शैली अपनाने हेतु पोषण भजन संध्या का आयोजन



जागरण डिंडोरी। बच्चों में मोटापे की समस्या को दूर करने एवं संतुलित पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आज स्थानीय महिला मंडल/समूह के साथ एक विशेष पोषण भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और C-MAM (समुदाय आधारित प्रबंधन पोषण) की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने मोटापे से जुड़ी बीमारियों, संतुलित आहार, सक्रिय जीवनशैली और नियमित व्यायाम की महत्ता पर प्रकाश डाला। गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं के साथ एनीमिया पर भी चर्चा की गई।

साथ ही बच्चों की शारीरिक माप, कुपोषित बच्चों की पहचान व उपचार, और जंक फूड के दुष्प्रभावों के विषय में भी जानकारी दी गई। 10 दिवसीय शारीरिक माप दिवस की शुरुआत की घोषणा भी की गई। कार्यक्रम में समुदाय के जनप्रतिनिधि, महिला समूह सदस्य, विभिन्न समितियों के सदस्य, आंगनवाड़ी व स्कूल के बच्चे, आशा स्वास्थ्य कार्यकर्ता तथा सीएचओ ने भाग लिया। इस आयोजन को महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, आयुष विभाग, शिक्षा विभाग, एवं पंचायत तथा ग्रामीण/शहरी विकास विभाग के संयुक्त प्रयास से सफल बनाया गया। सम्पूर्ण कार्यक्रम का उद्देश्य रखा गया। स्वस्थ बच्चा, स्वस्थ समाज।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत डिंडोरी जिले में संचालित किए जा रहे जागरुकता कार्यक्रम




जागरण डिंडोरी। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत डिंडोरी जिले के विभिन्न ग्रामों में जन अभियान परिषद की टीम द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से जल संरक्षण को लेकर जागरूकता फैलाने का कार्य जोर-शोर से किया जा रहा है।

अभियान के अंतर्गत गांव-गांव में जल स्रोतों की सफाई, दीवार लेखन, जन संवाद एवं शपथ ग्रहण जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों को जल के महत्व, इसके संरक्षण की आवश्यकता और भावी पीढ़ियों के लिए जल बचाने की प्रेरणा दी गई।

जन अभियान परिषद की टीम ने स्थानीय युवाओं, महिलाओं और बच्चों को भी इस अभियान में सक्रिय रूप से जोड़ा, जिससे समुदाय में जल के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित हो रही है। ग्रामवासियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपने जल स्रोतों की स्वच्छता और देखरेख की जिम्मेदारी लेने की शपथ ली। दीवारों पर प्रेरणादायक स्लोगन और जल संरक्षण से जुड़ी जानकारियां लिखी गईं, जिससे जागरूकता का संदेश हर घर तक पहुंचे। यह अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि सामुदायिक भागीदारी और जनचेतना का भी उत्कृष्ट उदाहरण बन रहा है।

# समाधान ऑनलाइन एवं 100 दिवस वाले प्रकरणों पर विशेष फोकस करें : सीईओ




जागरण मंडला। जिला योजना भवन में समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट ने कहा कि समाधान के एट्रीब्यूट्स आ चुके हैं सभी विभाग प्रमुख इसके बिन्दुओं का गंभीरतापूर्वक अध्ययन करते हुए संबंधित प्रकरणों के साथ-साथ 100 दिवस से अधिक समय से लम्बित सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों पर विशेष फोकस करें। आगामी 28 अप्रैल को इसकी समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि सोमवार की शाम तक जिले की रैकिंग जारी होनी है इसलिए शाम तक अधिक से अधिक प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण दर्ज कराएं। न्यायालय के अवमानना के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रकरण में कम्पलाईंस करें तथा उक्त के संबंध में न्यायालय में प्रस्तुत किए गए प्रतिवेदन की एक प्रति जिला शाखा में उपलब्ध कराएं। साथ ही डब्ल्यूपी के सभी प्रकरणों में समुचित जवाब लगाएं। डब्ल्यूपी के प्रत्येक प्रकरण के लिए अलग से केस फाईल तैयार करें। उपार्जन कार्य की समीक्षा करते हुए उन्होंने जिले में 5 केन्द्रों में खरीदी प्रारंभ नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की एवं सोमवार से उन केन्द्रों में खरीदी प्रारंभ कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि कृषकों को उपार्जन केन्द्र में किसी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए। साथ ही खरीदी गई फसल का परिवहन भी समांतर रूप से कराना सुनिश्चित करें। नरवाई प्रबंधन के विषय में श्री कूमट ने कहा कि वर्तमान में यह विषय शासन की प्राथमिकता में है इसलिए कृषकों को नरवाई प्रबंधन के लिए जानकारी एवं जागरूकता होनी चाहिए। सुपरसीडर, हेपीसीडर, स्ट्रारीपर आदि उपकरणों के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार करें, जिससे कृषकों को खेतों की सफाई के लिए वैकल्पिक तरीकों की जानकारी मिल सके। बैठक में आयुष्मान, समग्र ई-केवाईसी, पात्रतापर्ची, धरती आबा, जल जीवन मिशन, चुटका परियोजना, जल गंगा संवर्धन तथा अंतर्विभागीय बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# सामने आ रहा न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच टकराव

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की सुप्रीम कोर्ट पर टिप्पणियों ने न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच टकराव को उजागर किया है। उन्होंने जजों की नियुक्ति और संविधान की व्याख्या जैसे मुद्दों पर असहमति जताई, जिससे संवैधानिक संकट की आशंका बढ़ गई है। उनकी टिप्पणियों ने जनता में भ्रम और अविश्वास का माहौल पैदा किया है। जजों की नियुक्ति का मामला हो या संविधान की व्याख्या, मतभेद पहले भी रहे हैं। लेकिन, पहली बार संवैधानिक पद पर बैठे किसी जिम्मेदार ने इतनी तल्ख बातें की हैं। जिस मंच का इस्तेमाल किया गया, वह भी सही नहीं था। इससे किसी बदलाव की उम्मीद कम, बेकार की बहस बढ़ने का अंदेशा ज्यादा है।

शीर्ष अदालत ने हाल में एक मामले की सुनवाई करते हुए राज्यपालों के अलावा राष्ट्रपति के लिए भी विधेयक पास करने की समय-सीमा तय कर दी है। उपराष्ट्रपति की टिप्पणियां उसी संदर्भ में थीं। उनका सबसे सख्त ऐतराज इस पर बात पर रहा कि सुप्रीम कोर्ट देश के राष्ट्रपति को निर्देश नहीं दे सकता। धनखड़ संवैधानिक पद पर हैं और जब वह ऐसी बात करते हैं, तो टकराव बढ़ता है।

उपराष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 142 को लोकतांत्रिक ताकतों के खिलाफ न्यूक्लियर मिसाइल बताया है। यह अनुच्छेद स्र्ट को विशेष अधिकार देता है। जब पूर्ण न्याय के लिए कोई और रास्ता नहीं बचता, तब सुप्रीम अदालत इस अनुच्छेद से मिली पूर्ण शक्तियों का इस्तेमाल करती है। इसे किसी संवैधानिक संस्था के खिलाफ हथियार नहीं कहा जा सकता, बल्कि यह उम्मीद का दरवाजा है।

> उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की सुप्रीम कोर्ट पर की गई टिप्पणियों ने कार्यपालिका और विधायिका के बीच के टकराव को सार्वजनिक कर दिया है।

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने सुप्रीम कोर्ट को सुपर संसद कहा, अनुच्छेद 145 (3) में संशोधन की वकालत की। यह अनुच्छेद तय करता है कि संविधान से जुड़े मामलों पर सुप्रीम कोर्ट की पीठ का गठन किस तरह किया जाएगा। ऐसे में इस तरह की टिप्पणियां जनता में भ्रम पैदा कर सकती हैं, अविश्वास का माहौल बनता है।

उपराष्ट्रपति की कुछ चिंताएं अपनी जगह सही हैं। उन्होंने दिल्ली हाई कोर्ट के एक न्यायाधीश के घर से मिले नोटों के जले हुए बंडल का जिक्र किया और जवाबदेही की बात उठाई। देश के नागरिक के तौर पर उनकी चिंता और सवाल जायज हो सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट को ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए, जिससे पारदर्शिता बढ़े और न्यायपालिका पर भरोसा कायम रहे। हालांकि बतौर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ अपनी टिप्पणियों से बच सकते थे। आज के राजनीतिक माहौल में उनसे ज्यादा संतुलित व्यवहार की अपेक्षा की जाती है।

# डीप टेक के विकास के लिए अधिक निवेश की जरूरत

नवाचार और निवेश



भारतीय स्टार्टअप्स (नव उद्यमों) के केंद्र को लेकर शुरू हुई बहस नवाचार और रोजगार सृजन के इर्द-गिर्द घूम रही है। जरूरी है कि हमारे स्टार्टअप्स आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), रोबोटिक्स, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और ग्लोबल लॉजिस्टिक्स जैसे डीप टेक (गहन तकनीकी) क्षेत्रों में काम करें। जिस तरह सरकार स्टार्टअप्स को बढ़ावा देना चाह रही है, दरअसल, विशाल आकार वाले हमारे उपभोक्ता बाजार से जितने अवसर बन सकते हैं, उसके मद्देनज़र यह अपेक्षा करना उचित भी है।

हालांकि, अधिकांश भारतीय स्टार्टअप्स ने नई तकनीकों के अनुप्रयोग और अपनाने में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन बहुत कम स्टार्टअप्स नई तकनीक को विकसित करने, उसका व्यवसायीकरण करने या फिर भारतीय संस्थाओं द्वारा विकसित तकनीकों एवं खोजों को उद्यमशील उपक्रमों में फलीभूत करने का काम कर रहे हैं।

प्रौद्योगिकी विकास को मौलिक अनुसंधान, विश्वविद्यालयों के साथ समन्वय और यथेष्ट जनशक्ति की आपूर्ति वाले पारिस्थितिकी तंत्र की आवश्यकता होती है। भारत ने तकनीकी सेवाओं में अच्छा प्रदर्शन किया है क्योंकि इस क्षेत्र के लिए सुयोग्य इंजीनियरिंग जनशक्ति पर्याप्त मात्रा में थी और इस व्यवसाय में मौलिक शोध की आवश्यकता नहीं पड़ती। देश ने शोध प्रणाली, शिक्षाविदों को साथ जोड़कर और प्रशिक्षित जनशक्ति के साथ जीवन विज्ञान क्षेत्र में ठीक-ठाक प्रदर्शन किया है। विदेशी कंपनियों के आउटसोर्स रिसर्च एंड डेवेलपमेंट केंद्रों में काम करने वाले भारतीय उनके लिए नए उत्पाद और बौद्धिक संपदा विकसित कर रहे हैं। वे ऐसा इसलिए कर पाते हैं क्योंकि वहां उन्हें भरपूर निवेश का फायदा प्राप्त होता है और तमाम जरूरी उपकरण उपलब्ध हैं।

डीप टेक क्षेत्र अत्याधुनिक खोजों और उच्च-स्तरीय नवाचार द्वारा संचालित होते हैं, जो आगे चलकर बुनियादी शोध और विश्वविद्यालयों के उन्नयन में गहन और निरंतर निवेश के माध्यम से ही प्राप्त हो सकते हैं।

जब देश अपने सकल घरेलू उत्पाद का 1 प्रतिशत से भी कम अनुसंधान और विकास पर खर्च करेगा, तो स्टार्टअप्स से बिल्कुल नई चीज़ें बनाने की उम्मीद करना अवास्तविक होगा। उदाहरण के लिए, पिछले कुछ वर्षों से भारत में सुर्खियों में रहने वाले डीप टेक विषयों में एक है क्वांटम कंप्यूटिंग। सरकार ने 2031 तक 6,000 करोड़ रुपये (लगभग 735 मिलियन डॉलर) के वित्तपोषण के साथ राष्ट्रीय क्वांटम मिशन (जिसमें मुख्य ध्यान का केंद्र क्वांटम कंप्यूटिंग पर है) बनाने की घोषणा की है। देखने में यह एक बड़ी राशि लग सकती है, लेकिन अन्य देशों की तुलना में यह कुछ भी नहीं है ङ्क चीन ने अपनी क्वांटम प्रौद्योगिकी पहल के वास्ते 15 बिलियन डॉलर का सार्वजनिक निवेश आरक्षित कर रखा है।

> अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा छेड़े गए टैरिफ युद्ध के बीच, भारत में स्टार्टअप्स हों या बड़ी कंपनियां, दोनों के लिए डीप टेक को विकसित करना और अधिक चुनौतीपूर्ण हो जाएगा। हमें डीप टेक इनोवेशन सिस्टम को बढ़ावा देने के लिए एक मजबूत नीतिगत पहल बनाने की जरूरत है, जिसके लिए पर्याप्त सार्वजनिक निवेश का इंतजाम हो।

दिनेश सी. शर्मा

किसी भी क्षेत्र में शोध पत्रों का प्रकाशन मौलिक शोध का एक अन्य महत्वपूर्ण अवयव होता है। चीन का राष्ट्रीय प्राकृतिक विज्ञान फाउंडेशन क्वांटम कंप्यूटिंग अनुसंधान प्रकाशनों में अपने अमेरिकी समकक्षों से काफी आगे है।

हालांकि जब बात पेटेंट की आती है तो आईबीएम, माइक्रोसॉफ्ट और गूगल के अलावा डी-वेव और क्वांटिनम जैसी विशेषज्ञ क्वांटम कंपनियों के पास क्वांटम कंप्यूटिंग से संबंधित पेटेंट बड़ी संख्या में हैं। ये क्वांटम सॉफ्टवेयर स्टैक के मूल स्रोत हैं, जिन पर अन्य कंपनियां निर्भर करती हैं। नतीजतन, इस क्षेत्र में हमारी निर्भरता भविष्य में अंतरराष्ट्रीय कंपनियों पर बढ़ती जाएगी, क्योंकि ऊर्जा से लेकर चिकित्सा तक के क्षेत्रों में समस्याओं के समाधान के लिए डीप टेक का इस्तेमाल पहले से हो रहा है।

एक उदाहरण है, नई बैटरी सामग्री की खोज के लिए एआई और उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटिंग (हाई परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग) का संयोजन। हैरानी की बात है कि माइक्रोसॉफ्ट द्वारा विकसित एक एआई मॉडल का उपयोग करके, अमेरिकी ऊर्जा विभाग के पैसिफिक नॉर्थवेस्ट नेशनल लेबोरेटरी के वैज्ञानिक 32 मिलियन संभावित उम्मीदवार सामग्रियों की स्क्रीनिंग करने में सक्षम हुए। वे एक ऐसी नई सामग्री का पता लगा पाए हैं जिसमें लिथियम इलेक्ट्रोलाइट की जरूरत को लगभग 70 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। इस महत्वपूर्ण कार्य का नेतृत्व वैज्ञानिक विजय मुरुगेसन ने किया, जिन्होंने तमिलनाडु के भारथिअर विश्वविद्यालय से पीएचडी की है। यह एक उत्कृष्ट उदाहरण है कि कैसे डीप टेक नवाचार और उद्योग एवं अनुसंधान संस्थानों के बीच साझेदारी से एक जटिल समस्या का समाधान निकल सकता है।

भारत में कई वर्षों से हाई परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग मिशन और एक मजबूत सामग्री वाला विज्ञान समूह भी है, लेकिन हमें अभी तक ऐसा सहयोग और ऐसा परिणाम देखने को नहीं मिला है। अगर मंत्री महोदय ने 2023 में पीएसए विभाग द्वारा तैयार की गई राष्ट्रीय डीप टेक स्टार्टअप नीति के मसौदे को देखने की जहमत उठाई होती, तो हाल ही में स्टार्टअप इवेंट में जो सवाल उन्होंने पूछे, उनका जवाब खुद-ब-खुद मिल जाता।

यह नीति, जो अभी तक भी सिर्फ कागज़ों पर ही है, इसमें 'बुनियादी अनुसंधान एवं विकास को नए सिरे से गति प्रदान करने के लिए अनुसंधान एवं विकास पर सकल व्यय में वृद्धि' का प्रस्ताव दिया गया है, जिससे कि उभरते डीप टेक स्टार्टअप्स के लिए आवश्यक विज्ञान आधार और प्रशिक्षित वैज्ञानिक मानव संसाधन रूपी महत्वपूर्ण बुनियाद को संबल मिल पाए। इसने अकादमिक संस्थानों और शोध प्रयोगशालाओं में मौजूदा शोध मूल्यांकन प्रणालियों में संशोधन का भी सुझाव दिया है, ताकि उत्पन्न ज्ञान को उद्यमशील उपक्रमों में बदला जा सके। इसकी प्राप्ति शोध प्रयोगशालाओं में एक अलग प्रौद्योगिकी व्यवसायीकरण विभाग बनाकर और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करके की जा सकती है। इसके अलावा, संकाय सदस्यों को उद्यमशील जोखिम उठाने के लिए प्रोत्साहन दिए जाने की आवश्यकता है। इस तरह, वे या तो अपना खुद का स्टार्टअप शुरू कर सकते हैं या मौजूदा स्टार्टअप्स को प्रौद्योगिकी हस्तांतरित कर सकते हैं। विदेशी कंपनियों के आउटसोर्स रिसर्च एंड डेवेलपमेंट केंद्रों में काम करने वाले भारतीय उनके लिए नए उत्पाद और बौद्धिक संपदा विकसित कर रहे हैं। वे ऐसा इसलिए कर पाते हैं क्योंकि वहां उन्हें भरपूर निवेश का फायदा प्राप्त होता है और तमाम जरूरी उपकरण उपलब्ध हैं।

डीप टेक का विकास बढ़े हुए अनुसंधान एवं विकास व्यय और उद्योग-अकादमिक सहयोग के अलावा, लिथियम एवं दुर्लभ खनिजों जैसी महत्वपूर्ण सामग्रियों तक पहुंच पर निर्भर करता है जिनकी वैश्विक आपूर्ति चीन द्वारा नियंत्रित है। फिर रणनीतिक सामग्रियां जैसे कि उन्नत कंपोजिट, कार्बन और सिरेमिक सामग्री भी हैं, जिनका इस्तेमाल रक्षा, परमाणु, अंतरिक्ष, एयरोस्पेस और इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्रों में होता है। ऐसी सामग्रियों तक पहुंच भी प्रतिबंधित है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा छेड़े गए टैरिफ युद्ध के बीच, भारत में स्टार्टअप्स हों या बड़ी कंपनियां, दोनों के लिए डीप टेक को विकसित करना और अधिक चुनौतीपूर्ण हो जाएगा। हमें डीप टेक इनोवेशन सिस्टम को बढ़ावा देने के लिए एक मजबूत नीतिगत पहल बनाने की जरूरत है, जिसके लिए पर्याप्त सार्वजनिक निवेश का इंतजाम हो।

# ब्रिटिश स्टील का उत्पादन खत्म होने के कगार पर

अंतरराष्ट्रीय



क्या डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ ब्रिटेन का फौलादी इतिहास मिटा देंगे? अखबारों की सुर्खियां चीख रही हैं। स्कनथॉर्प में ब्रिटिश स्टील की फर्नेस यानी भट्ठियां ठंडी होने वाली हैं। ट्रंप ने अमेरिका में स्टील की आमद पर टैरिफ थोप दिया है। इसके बाद ब्रिटिश स्टील के चीनी मालिक जिंगये ने इस प्लांट के लिए कोकिंग कोल की आपूर्ति रोक दी है। इस इकाई ने लोहे की सप्लाई का पैसा भी नहीं चुकाया है। कोल और आयरन ओर नहीं, तो स्कनथॉर्प की इकाई बंद। 2,700 नौकरियां गईं! चीनी मालिक जिंगये फुफकार रहे हैं, हर दिन सात लाख पाउंड का घाटा! टैरिफ ने कमर तोड़ दी। सरकार कह रही है, 50 करोड़ पाउंड लो, पर्यावरण के लिए सुरक्षित स्टील बनाओ। पर जिंगये को एक अरब पाउंड चाहिए।

बात बन नहीं रही है। ब्रिटेन का 150 साल पुराना स्टील उत्पादन खत्म होने के कगार पर है। यह वही ब्रिटेन है, जिसने कभी दुनिया में रेल बिछाई, जहाज तैराए, साम्राज्य खड़ा किया और अब जी-7 का इकलौता मुल्क बनने जा रहा है, जो अपना स्टील भी नहीं बना सकता।

बर्तानवी स्टील इतिहास की करवट बड़ी सनसनीखेज है और इसका भारत से बड़ा पेचीदा रिश्ता है। हम उस दौर में चलते हैं, जब ब्रिटिश स्टील दुनिया का सपना था। यह 1780 का दशक है। हम फांटले हैम्पशायर में हैं। यहां हेनरी कॉर्ट नाम का एक बंदा कुछ गजब का जादू दिखा रहा है। कार्ट लोहार है। लैंकास्टर का निवासी है और रॉयल नेवी में अपनी नौकरी के दौरान लोहे का हुनर सीख कर आया है। 'लोहा तो बनता है, पर इसे साफ और मजबूत कैसे करें?' इस सवाल का जवाब तलाशते हुए उसने 'पडलिंग प्रोसेस' का आविष्कार किया। अब हम 1856 में लंदन में हैं। यह सेंट पैनक्रास का इलाका है। बेक्सटर हाउस की अपनी प्रयोगशाला में काम कर रहे हैं हेनरी बेसेमर। उनकी शुरुआती कोशिशों को बड़ी आलोचना झेलनी पड़ी है।

वह तोप के गोले बना रहे हैं। लेकिन लोहा सस्ता और मजबूत कैसे हो? बेसेमर ने एक भट्ठी बनाई है, जिसमें हवा फूंककर लोहे की गंदगी जलाकर उसने 'बेसेमर प्रोसेस' खोज लिया है। अब स्टील घंटों में बनेगा, हफ्तों में नहीं! लोहा पिघलता है, आग की लपटें उठती हैं, और स्टील तैयार। यह कमाल ब्रिटेन को स्टील का बादशाह बना देगा। आखिरकार, हेनरी बेसेमर सर हेनरी बेसेमर होंगे और स्टील के जादूगर कहे जाएंगे। लोहा मिलते वह रेल की पटरियां बिछवाकर कारखाने बनाने लगा है। अब ब्रिटेन का स्टील ब्रिटिश साम्राज्य की रगों में दौड़ने लगा है। रेल क्रांति शुरू हो गई है। पटरियां भारत तक बिछ रही हैं। स्टील के जहाज समंदर पार कर रहे हैं। नौसेना को ताकत मिल रही है।

> ब्रिटेन का 150 साल पुराना स्टील उत्पादन खत्म होने के कगार पर है। यह वही ब्रिटेन है, जिसने कभी दुनिया में रेल बिछाई, जहाज तैराए, साम्राज्य खड़ा किया और अब जी-7 का इकलौता मुल्क बनने जा रहा है, जो अपना स्टील भी नहीं बना सकता।

अंशुमान तिवारी

1907 का साल। जमेशद जी टाटा की टाटा स्टील की फर्नेस स्टील उगल रही है। भारत का पहला स्टील प्लांट, ब्रिटिश स्टील की गुलामी से बगावत का परचम बन गया है। ब्रिटिश रेल वाले क्वालिटी को लेकर नाक-भौं सिकोड़ते हैं। टाटा का स्टील ठुकरा दिया गया है। 1980 आ गया है। यह ब्रिटेन के औद्योगिक इतिहास का निर्णायक मोड़ है। मारग्रेट थैचर ने प्राइवेटाइजेशन की यलगार की है। यह 1988 का साल है। ब्रिटिश स्टील कॉरपोरेशन प्राइवेट होकर ब्रिटिश स्टील पीएलसी बन गई है। पुनर्गठन हुआ है। प्लांट बंद, मजदूर कम, और घाटा खत्म-बस। सुर्खियां चीख रही हैं। यूरोप में स्टील का नया सिकंदर तैयार हो गया है। नई मशीनें, सस्ता माल, और दुनिया में धाक जम गई।

अब यह 2007 है। टाटा स्टील ने कोरस को खरीद लिया है। यह वही टाटा है, जिसे कोरस के बर्तानवी पूर्वज स्टील बनाने लायक मानते ही नहीं थे।

अब हम 2016 में हैं। ब्रिटिश स्टील का स्कनथॉर्प वाला हिस्सा ग्रेबुल कैपिटल को बिकता है। ब्रिटिश स्टील लिमिटेड फिर जन्म ले रही है, मगर यह 2019 में दिवालिया हो गई। अब चीनी जिंगये कंपनी बचाने आई है, जिसने अब ट्रंप के टैरिफ के बाद ब्रिटिश सरकार की सब्सिडी योजना को नकार दिया है। ब्रितानी बजट में इतना पैसा नहीं है कि इस पुरानी कंपनी को नया और पर्यावरण के लिए सुरक्षित तकनीक से लैस किया जा सके। यह लीजिए, हम लौट कर स्कनथॉर्प आ गए हैं। यहां हर दिन सात लाख पाउंड का नुकसान, टैरिफ की चोट और पर्यावरण के नियमों की मार के कारण नौकरियों पर बन आई है। ट्रंप के टैरिफ ने दुनिया के स्टील कारोबार की चूलें हिला दी हैं। स्कनथॉर्प की भट्ठियां शांत होने को हैं। टाइम मशीन लंदन में उतर रही है, जहां की राजनीतिक आबोहवा में ब्रितानी स्टील के 150 साल के इतिहास की उल्टी गिनती चल रही है। क्या ब्रिटेन अब अपना स्टील नहीं बना पाएगा? कुछ पता चले, तो बताइएगा।

प्रसंगवश

# प्रतिभाओं के पलायन को रोकने अनुकूल माहौल बनाएं

यह खबर चौंकाने वाली है कि बीते साल विदेश जाने वाले छात्रों की संख्या में 25 फीसदी की कमी आई है। जबकि अमेरिका जाने वाले छात्रों की संख्या में 36 और कनाडा जाने वाले छात्रों की संख्या में 34 फीसदी की कमी आई है। कमोबेश यही स्थिति ब्रिटेन की भी है। ये आंकड़े वर्ष 2024 के हैं। निश्चित तौर पर जब ट्रंप काल में उखाड़-पछाड़ के दौर के आंकड़े सामने आएंगे, तो वे ज्यादा चौंकाने वाले होंगे। एक समय था कि छात्रों में परदेस जाकर पढ़ाई करने का जुनून उफान पर था। हर साल मां-बाप खून-पसीने की कमाई से और अपना पेट काटकर बच्चों को पढ़ने के लिये विदेश भेज रहे थे। कहीं-कहीं तो खेत बेचकर और घर गिरवी रखकर बच्चों को विदेश पढ़ाने के लिए भेजने के मामले भी प्रकाश में आए। दरअसल, देश में बैंकों से एजुकेशन लोन मिलने की सुविधा ने भी छात्रों की विदेश यात्रा को सुगम बनाया। हर साल लाखों छात्र सुनहरे सपने लिये विदेश गमन कर रहे थे। ये जुनून पंजाब में विशेष रूप से देखा गया, जो कनाडा-अमेरिका आदि देशों में संपूर्ण भारत से जाने वाले छात्रों का साठ फीसदी था। जरूरी नहीं था कि ये सारे छात्र मेधावी थे और सब दुनिया के शीर्ष विश्वविद्यालयों में दाखिला पा रहे थे। इनमें कई विश्वविद्यालय ऐसे भी थे जो सिर्फ विदेशी छात्रों से कमाई करने के मकसद से चलाए जा रहे थे। दरअसल, धीरे-धीरे छात्रों और उनके अभिभावकों को हकीकत का अहसास होता चला गया। उन्होंने महसूस किया कि वे मोटा पैसा खर्च करके जैसे-तैसे डिग्री तो पा सकते हैं, लेकिन ये नौकरी व ग्रीन कार्ड की गारंटी नहीं है। हां, कुछ छात्र किसी तरह छोटे-मोटे काम-धंधे करके अपनी पढ़ाई का खर्चा व घर का कर्जा उतारने का जुगाड़ जरूर कर लेते थे। दरअसल, धीरे-धीरे अमेरिका, ब्रिटेन व कनाडा सरकारों के दुराग्रहों व उनकी प्राथमिकताओं ने छात्रों को खुरदुरी जमीन के यथार्थ से रूबरू करा दिया। बीते साल अमेरिका में कई भारतीय छात्रों पर नस्लीय हमले हुए। कई छात्रों की हत्या हुई और अनेक घायल हुए। वैसे देखा जाए तो विदेशी मुद्रा अर्जित करने के बजाय हम हर साल अरबों रुपये इन देशों को भेज रहे थे। कुदरत का नियम है कि अपनी उर्वरा भूमि में ही पौधे अनुकूल वातावरण के चलते खिलते-निखरते हैं। ये हमारे नीति-नियंताओं की विफलता है कि आजादी के सात दशक बाद भी हम देश को अंतर्राष्ट्रीय मानकों वाले विश्वविद्यालय नहीं दे पाये। छात्रों में सरकारी नौकरियां पाने की लालसा को रचनात्मक विकल्प नहीं दे पाये। अमेरिका की सिलिकॉन वैली से लेकर आईटी से जुड़ी तमाम बड़ी कंपनियों को भारतीय प्रतिभाएं चला रही हैं। आखिर क्यों हम भारतीय मेधाओं को देश में ऐसा वातावरण नहीं दे पा रहे हैं, कि वे नई खोजों व अनुसंधान से देश को लाभान्वित कर सकें। भारत दुनिया में सबसे ज्यादा युवाओं वाला देश है। यदि हम उनकी क्षमता,योग्यता और प्रतिभा का बेहतर उपयोग नहीं कर पा रहे हैं, तो यह हमारी बड़ी नाकामी है। देश के सत्ताधीशों को इस दिशा में गंभीरता से सोचना होगा कि क्यों छात्रों में विदेश जाने की होड़ लगी रहती थी। छात्रों को अनुकूल वातावरण देकर ही विकसित भारत के संकल्प पूरे हो सकते हैं।

> आखिर क्यों हम भारतीय मेधाओं को देश में ऐसा वातावरण नहीं दे पा रहे हैं, कि वे नई खोजों व अनुसंधान से देश को लाभान्वित कर सकें।



## ।।गीता।।



**श्लोक :** अक्षरं ब्रह्म परमं स्वभावोऽध्यात्ममुच्यते।
भूतभावोद्भवकरो विसर्गः कर्मसंज्ञित।।

**भावार्थ :** श्री कृष्ण ने कहा- परम अक्षर 'ब्रह्म' है, अपना स्वरूप अर्थात जीवात्मा 'अध्यात्म' नाम से कहा जाता है तथा भूतों के भाव को उत्पन्न करने वाला जो त्याग है, वह 'कर्म' नाम से कहा गया है।

जीवन दर्शन

# लीडरशिप क्वालिटीज के लिए मार्गदर्शन जरूरी

एक और गुण हैं जो माता-पिता अपने बच्चों में देखना चाहते हैं, और वो है नेतृत्व क्षमता का गुण आसान भाषा में आप लीडराशिप क्वालिटी के नाम से जान सकते हैं। आज का दौर पहले की तुलना में बहुत बदल गया है, एक समय था जब बच्चे का भविष्य केवल किताबों तक सीमित था, इसलिए माता-पिता भी हर समय अपने बच्चे को पढ़ाई करते हुए ही देखना चाहते थे। परंतु आज खेलकूद और एक्स्ट्रा करीकुलर एक्टिविटीज का वजूद शायद पढ़ाई के ओहदे तक पहुँच चुका है। वहीं कुछ बच्चे इन लीक से हटकर कुछ अलग करना चाहते हैं, वे दूसरों को लीड करना चाहते हैं। लेकिन हर किसी के लिए संभव भी नहीं होता, इसके लिए कुछ ऐसी क्वालिटीज आपके अंदर होनी चाहिए जो आपको अन्य लोगों से भिन्न बनाती हैं। इसके लिए स्कूल की तो पूरी जिम्मेदारी बनती ही हैं साथ ही साथ माता-पिता, जिसे बच्चों के पहले शिक्षक के तौर पर देखा जाता है को भी अपने बच्चों में कुछ



ऐसे गुणों को भरने का प्रयास करना चाहिए जो उन्हें एक बेहतरीन लीडर के रूप में स्थापित करें।

**नम्रता का भाव रखना :** एक अच्छे लीडर का सबसे बड़ा गुण यही होता है कि वह दूसरों की समस्याओं को समझें, उनके प्रति नम्र व्यवहार रखें। भीड़ कभी ऐसे व्यक्ति को अपने नेता के रूप में नहीं चुनती जो उनके साथ कठोर न होकर नम्र व्यवहार करे। जो उन्हें अपना समझे और उनका सम्मान करे। जिस व्यक्ति में ये नम्रता का विशेष गुण होता है वह स्वतः ही सभी का प्रिय हो जाता है।

**मुश्किल से लड़ने का गुण :** जो व्यक्ति हर हाल में जीतना और हर मुश्किल से लड़ना जानते हैं वह बहुत आसानी से दूसरों के दिल में अपनी जगह बना पाने में सक्षम रहते हैं। इसलिए जो व्यक्ति हर परिस्थिति से लड़ना जानते हैं, उन्हें आसानी से स्वीकार कर लिया जाता है, लोग उनसे प्रेरणा लेकर चलते हैं।

**सच का साथ देना :** जो व्यक्ति सच का साथ देता है, छल और कपट से खुद को दूर रखता है उसपर विश्वास करना आसान होता है। जो व्यक्ति इस नियम का पालन करते हैं वह दूसरों के दिल में अपने लिए जगह बना लेते हैं। **समानता का भावः** जो व्यक्ति हर किसी को समानता के भाव से देखता है, उसे सामाजिक रूप से आसानी से स्वीकार कर लिया जाता है। इसलिए आपको अपने बच्चे को सबसे पहले यह बात सिखानी चाहिए कि हर कोई उनके समान है, न कोई उनसे छोटा है और न ही कोई नीचा।

तमन्ना जटवानी

## संक्षिप्त खबरें

### 1 लाख से ज्यादा कुएं-बावड़ियां की जा रहीं रिचार्ज

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** भोपाल सहित पूरे प्रदेश में चल रहे जलगंगा संवर्द्धन अभियान के तहत लगभग एक लाख से ज्यादा कुओं और बावड़ियों को स्वच्छ कर रिचार्ज करने की तैयारी है। दरअसल कुओं में पानी का जलस्तर बढ़ते ही आसपास के पूरे क्षेत्र में भूजल सुधर जाता है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अनुसार इससे प्रदेश के 30 लाख से ज्यादा किसानों को लाभ होगा और रबी की फसल की सिंचाई के लिए स्थाई जल स्रोत उपलब्ध होंगे। अधिकारियों के अनुसार इसके लिए डगवेल रिचार्ज विधि का उपयोग किया जा रहा है। यह विधि वर्षा जल को रिचार्ज पिट के माध्यम से कुओं में प्रवाहित करती है, जिससे भूजल में बढ़ोत्तरी होती है और इसे साल भर बनाए रखने में मदद मिलती है।

### मॉडल ग्राम बनेगीं 48 ग्राम पंचायतें

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** जिले की 108 ग्राम पंचायतें मॉडल ग्राम के रूप में विकसित की जाएंगी। इन ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई, ड्रेनेज, सीवेज और पानी सप्लाई सहित अन्य सुविधाएं मिलेंगी। इन ग्राम पंचायतों को स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) की टीम के सामने मॉडल विलेज के रूप में प्रस्तुत किए जाने की तैयारी है। बता दें कि नगर निगम क्षेत्र के सर्वेक्षण के बाद भोपाल जिले के ग्रामीण क्षेत्रों का भी स्वच्छ भारत मिशन की टीम के द्वारा सर्वेक्षण किया जाएगा। जिला पंचायत इस बार भी स्वच्छ भारत मिशन के तहत भोपाल को अव्वल बनाने की तैयारी में जुट गया है।

### भोज विवि परीक्षा लेकर देगा बीएड में प्रवेश

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय भोपाल द्वारा बीएड एवं डीएलएड दो वर्षीय कोर्स सत्र 2025-27 में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। उक्त दोनों कोर्स ओपन एंड डिस्टेंस माध्यम से ऑफर किए गए हैं। दोनों कोर्स यूजीसी और एनसीटीई से मान्यता प्राप्त हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 15 मई तक आवेदन कर सकते हैं। विलंब शुल्क 300 रुपए के साथ 25 मई तक आवेदन किया जा सकेगा। प्रवेश परीक्षा होने बाद विद्यार्थियों को मेरिट के हिसाब से प्रवेश दिए जाएंगे। प्रवेश परीक्षा ऑनलाइन होगी। परीक्षा कंप्यूटर बेस टेस्ट मोड (सीबीटी) मोड में आयोजित की जाएगी। परीक्षा कराने के लिए भोज विवि ने परीक्षा केंद्रों की तलाश शुरु कर दी है। किसी शहर में आवेदकों क संख्या 50 से कम रहती है, तो ऐसे विद्यार्थियों का परीक्ष केंद्र नजदीकी शहर में बनाया जाएगा।

# लघु वनोपज प्रसंस्करण केंद्र में अंधेरगर्दी लैब सहायक को बना दिया है साइंटिस्ट

## सेवा नियमों और पारदर्शिता की धज्जियां उड़ाकर अवैध नियुक्तियां, वरिष्ठ अधिकारियों की नजर नहीं

**विशेष संवाददाता भोपाल।** लघु वनोपज संघ के अंतर्गत संचालित लघु वनोपज प्रसंस्करण केंद्र, बरखेड़ा पठानी में अंधेरगर्दी का नया उदाहरण सामने आया है। एमएफपी पार्क की सीईओ लैब सहायक को साइंटिस्ट का प्रभार देकर उससे दवाइयां की गुणवत्ता की जांच कराई जा रही है। यही वजह है कि एमएफपी पार्क की अधिकांश औषधीय गुणवत्ता में फेल होती जा रही है। लघु वनोपज प्रसंस्करण केंद्र में साइंटिस्ट है पर उससे लैब सहायक द्वारा किए गए टेस्ट रिपोर्ट पर जबरन हस्ताक्षर करने का दबाव बनाया जा रहा है। सीईओ द्वारा साइंटिस्ट पर लगातार मानसिक दबाव बनाने जाने के चलते उसने फेडरेसन के एमडी को पत्र लिखकर मुख्यालय अटैच करने का आग्रह किया है। सीईओ की मनमर्जी की वजह से कर्मचारियों में असंतोष भी पनप रहा है। सूत्र ने यह भी बताया है कि लघु वनोपज प्रसंस्करण केंद्र के लिए अब तक जितनी भी नियुक्तियां हुई है, वह सभी संविधान, सेवा नियमों और पारदर्शिता की धज्जियां उड़ाकर की गई हैं। इस मामले में संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) और अनुच्छेद 16 (सरकारी नौकरियों में समान अवसर) का सीधा उल्लंघन हुआ है। बिना किसी विज्ञापन या प्रतिस्पर्धी परीक्षा के सिफारिशी और प्रभावशाली लोगों को नौकरियाँ दी गईं, जबकि योग्य बेरोजगार युवा दर-दर भटक रहे हैं।




### इन पदों पर हुई नियुक्तियों पर उठे हैं सवाल

लघु वनोपज प्रसंस्करण केंद्र, बरखेड़ा पठानी में बिना विज्ञापन और बिना पारदर्शी चयन प्रक्रिया को दरकिनार करते हुए नेताओं और अफसर के सिफारिश पर एक दर्जन से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों को नियुक्त कर दिया गया। यहां तक कि उनकी योग्यता को भी नजरअंदाज किया गया। इनके खिलाफ अब एमडी कार्रवाई करने से हिचकिचा रहे हैं। कर्मचारी संगठनों ने संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों पर आपराधिक कार्रवाई हो। भुगतान करने वाले एकाउंट ऑफिसर एवं आहरण और संवितरण अधिकारियों को बर्खास्त कर अब तक किए गए अवैध वेतन भुगतान की वसूली हो।

### कैसे हुआ यह भर्ती घोटाला?

विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, लघु वनोपज संघ और प्रसंस्करण केंद्र में कर्मचारियों की भर्ती के लिए न तो कोई विज्ञापन जारी किया गया, न ही कोई पारदर्शी चयन प्रक्रिया अपनाई गई। आरक्षण नियमों और भर्ती प्रक्रिया को दरकिनार कर कुछ विशेष व्यक्तियों को सीधे नियुक्त कर दिया गया। यहाँ तक कि संचालक मंडल से भी अनुमोदन नहीं लिया गया। अधिकारियों ने अपने पद और प्रभाव का दुरुपयोग कर मनचाहे व्यक्तियों को सरकारी नौकरी दिलाई। यह न केवल संविधान विरोधी है, बल्कि कानूनी रूप से अपराध की श्रेणी में आता है। भारतीय न्याय संहिता के तहत धारा 166 लोक सेवक द्वारा विधि का उल्लंघन, धारा 409 विश्वासघात एवं सरकारी संपत्ति का दुरुपयोग और धारा 120बी आपराधिक षड्यंत्र के अंतर्गत कई गंभीर अपराधों के दायरे में आता है।

### जिन अधिकारियों की नियुक्ति पर सवाल उठ रहे हैं उनके प्रमुख नाम

डॉ. विजय सिंह मैन्युफै. रिंग कैमिस्ट
डॉ. संजय शर्मा क्वालिटी कंट्रोल कैमिस्ट
विजयता श्रीवास्तव लैब सहायक (रसायन)
विजय सिंह राजपूत लैब सहायक (वनस्पति)
राकेश नागेश्वर प्रशिक्षण समन्वयक
संजीव दुबे हर्बेरियम व म्यूजियम प्रभारी
गोपाल मिश्रा स्टोर लिपिक
दीवाकर सिंह डाटा एंट्री ऑपरेटर
किरण हरोड़े डाटा एंट्री ऑपरेटर
केदार सिंह पवार सहायक ग्रेड-3

ऐसा कहना बिल्कुल गलत है, किसी भी स्तर अवैध नियुक्तियां नहीं की गई है। हम पूरी पारदर्शी प्रक्रिया के तहत काम कर रहे है। जो भी नियुक्तियां की जाएंगी,उनके लिए बकायदा निविदा निकली जाएगी और नियमों के तहत ही नियुक्तियां होगी।

■ **विभाष ठाकुर**, प्रबंध संचालक राज्य लघु वनोपज

# तहसील दफ्तरों में खत्म होगी सीमांकन की पेंडेंसी

## नहीं करना पड़ेगा महीनों तक इंतजार

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** तहसील दफ्तरों में सीमांकन की पेंडेंसी को खत्म करने के लिए प्राइवेट वेंडर्स को परमिशन देने की तैयारी कर ली गई है। दरअसल जिले की तहसीलों में रोजाना सीमांकन के 40 से 50 आवेदन आते हैं ओर आवेदन के बाद आवेदक को सीमांकन के लिए तहसील कार्यालय के चक्कर काटने पड़ते हैं। साथ ही आरआई-पटवारी की खुशामद करनी पड़ती है। इसके बाद टोटल स्टेशन मशीन से सीमांकन का कार्य किया जाता है, जिसे करने में दो से तीन घंटे का समय लग जाता है। पर इस प्रोसेस में आवेदक को परेशानी का सामना करना पड़ता है। दूसरी ओर वर्तमान में प्राइवेट वेंडर्स सीमांकन के लिए मनमानी राशि भी वसूल करते है, जिसकी वजह से कई किसान अपनी जमीनों का सीमांकन नहीं करा पाते हैं और उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी समस्या के समाधान के लिए प्राइवेट वेंडर्स से मशीनों के द्वारा सीमांकन कराने की कर ली गई है। जिसके लिए राजस्व विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है। मंजूरी मिलते ही तय सरकारी रेट पर वेंडर्स को सीमांकन का कार्य करना पड़ेगा।

### रोवर मशीन की मदद से होगा सीमांकन

नए प्रस्ताव के अनुसार प्राइवेट वेंडर्स को सीमांकन का कार्य नई रोवर मशीन की मदद से करना होगा। सीमांकन के लिए इस मशीन को जिस स्थान पर रखा जाएगा, वह वहां से गूगल प्वाइंट की दूरी शो कर देगी। इससे सीमांकन का कार्य तेज गति से होगा और लोगों की समस्याओं का भी समाधान होगा। बता दें कि वर्तमान में जिले की तहसीलों में 1150 से ज्यादा सीमांकन के आवेदन लंबित हैं और रोजाना 40 से 50 नए आवेदन आ जाते हैं। पटवारी रोजाना सीमांकन तो कराते है, लेकिन एक या दो जगहों पर ही सीमांकन का कार्य हो पाता है। जिसकी वजह से पेंडेंसी खत्म नहीं हो रही है।

# 15 करोड़ की लागत से असेट मैपिंग करवा रही एमपी ट्रांसको

जागरण संवाददाता, भोपाल। ट्रांसमिशन टावरों में किसी भी तरह की समस्या आने पर उसकी जानकारी त्वरित मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) को मिल सके। इसके लिए कंपनी द्वारा 27900 किमी लाइनों और 419 सब स्टेशनों पर असेट मैपिंग का कार्य कराया जा रहा है। एमपी ट्रांसको लगभग 15 करोड़ रुपए की लागत से इस कार्य को करवा रही है। इसके तहत प्रदेश की 27912 किमी ट्रांसमिशन लाइनों व 416 एकस्ट्रा हाइटेंशन सबस्टेशनों की असेट मैपिंग का कार्य कलकत्ता की सायबर स्विफ्ट कंपनी से कराया जा रहा है। इस काम के पूरा हो जाने के बाद किसी भी ट्रांसमिशन एलीमेंटस का डिजीटल डाटा एमपी ट्रांसको के अधिकारियों को एक क्लिक पर उपलब्ध हो जाएगा। इससे इमरजेंसी के समय मटेरियल मैनेजमेंट टाइम और व्यवधान को कम करने में सहायता मिलेगी। इसी के साथ सायबर स्विफ्ट को सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट और डेशबोर्ड के निर्माण का भी कार्य करना है।

ट्रांसमिशन एलीमेंट्स की मैपिंग सर्वे ऑफ इंडिया के मैप को आधार बनाकर की जा रही है। जिससे डेटा की सटीक प्रमाणिकता रहेगी। 1 सेंटीमीटर से 1 मीटर तक सटीकता से मैपिंग करवाने के लिए जीपीएस के उन्नत संस्करण डिफरेंशियल ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम(डीजीपीएस) का उपयोग किया जा रहा है।

■ **आरके मिश्रा**, मुख्य अभियंता, एमपी ट्रांसको

### ये हैं फायदे

असेट मैपिंग के बाद ट्रांसमिशन टावरों में कोई समस्या आने पर लाइन मैन और स्टेशन प्रभारी को टावर की स्थिति के बारे में सटीक और तेज जानकारी मिल सकेगी। ट्रांसमिशन कंपनी के सभी एलीमेंटस का डिजीटलाइजेशन होने से व्यवस्थित रिकार्ड रखने में आसानी रहेगी। इस मैपिंग में ट्रांसमिशन कंपनी की भूमि का भी रिकार्ड उपलब्ध रहेगा। डेशबोर्ड पर विस्तृत जानकारी एक क्लिक पर उपलब्ध रहेगी। जरूरत के पार्टस, उपकरण के बारे में पूरी जानकारी मिलने से सुधार कार्य और मटेरियल के इंतजामों में लगने वाले समय में कमी आएगी।

# महाधिवक्ता ने सरकार के इशारे पर कोर्ट में उलझाया मामला

## ओबीसी महासभा के सदस्य के साथ जीतू ने सरकार पर ओबीसी को धोखा देने का लगाया आरोप

**विसं भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि राज्य सरकार ओबीसी वर्ग को 27 फीसदी आरक्षण देने की बजाय उन्हें धोखा दे रही है। सरकार ने कोर्ट का बहाना बनाकर इस कानून पर अमल नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश के महाधिवक्ता ने सरकार के इशारे पर कोर्ट को मामले को उलझाया और ओबीसी वर्ग के हक को रोका है।

पटवारी रविवार को पीसीसी में ओबीसी महासभा की राष्ट्रीय कोर समिति के सदस्य धर्मेन्द्र कुशवाहा और सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता वरुण ठाकुर के साथ पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार पर संविधान की अवमानना का आरोप लगाते हुए राष्ट्रपति से मध्य प्रदेश में तत्काल राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की है।

पटवारी ने बताया कि 8 मार्च 2019 को तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने ओबीसी आरक्षण को 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने के लिए अध्यादेश जारी किया था, इस अध्यादेश को एमबीबीएस की एक छात्रा स्मृति दुबे द्वारा चैलेंज किया गया जिसमें हाई कोर्ट ने इस बड़े हुए आरक्षण को मेडिकल पोस्ट ग्रेजुएट में लागू न करने की रोक लगाई थी। इस अध्यादेश को बाद में जुलाई 2019 में विधानसभा द्वारा विधिवत कानून बनाकर लागू किया गया। इस कानून को आज तक किसी भी याचिका में चुनौती



नहीं दी गई और न ही किसी न्यायालय ने इस कानून को लागू करने पर रोक लगाई है। इसके बावजूद, मध्य प्रदेश सरकार अपनी सुविधा के अनुसार कभी 27 प्रतिशत तो कभी 14 प्रतिशत आरक्षण लागू कर ओबीसी वर्ग खासकर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। जिससे ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों के साथ घोर अन्याय हो रहा है। पटवारी ने कहा कि कई विभागों में 27 प्रतिशत आरक्षण के आधार पर चयन प्रक्रिया शुरू की गई, लेकिन चयनित अभ्यर्थियों को पिछले 4-5 साल से नियुक्ति पत्र नहीं दिए गए। हाल ही में जनवरी 2025 में मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा शिक्षक भर्ती के लिए जारी विज्ञापन में भी केवल 14 प्रतिशत आरक्षण का उल्लेख किया गया, जो विधानसभा द्वारा पारित कानून का खुला उल्लंघन है। यह संवैधानिक व्यवस्था के खिलाफ है। पटवारी ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार ने हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में स्वयं स्वीकार किया है कि राज्य में ओबीसी की आबादी 50 प्रतिशत से अधिक है। भाजपा सरकार का यह रवैया ओबीसी वर्ग के साथ विश्वासघात है।

# आईटी कॉन्क्लेव 27 अप्रैल को इंदौर में

## सभी जिलों का वातावरण विकास अनुकूल: सीएम

**विसं भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश प्रगति पथ पर अग्रसर है। सभी जिलों में विकास और जनकल्याण गतिविधियों के लिए अनुकूल वातावरण विद्यमान है। उन्होंने बताया कि 27अप्रैल को इंदौर में आईटी कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा। सीएम रविवार को नीमच जिले के रामपुरा में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर है, इसी का परिणाम है कि वर्तमान में प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय 1,53,280 रुपए है। यह प्रधानमंत्रीमोदी के नेतृत्व में सबका साथ-सबका विकास की भावना से चलने का परिणाम है। किसानों से 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गेहूं खरीदा जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार और रोजगार के अवसर निर्मित करने के लिए संभाग स्तर पर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। सरकार के प्रयासों से 12 प्रतिशत की तेज गति से औद्योगिक विकास दर चल रही है। इसी क्रम में इंदौर में होने वाले कॉन्क्लेव में प्रदेश के सभी 55 जिलों की नदियों,तालाबों,बांधों सहित तमाम जल संरचनाओंका डिडिटल डेटाबेस प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विकास के बदलते दौर में अब प्रदेश में जंगल भी आबाद हो रहे हैं। जियो और जीने दो की भावना विकसित हो रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार द्वारा आगामी 3 साल में प्रदेश के 32 लाख किसानों को सिंचाई सुविधा के लिए सोलर पंप दिए जाएंगे। किसानों को 5 रूपये में बिजली कनेक्शन भी देंगें। आयुष्मान योजना के तहत कार्डधारी परिवारों को पीएमश्री एअर एंबुलेंस की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में रोजगार परक उद्योग स्थापित हो रहे हैं। इसमें वस्त्र निर्माण, धागा निर्माण उद्योगों में प्रति श्रमिक 5 हजार रूपये प्रतिमाह सरकार संबंधित उद्योगों को देगी। इससे महिलाओं के लिए रोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

# शहर के जलस्रोतों और उद्यानों का लिया जायजा, लोगों से भी लिया फीडबैक

## स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत दिल्ली से आई टीमें शहर के विभिन्न इलाकों का कर रही सर्वे

जागरण संवाददाता, भोपाल। भोपाल की स्वच्छता को विभिन्न पैमानों पर परखने दिल्ली से आई गार्बेज फ्री सिटी (जीएफसी) की टीम ने रविवार को शहर के विभिन्न इलाकों का जायजा लिया। जहां एक टीम ने शहर के जलस्रोतों और उद्यानों की स्वच्छता को परखा। वहीं दूसरी ओर एक टीम नए भोपाल में लोगों से मुखातिब हुई और लोगों से स्वच्छता को लेकर चर्चा की। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दो टीमों ने रविवार को विभिन्न इलाकों का दौरा किया। इस दौरान एक सर्वे टीम ने कोलार के जोन 18 और 19 के विभिन्न इलाकों का सर्वे कर लोगों से फीडबैक लिया। इस दौरान दूसरी टीम छोटा तालाब, बड़ा तालाब, पांच नंबर तालाब सहित विभिन्न उद्यानों का निरीक्षण करती रही। शहर का सर्वेक्षण कर रही जीएफसी टीम का फोकस लोगों से बातचीत करने पर ही है। टीमों ने इस दौरान लोकेशन पर पहुंचकर लोगों से पूछा कि आपके घर के आसपास कचरा वाहन आता है या नहीं। एक अन्य सर्वे टीम ने रविवार शहर के बीचों बीच सर्वे किया। इस दौरान टीम ने जल स्त्रोत और उद्यानों की स्थिति का जायजा लिया। वहीं पब्लिक फीडबैक लेकर साइट पर अपलोड किया। गौरतलब है कि शनिवार से दिल्ली से आई टीमें शहर के अलग-अलग जोन इलाकों में सर्वे कर रही हैं। इस बार भी नगर निगम भोपाल ने देश का सबसे स्वच्छ शहर होने का दावा किया है। इन्हीं दावों को दिल्ली की टीमें परख रही हैं। रविवार को टीमों ने शहर की 15 लोकेशन देखीं। इस दौरान निगम अधिकारियों को केवल इतनी जानकारी थी कि ऑनलाइन पोर्टल पर कौन सा ऑनलाइन वार्ड खुला है, लेकिन टीम किस लोकेशन या वार्ड पर पहुंचेगी, इसकी जानकारी किसी को नहीं थी। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के लिए जीएफसी की टीमें अर्बन लोकल बॉडी की साइट खुलते ही आनलाइन लोकेशनों पर पहुंच रही हैं।

### निगम के डेटा के आधार पर ही लिया जा रहा फीडबैक

जीएफसी की टीमें निगम के डेटा के आधार पर ही सर्वेक्षण का कार्य कर रही हैं। दरअसल अर्बन लोकल बॉडी की वेबसाइट पर नगर निगम ने जो डाक्यूमेंट्स भेजे हैं। उन्हीं के आधार पर टीमें फीडबैक लेने और सर्वेक्षण का काम कर रही हैं। यह टीमें अलग-अलग ग्रुप बनाकर आनलाइन यूएलबी को लेकर किए दावों की हकीकत देख रही हैं। रविवार को 20 लोकेशन पर टीमों ने पब्लिक फीडबैक लिया।

# गुना में हुए पथराव पर हटाए गए एसपी

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राज्य शासन ने रविवार को गुना पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा को हटा दिया है। कहा जा रहा है कि हनुमान जयंती के दिन निकली शोभा यात्रा पर हुए पत्थरबाजी की वजह से सीएम बेहद नाराज थे। जिसके चलते सिन्हा का स्थानांतरण किया गया है। उनके स्थान पर अंकित सोनी को गुना का नया पुलिस कप्तान बनाया गया है। गुना में 12 अप्रैल को हनुमान जयंती के दिन शाह के कोल्हूपुरा क्षेत्र से एक शोभायात्रा निकाली गई थी, जो रपटा और हाट रोड की ओर जा रही थी। जब यह शोभायात्रा कर्नलगंज की एक मस्जिद के सामने पहुंची, तभी आगे बढ़ने को लेकर एक स्थानीय पार्षद की किसी व्यक्ति से कहासुनी हो गई। इसी दौरान अचानक पत्थरबाज़ी शुरू हो गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी और तनावपूर्ण स्थिति बन गई थी। घटना के बाद गुस्साए लोगों ने हनुमान चौराहे पर पहुंचकर चक्काजाम कर दिया और सख्त कार्रवाई की मांग करने लगे। बताया गया है कि इस घटना को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नाराजगी जताई थी। तभी से लग रहा था कि अधिकारियों पर सरकार सख्त एक्शन ले सकती है। इसी के चलते रविवार को पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा का स्थानांतरण आदेश जारी कर दिया। उन्हें पीएचक्यू में सहायक पुलिस महानिरीक्षक बनाया गया है,जबकि उनके स्थान पर पुलिस उपायुक्त नगरीय पुलिस सेवा इंदौर अंकित सोनी को गुना का नया पुलिस अधीक्षक बनाया गया है।



अंकित सोनी



संजीव सिन्हा

**मनमानी** | भोज विवि का अजीब कारनामा, लौटने पर हर बार मिलता है नया प्रभारी

# कुलगुरु पहले बदलते हैं प्रभारी, फिर बदली जाती हैं नोटशीट

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** भोज मुक्त विश्वविद्यालय में कुलसचिव के प्रभार का किस्सा बडा ही अजीब चल रहा है। प्रभारी कुलसचिव जैसे ही अवकाश पर जाते हैं। वैसे ही कुलगुरू अपना प्रभारी कुलसचिव नियुक्त कर देते है। इससे विवि में अनियमित्ताएं बढ़ रही हैं, लेकिन शासन उनकी तरफ कोई ध्यान ही नहीं दे रहा है। इससे विश्वविद्यालय अधिनियम के साथ छेडखानी हो रही है। चार अधिकारियों के बीच कुलसचिव के प्रभार का खेल चला रहा है। विश्वविद्यालय की नोटशीट में तीन कुलसचिव के हस्ताक्षर देखने मिल रहे है। शासन ने विवि में प्रभारी कुलसचिव के तौर पर सुशील मंडेरिया को नियुक्त किया हुआ है। वे अवकाश पर अपना चालू प्रभार सहायक कुलसचिव नितिन सांगले को देकर जाते हैं, ताकि उनके अभाव में विवि के प्रशासनिक कार्य में कोई अडचन नहीं आ सके और फाइलों पर कार्य चलता रहे। जैसे ही प्रभारी कुलसचिव मंडेरिया अपना प्रभार एआर सांगले को देकर जाते हैं वैसे ही कुलगुरू प्रो संजय तिवारी एआर सांगले का प्रभार छीनकर प्रो लालजी प्रसाद झारिया को दिला देते हैं। अब यहां से कुलगुरू की मनमर्जी शुरू हो जाती हैं। वे प्रभारी कुलसचिव मंडेरिया से जो फाइलें नहीं करा पा रहे थे। अब वे चालू कार्य का प्रभार मिलने के बाद कुलसचिव झारिया से कराई जा रही है। ऐसे ही कुछ प्रकरण सामने आए हैं। जहां मंडेरिया ने सख्ती से नोटशीट पर रोक लगाई। वहीं चालू कुलसचिव झारिया ने सख्ती को हटाते हुए फाइलों को ओके कर दिया है। इससे विश्वविद्यालय में नियमों की धच्जियां उडाई जा रही है। ऐसे नहीं ये अनियमितताएं आज कल से हो रही है। यह चालू कुलसचिव का खेल करीब छह माह से चल रहा है।

### खोले गए करोडों के टेंडर

प्रभारी कुलसचिव मंडेरिया के अवकाश जाते ही चालू कुलसचिव बने झारिया ने अप्रैल में पांच टेंडर निकाले थे। यह टेंडर करोडों रूपये के बताए जा रहे हैं। इसमे सबसे पहला टेंडर एप बेस्ड स्टूडेंट सर्विस, दूसरा एडमिशन एंड एग्जामिनेशन सपोर्ट सूट, तीसरा लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम, चैथा ई-लर्निंग और पांचवा ब्लॉक चैन शामिल हैं। यह टेंडर चालू कुलसचिव द्वारा किए गए। जब प्रभारी कुलसचिव मंडेरिया वापस आए तो उन्हें पता चला कि टेंडर निकाल दिए गए हैं। इससे लेकर विवि में काफी विवाद की स्थिति बनी। प्रभारी कुलसचिव मंडेरिया फिर अवकाश पर गए तो कुलगुरु तिवारी ने एक बार फिर झारिया को कुलसचिव का चालू प्रभार दिला दिया। अब झारिया ने दूसरे नंबर का टेंडर एडमिशन एंड एग्जामिनेशन सपोर्ट निरस्त कर दिया। ऐसा बताया जा रहा है कि इस टेंडर में करोडों रूपये का हेरफेर होना था। प्रभारी कुलसचिव मंडेरिया द्वारा दर्ज कराई गई आपत्ति के बाद एक बार फिर चालू प्रभार लेते हुए झारिया ने टेंडर को निरस्त कर दिया। हालांकि विवि की प्रवेश प्रकिया उच्च शिक्षा विभाग स्वयं ही कराता है।

जब मैं अवकाश पर जाता हूं तो चालू कार्य के लिए अपना प्रभार एआर नितिन सांगले को देकर जाता हूं, लेकिन उनका प्रभार एलपी झारिया को दिला दिया जाता है। अवकाश पर वापस आने पर इसकी सूचना मिलती है, जो गलत है। यह अनियमित्ताएं विवि अधिनियम के विपरीत है।

■ **प्रो. सुशील मंडेरिया**, प्रभारी कुलसचिव, भोज मुक्त विश्वविद्यालय

### अवकाश कर दिए स्वीकृत

एक आरोप में सनत कुमार पांडे को छिंदवाडा स्थानांतरित किया गया था। तब डा मोहन यादव उच्च शिक्षा मंत्री थे। पांडे मंत्री कार्यालय में अटैच हो गए थे। डॉ यादव के सीएम बनने के बाद पांडे ने सीएम हाउस में आपनी दाल गलानी चाही, लेकिन गल नहीं सकीं। इस दौरान पांडे ने अपना मेडिकल लगा दिया। तब कुलसचिव मंडेरिया ने उनसे 19 जुलाई से तीस सितंबर तक का मेडिकल बोर्ड का सर्टिफिकेट प्रस्तुत करने का कहा। तब पांडे बोर्ड के सामने 22 नवंबर को प्रस्तुत होकर नौकरी करने का स्वस्थ्य होने का सर्टिफिकेट प्रस्तुत कर दिया। चालू प्रभार मिलते ही झारिया ने उनका अवकाश स्वीकृत कर दिया। जबकि पांडे के खिलाफ कुलसचिव जांच करा रहे हैं।

### कुलगुरु से प्रभारी कुलसचिव तक रहते हैं झारिया

लालजी प्रसाद झारिया कुलगुरु डा संजय तिवारी के गुडबुक में शुमार हैं। इसलिए कुलगुरु तिवारी जब अवकाश पर जाते हैं, तो सिर्फ झारिया को ही कुलगुरु का प्रभार देते हैं। जब कुलसचिव अवकाश जाते हैं, तो उसका भी चालू प्रभार झारिया को दिलाया जात है। हालांकि प्रो झारिया कई विभागों में निदेशक की भूमिका भी निभा रहे हैं। ऐसा बताया जा रहा है कि झारिया के खिलाफ शासन अनियमित्ताओं को लेकर कार्रवाई कर सकता है।

## पृष्ठ एक की खबरों का शेष

### हम पर पहले ही है..

याचिका में संविधान के अनुच्छेद 355 का हवाला दिया, जो केंद्र सरकार को राज्यों को बाहरी आक्रमण और आंतरिक अशांति से बचाने की जिम्मेदारी देता है। याचिका में कहा गया है कि कोर्ट राज्य की स्थिति को समझने के लिए केंद्र सरकार से रिपोर्ट मांग सकता है। इस मामले में पहले ही शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार, पश्चिम बंगाल सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया था।

याचिका में मांग की गई है कि हिंसा की गहन जांच के लिए तीन रिटायर्ड जजों की अगुआई में जांच कमेटी बनाई जाए। फैक्ट फाइंडिंग कमेटी पश्चिम बंगाल भेजी जाए।

राज्य के संवेदनशील क्षेत्रों में अर्ध सैनिक बलों की तैनाती हो। अनुच्छेद 355 के तहत राज्यपाल से राज्य की स्थिति पर रिपोर्ट मांगी जाए। हिंसा के बाद भय से असम पलायन कर गए हिंदू परिवारों के बारे में रिपोर्ट ली जाए।

### राहुल ने अमेरिका में ....

इस संबंध में कानून भी बदल दिया ताकि भविष्य में कोई सवाल न उठ सके।

राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर चार बड़े आरोप लगाए हैं। उन्होंने फर्जी मतदाता जोड़ने पर कहा कि कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए महाराष्ट्र में पांच साल में 32 लाख नए वोटर जोड़े गए, जबकि महज पांच महीने में विधानसभा चुनाव के लिए 39 लाख वोटर जोड़े गए। यानी विधानसभा चुनाव से पहले ही फर्जीवाड़ा किया गया।

वयस्क जनसंख्या से अधिक वोटर पर उन्होंने सवाल उठाया कि जब राज्य की वयस्क आबादी सीमित है, तो रजिस्टर्ड वोटरों की संख्या उससे अधिक कैसे हो सकती है? विशिष्ट सीटों पर संदेह के मामले में कामठी विधानसभा का उदाहरण देते हुए राहुल ने बताया कि जिस अंतर से भाजपा जीती, वही अंतर नए मतदाताओं की संख्या का था, जिससे स्पष्ट संकेत मिलता है कि गड़बड़ी की गई।

डेटा की पारदर्शिता पर सवाल उठाते हुए राहुल ने कहा कि उन्होंने आयोग से मतदाता सूची, उनके पते और फोटोग्राफ मांगे थे, लेकिन जवाब नहीं मिला। इससे संदेह और गहरा हो गया।

राहुल गांधी के इन आरोपों पर भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। संबित पात्रा ने कहा कि राहुल गांधी का यह बयान 'देश का अपमान' है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की यह आदत बन चुकी है कि वे विदेशी धरती पर भारत को बदनाम करते हैं। संबित पात्रा ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी और सोनिया गांधी 50,000 रुपए की जमानत पर बाहर हैं और ऐसे लोग जब विदेश जाकर भारत की लोकतांत्रिक संस्थाओं को कटघरे में खड़ा करते हैं, तो यह केवल कांग्रेस का नहीं, देश का अपमान होता है।

# इंजीनियर ने थामी 'सही जाता' परंपरा की डोर



पुरी की सांस्कृतिक विरासत बचाने की युवा कोशिश

**पुरी, जेएनएन।** पुरी की गलियों में जब रामायण की गाथा खुली हवा में जीवंत हो उठती है, तो उसे 'साही जाता' या साही जात्रा कहते हैं। यह एक नाट्य रूप नहीं, बल्कि पुरी की सांस्कृतिक आत्मा है। 800 साल पुरानी यह लोक-नाट्य परंपरा हर साल चैत्र मास में रामनवमी पर होती है। पुरी के आठ प्राचीन 'साही' (गलियां) इसकी केंद्र होती हैं। हर साही के युवा रामायण की किसी एक घटना को जीवंत करते हैं। इनमें राम जन्म, वनवास, सीता हरण से रावण वध तक शामिल होते हैं। इस संस्कृति को बचाने के मिशन पर हैं 29 वर्षीय भानु प्रसाद महापात्र। पेशे से सॉफ्टवेयर इंजीनियर भानु बेंगलुरु में एक आईटी कंपनी में कार्यरत हैं। वे हर साल एक महीने पहले वर्कफ्रॉम होम का विकल्प चुनते हैं और पुरी लौट आते हैं। अभिनय के साथ साही जाता में नवाचार लाने के लिए हर साल वे रामायण की कोई अनकही या कम जानी-पहचानी कहानी प्रस्तुत करते हैं। भानु मंच ही नहीं, डिजिटल दुनिया में भी साही जाता की पहचान बना रहे हैं। उन्होंने साही जाता का डिजिटल डॉक्यूमेंटेशन शुरू किया है। इंस्टाग्राम, यूट्यूब और फेसबुक जैसे माध्यमों से वे वीडियो, इंटरव्यू और झलकियां साझा करते हैं।

# राहुल-प्रियंका गांधी को डराने की कोशिश हो रही : खरगे

## बक्सर में कांग्रेस अध्यक्ष ने मोदी-नीतीश पर बोला हमला

**बक्सर, जेएनएन।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र और बिहार सरकार पर जमकर हमला बोला है। खरगे ने कहा, मोदी-नीतीश की जोड़ी सिर्फ कुर्सी के लिए हैं। बिहार के विकास के लिए नहीं है। एक बार हमारी गोद में आते हैं, फिर लगा कि बीजेपी आने वाली है तो नीतीश इधर से उधर चले जाते हैं। ये देश के लिए सही नहीं है। खड़गे रविवार को एक दिन के दौरे पर बिहार के बक्सर पहुंचे थे। 50 मिनट के भाषण में खरगे ने नेशनल हेराल्ड केस, वक्फ कानून, मोदी सरकार के वादे और नीतीश कुमार के दल बदलने पर निशाना साधा। उन्होंने गांधी परिवार की कुर्बानी याद दिलाई, साथ ही केंद्र सरकार के 11 झूठ भी गिनवाएं। खरगे ने कहा, मोदी समझते हैं कि बिहार वालों को ज्ञान की कमी है, जबकि सारे ज्ञानी लोग बिहार की भूमि से आते हैं। वसूलों पर चलते हैं। खरगे ने कहा, नेशनल हेराल्ड समेत 3 न्यूज पेपर पंडित जवाहरलाल नेहरू ने भारतीयों की आवाज अंग्रेजों तक पहुंचाने के लिए निकाला। आज उसके चेयरमैन पर केस किया गया है। उस कंपनी की प्रॉपर्टी कोई बेच नहीं सकती। क्या सोनिया, राहुल या प्रियंका गांधी उसे बेचेंगे, लेकिन आप केस कर रहे हो। उसका पैसा कोई हड़प नहीं सकता, लेकिन मोदी-शाह सोनिया गांधी को डराकर राहुल और प्रियंका जी को डराने की कोशिश कर रहे हैं। ये लोग किसी से डरने वाले नहीं हैं।



### तुम्हारा एक कुत्ता भी नहीं मरा

खरगे ने कहा, राजीव गांधी देश के लिए कुर्बान हो गए। जिस घर में इंदिरा गांधी देश की एकता की लिए जान कुर्बान हो गईं। राजीव गांधी के शरीर के टुकड़े हो गए। जब उनका शरीर लाया गया तो कोई पहचान नहीं पाया। गांधी फैमिली ये है। तुम्हारा तो एक कुत्ता भी देश के नहीं मरा। नीतीश जी आप उनलोगों से मिल गए, जिन्होंने गांधी को मारा। राहुल सत्ता के लालची होते तो कश्मीर से कन्याकुमारी तक पैदल नहीं चलते। देश को दिशा दिखाने वाले लोग हमारे पास हैं। नेहरू जी ने अपना घर देश के लिए दान दिया। क्या राहुल-प्रियंका उस संपत्ति के लिए लड़ रहे हैं। किसी ने पिता को खोया, दादी को, नाना को खोया। उनके खिलाफ आज आरएसएस और बीजेपी बहुत बातें करती हैं। इसलिए आपको सतर्क रहना होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बंगाल: बाप-बेटे की हत्या मामले में चौथी गिरफ्तारी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद में हिंसक प्रदर्शन के दौरान एक बाप-बेटे की हत्या के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। यह मामले में चौथी गिरफ्तारी हैं। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान जाफराबाद के पड़ोसी गांव सुलिताला पुरबापारा निवासी जियाउल शेख के रूप में हुई है। आरोपी 12 अप्रैल से फरार था। शेख को पश्चिम बंगाल पुलिस के विशेष कार्य बल और विशेष जांच दल ने शनिवार को उसके ठिकाने से गिरफ्तार किया था। पुलिस के अनुसार, यह व्यक्ति मुख्य आरोपियों में से एक है, जिसने मृतक के घर तोड़फोड़ करने के लिए भीड़ को उकसाया था और 12 अप्रैल को हरगोबिंदो दास और उनके बेटे चंदन दास की हत्या कर दी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और शेख के मोबाइल फोन लोकेशन से उसका पता लगाया।

### सीलमपुर मर्डर केस: मुख्य आरोपी समेत 7 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर में हुए क्रूर हत्याकांड में पुलिस ने मुख्य आरोपी जिकरा उर्फ 'लेडी डॉन' समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया है। साहिल और दिलशाद को भी हिरासत में लिया गया है, जिन पर 17 वर्षीय कुणाल की चाकू घोंपकर हत्या का करने का आरोप है। पुलिस ने कुछ संदिग्ध नाबालिगों को भी हिरासत में लिया है। नाबालिग कुणाल की चाकू से गोदकर की गई हत्या के मामले में गिरफ्तार लेडी डॉन के नाम से सोशल मीडिया पर चर्चित जिकरा को पुलिस ने दो दिनों की रिमांड पर लिया है। पुलिस को जांच में पता चला है जिकरा ने अपने भाई साहिल व दोस्तों के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची थी। पिछले साल कुणाल के दो दोस्त लाला व शंभू ने चाकू से साहिल पर हमला किया था। उसका बदला लेने के लिए साहिल ने कुणाल की हत्या की।

### हमास के हत्यारों के आगे सरेंडर नहीं : नेतन्याहू

**नई दिल्ली।** इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि हमास ने युद्ध की समाप्ति और गाजा से इजरायली सैन्य वापसी की मांग करके गाजा में आधे बंधकों को वापस करने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। नेतन्याहू ने एक रिकॉर्ड किए गए वीडियो बयान में कहा, अगर हम अब हमास के हुक्म के आगे झुक जाते हैं, तो युद्ध की सभी महान उपलब्धियां...गायब हो जाएंगी। बयान में पीएम ने यह भी खारिज कर दिया कि इजरायल हमास को धोखा देकर सभी बंधकों को मुक्त कर सकता है और फिर युद्ध शुरू कर सकता है। उन्होंने तर्क दिया कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय ऐसे कदम को स्वीकार नहीं करेगा। इससे पहले हमास की सशस्त्र शाखा अल-कस्साम ब्रिगेड ने वीडियो जारी कर गाजा में एक इजरायली बंधक को दिखाया था।

**ट्रंप की नीति का असर:** अमीरों और तकनीकी दिग्गजों पर टैक्स की योजना ठप

# अमेरिका में अरबपतियों को बड़ी राहत

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** दुनियाभर के अरबपतियों और बहुराष्ट्रीय तकनीकी कंपनियों पर टैक्स लगाने की वैश्विक कोशिशें अब रुक-सी गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने न सिर्फ बहुपक्षीय कर समझौते से खुद को बाहर निकाल लिया है, बल्कि उन देशों को शुल्क लगाने की धमकी दी है, जो अमेरिकी तकनीकी कंपनियों पर टैक्स लगाने की योजना बना रहे हैं। इससे वैश्विक कर सुधारों पर गंभीर असर पड़ा है और दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं फिर से टकराव के मोड़ पर आ गई हैं।

अमेजन, माइक्रोसॉफ्ट, गूगल (एल्फाबेट) और फेसबुक (मेटा) जैसी कंपनियों पर लंबे समय से आरोप लगते रहे हैं कि वे अलग-अलग देशों में लाभ तो कमाती हैं, लेकिन टैक्स से बचती हैं। इनकी टैक्स योजनाएं स्थानीय कानूनों और कर प्रणालियों को चकमा देने वाली होती हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर कोई देश अमेरिकी कंपनियों पर 'भेदभावपूर्ण, असंगत' या स्थानीय कंपनियों को फायदा पहुंचाने के इरादे से कर या जुर्माना लगाएगा, तो अमेरिका कड़ा जवाब देगा। उन्होंने कहा, 'मेरी सरकार ऐसे देशों पर शुल्क लगाएगी और आवश्यक अन्य जवाबी कार्रवाई करेगी, ताकि अमेरिका को नुकसान से बचाया जा सके।' यह रुख ट्रंप की पहली राष्ट्रपति अवधि की याद दिलाता है जब 2019 में फ्रांस द्वारा डिजिटल सेवा कर लगाए जाने के बाद ट्रंप ने फ्रांसीसी वाइन, चीज पर शुल्क लगाने की धमकी दी थी। इसके बाद सात अन्य देशों ने भी फ्रांस की राह पकड़ी और डिजिटल टैक्स लागू किया। फ्रांस को यह कर पिछले साल 780 मिलियन यूरो (887 मिलियन डॉलर) की आमदनी दिला चुका है। अब यूरोपीय संघ ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका 20 प्रतिशत शुल्क लगाने की योजना से पीछे नहीं हटता, तो वे भी डिजिटल सेवाओं पर एकीकृत कर लगाने का प्रस्ताव आगे बढ़ाएंगे। ब्रिटेन, जो अमेरिका के साथ व्यापार समझौते की उम्मीद कर रहा है, उसने भी डिजिटल टैक्स (जो सालाना 800 मिलियन पाउंड लाता है) की समीक्षा करने पर विचार कर सकता है।

### अकेले अमेरिका में दुनिया के एक तिहाई अरबपति



केवल बहुराष्ट्रीय कंपनियां ही नहीं, बल्कि दुनिया के सबसे अमीर लोगों पर भी वैश्विक कर लगाने की कोशिशें अब लड़खड़ा गई हैं। जी 20 की अध्यक्षता के दौरान ब्राजील ने एक योजना पेश की थी, जिसके तहत जिन व्यक्तियों के पास 1 बिलियन डॉलर से अधिक की संपत्ति है, उन पर 2 प्रतिशत न्यूनतम वार्षिक कर लगाया जाए। इससे सालाना करीब 250 बिलियन डॉलर की राजस्व वसूली का अनुमान था,लेकिन बाइडन प्रशासन ने इस प्रस्ताव को आगे बढ़ाने में रुचि नहीं दिखाई और ट्रंप के सत्ता में रहते हुए इसकी संभावना और भी कम है, क्योंकि वे खुद अरबपति हैं और लंबे समय से टैक्स कटौती के पैरोकार रहे हैं। फोर्ब्स के अनुसार, दुनिया के कुल अरबपतियों में से लगभग एक-तिहाई सिर्फ अमेरिका में हैं-जो चीन, भारत और जर्मनी को मिलाकर भी ज्यादा है।

### कॉर्पोरेट टैक्स पर गतिरोध

2021 में आर्थिक सहयोग और विकास संगठन की पहल पर लगभग 140 देशों ने बहुराष्ट्रीय कंपनियों पर कर लगाने को लेकर ऐतिहासिक समझौता किया था। यह दो स्तंभों पर आधारित है। पहला कंपनियों को उन देशों में कर देने के लिए बाध्य करना जहां वे मुनाफा कमाती हैं। यह व्यवस्था टैक्स बचाव की रणनीतियों पर अंकुश लगाने के लिए बनाई गई थी। इसका मुख्य लक्ष्य तकनीकी कंपनियां थीं। दूसरा एक न्यूनतम वैश्विक कर दर तय करना-जो 15 प्रतिशत तय की गई। इसे अब तक ब्राजील, ब्रिटेन, कनाडा, यूरोपीय संघ, स्विट्जरलैंड और जापान सहित लगभग 60 देश अपना चुके हैं। हालांकि, अमेरिका की भूमिका इन प्रयासों में अहम थी, लेकिन ट्रंप के सत्ता में लौटने के बाद इन समझौतों की व्यवहारिकता पर सवाल उठने लगे हैं। अमेरिकी थिंक-टैंक टैक्स फाउंडेशन के प्रमुख डैनियल बन्न ने कहा, पहले स्तंभ के क्रियान्वयन पर बातचीत पहले से ही रुकी हुई थी, यहां तक कि बाइडन प्रशासन के समय में भी।

# पसमांदा मुस्लिम महाज ने किया वक्फ संशोधन कानून का समर्थन

**लखनऊ, जेएनएन।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज ने रविवार को वक्फ संशोधन कानून का संपूर्ण रूप से समर्थन का ऐलान किया है। संगठन ने वक्फ कानून को मुस्लिम समुदाय के हित में बताया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज हनीफ ने कहा कि नए कानून के फायदे को देखते हुए हमने इसे समर्थन देने का फैसला लिया। प्रेस वार्ता के दौरान संगठन के तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे। मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए परवेज हनीफ ने कहा, वक्फ बिल का नया कानून स्वागत योग्य है। अभी तक जो वक्फ बोर्ड में भ्रष्टाचार हुआ है उसे पर लगाम लगेगी। गरीब और पसमांदा मुसलमान को वक्फ की संपत्तियों में कुछ भी नहीं मिला। यही कारण है कि पसमांदा मुसलमान आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़ा हुआ है। संगठन के लोग जेपीसी कमेटी की बैठक में भी हिस्सा ले चुके हैं। उस समय जो महत्वपूर्ण सुझाव थे वह हमने दिया था। इसलिए इस बिल के नफा और नुकसान से हम लोग अच्छी तरह वाकिफ है। हमारा समाज वक्फ कानून का समर्थन करते हुए स्वागत कर रहा है। संगठन के सीईओ ने बताया कि हम लोगों ने दिल्ली, महाराष्ट्र, तेलंगाना समेत विभिन्न बैठकों में हिस्सा लिया। संगठन की ओर से 8 संशोधन प्रस्तावित किए गए थे।



- वक्फ बोर्ड के पूर्व अध्यक्षों की संपत्ति जांच की मांग
- संगठन का दावा बोर्ड में भ्रष्टाचार पर लगेगा लगाम

स्थानीय चुनाव से पहले सर्वे में चौंकाने वाले परिणाम

# ब्रिटेन में फरेज और स्टार्मर में हो सकती है सीधी जंग

**लंदन, जेएनएन।** ब्रिटेन में ताजा सर्वेक्षण में प्रधानमंत्री पद के दावेदार निगेल फरेज और सर कीर स्टारमर के बीज सीधी जंग हो सकती है। एक सर्वेक्षण से पता चला है कि रिफॉर्म यूके के नेता चार साल में डाउनिंग स्ट्रीट तक पहुंचने के लिए संयुक्त सर्वेक्षण की स्थिति में हैं। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि यह सर्वेक्षण आगामी 1 मई को होने वाले स्थानीय चुनावों से पहले आया है, जिसमें फरेज की पार्टी उल्लेखनीय सफलता हासिल करना चाहती है। एक साल तक लगातार 20 प्रतिशत से अधिक राष्ट्रीय वोट प्राप्त करने के बाद रिफॉर्म ने कंजर्वेटिव को तीसरे स्थान पर धकेल दिया है।

दरअसल, मतदाताओं से सवाल पूछा गया कि अगले चुनाव के बाद प्रधानमंत्री कौन होगा। सर्वेक्षण नतीजों के मुताबिक, इसमें से 13 प्रतिशत ने फरेज का नाम लिया। यह उन लोगों के प्रतिशत के बराबर था, जो सोचते हैं कि सर कीर चार साल बाद भी प्रधानमंत्री बने रहेंगे। कंजर्वेटिव नेता केमी बेडेनोच को सिर्फ 5 प्रतिशत वोट मिले, जबकि तकरीबन 10 प्रतिशत ने प्रधानमंत्री बनने के लिए एक अलग नाम का समर्थन किया। यही नहीं लगभग 40 प्रतिशत ने स्वीकार किया कि उन्हें नहीं पता कि देश का अगला नेता कौन होगा। मोर इन कॉमन यूके के कार्यकारी निदेशक ल्यूक ट्रिल के मुताबिक, सिर्फ 13 प्रतिशत ब्रिटिश नागरिकों को भरोसा है कि अगले चुनाव के बाद कीर स्टार्मर पद पर बने रहेंगे, जबकि 41 प्रतिशत लोगों का कहना है कि उन्हें नहीं पता कि अगली निर्वाचित सरकार कैसी होगी। हालांकि, जनता निगेल फरेज के प्रधानमंत्री बनने की संभावनाओं को मौजूदा प्रधानमंत्री के समान ही मानती है। खासकर सुधारवादी मतदाता विशेष रूप से आश्वस्त हैं कि उनका आदमी डाउनिंग स्ट्रीट में प्रवेश करेगा। इस सप्ताह की शुरुआत में फरेज ने लेबर को चेतावनी दी कि सुधारवादी पार्टी रेड वॉल लॉन पर अपने टैंक पार्क कर रही है, क्योंकि उन्होंने अपनी पार्टी के स्थानीय चुनाव अभियान की शुरुआत की थी। डरहम में एक प्रमुख भाषण में सुधारवादी नेता ने जोर देकर कहा कि लेबर को अपनी विद्रोही पार्टी से उतना ही डर है, जितना कि अपने पारंपरिक श्रमिक वर्ग के गढ़ों में टोरीज से।





# कनाडा में खालिस्तानियों का उपद्रव, गुरुद्वारे में तोड़फोड़, लिखे नारे

**टोरंटो।** कनाडा के वैंकूवर में एक प्रमुख गुरुद्वारे में रातभर खालिस्तान समर्थक कट्टरपंथियों ने तोड़फोड़ की, जिससे स्थानीय सिख समुदाय में आक्रोश है। यह घटना खालसा दीवान सोसाइटी गुरुद्वारे में हुई, जिसे रॉस स्ट्रीट गुरुद्वारा के रूप में जाना जाता है। गुरुद्वारा प्रशासन ने एक्स अकाउंट पर तस्वीरें साझा कीं, जिसमें मंदिर के पार्किंग स्थल के आसपास की दीवार पर कई स्थानों पर खालिस्तान शब्द स्प्रे-पेंट किया गया था। वैंकूवर पुलिस विभाग वर्तमान में घटना की जांच कर रहा है। एक बयान में केडीएस ने इस कृत्य की निंदा की, इसे समुदाय के भीतर भय और विभाजन फैलाने का एक जानबूझकर किया गया प्रयास बताया। गुरुद्वारा कमेटी ने कहा, खालिस्तान की वकालत करने वाले सिख अलगाववादियों के छोटे समूह ने खालिस्तान जिंदाबाद जैसे विभाजनकारी नारों के साथ हमारी पवित्र दीवारों को खराब कर दिया। केडीएस ने सप्ताहांत वैंकूवर में वैसाखी परेड की थी और खालिस्तान समर्थक समूहों को इसमें भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया था। इस बीच, केडीएस गुरुद्वारा प्रवक्ता जग संघेरा ने सीटीवी न्यूज को बताया कि तोड़फोड़ व्यापक थी। 1906 में स्थापित, रॉस स्ट्रीट गुरुद्वारा कनाडा में सबसे पुराने और सबसे महत्वपूर्ण सिख संस्थानों में से एक है।

# 100 परिवार पाल रहे जैकी, हर भिखारी के पास जग्गू का नंबर

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर जैकी श्रॉफ उन स्टार्स में शुमार हैं, जो चुपके से इतनी नेकदिली कर रहे हैं कि जानकर दिल पसीज उठेगा। ये खुद तंगहाली और गरीबी में रहे, पर जब दूसरों के लिए कुछ करने का मौका मिला, तो पीछे नहीं हटे। आज स्थिति ऐसी है कि मुंबई के हर भिखारी के पास जैकी श्रॉफ का फोन नंबर है। हैरान की बात यह है कि जैकी श्रॉफ तबसे गरीबों की मदद करते और पेट भरते आ रहे हैं, जब वो कुछ भी नहीं थे। यानी बेरोजगार नहीं थे और कोई उन्हें ठीक से जानता भी नहीं था। १ फरवरी 1957...। मुंबई की तीन बत्ती चॉल में एक ऐसे बच्चे का जन्म हुआ, जो आज सैंकड़ों गरीबों की जिंदगी बदल चुका है और उनके लिए हर मुश्किल में खड़ा रहता है। ज्योतिष काकूभाई श्रॉफ के घर पैदा हुए इस बच्चे का नाम रखा गया जयकिशन काकूभाई श्रॉफ, लेकिन फिल्मों में आने के बाद वह जैकी श्रॉफ और जग्गू दादा के नाम से मशहूर हो गए। जैकी श्रॉफ बहुत ही गरीबी में पले-बढ़े। उनका परिवार एक चॉल में रहता था। वहां सात छोटी-छोटी बिल्डिंग थीं और उन सभी के बीच बस 3 बाथरूम। एक छोटा सा कमरा था, जिसमें जैकी और पूरा परिवार रहता था। हालत ऐसी थी कि रात को सोते वक्त उंगलियां चूहे कुतर लेते थे। घर की माली हालत ठीक नहीं थी, तो जैकी पढ़ भी नहीं पाए और 11वीं के बाद स्कूल छोड़ना पड़ा। जैकी श्रॉफ बड़े स्टार बन गए, लेकिन जड़ों को कभी नहीं भूले। आज भी नानावती अस्पताल में उनका अकाउंट है, जिसमें वह पैसे जमा करवाते हैं और उनसे गरीबों का इलाज होता है। इस बारे में उन्होंने सिमी ग्रेवाल के चैट शो में बताया था। जैकी ने कहा था कि बहुत से लोग हैं, जो इलाज नहीं करवा पाते, दवाइयां नहीं खरीद पाते। और वह जो आता है, सबके इलाज का खर्च उठाते हैं। वह मुंबई के 100 गरीब परिवारों को भी पेट भर रहे हैं।

वह कमाई का 50 फीसदी हिस्सा गरीबों की आर्थिक मदद में लगा देते हैं और इसका खुलासा एक बार जैकी श्रॉफ की पत्नी आयशा ने सिमी ग्रेवाल के चैट शो में किया था।



# राज-उद्धव के सवाल पर भड़के शिंदे, बोले-काम की बात करें

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति में सियासी हलचल बढ़ गई है। अटकलें हैं कि बीएमसी चुनाव से पहले उद्धव और राज ठाकरे में सुलह हो सकती है और दोनों साथ आ सकते हैं। सीएम फडणवीस ने इस मुद्दे पर कहा कि ये अच्छी बात है। हालांकि, डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे से पूछा गया तो वह नाराज हो गए। एक पत्रकार ने जब उनसे अलग हो चुके चचेरे भाईयों उद्धव, राज के बीच सुलह की अटकलों पर प्रतिक्रिया मांगी और रिपोर्टर से कहा कि वह सरकार के काम के बारे में बात करें। शनिवार को जब डिप्टी सीएम शिंदे सतारा जिले में अपने पैतृक गांव दरे में थे, तो एक रिपोर्टर ने उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे के बीच सुलह की चर्चा पर उनकी प्रतिक्रिया मांगी। शिंदे चिढ़ गए और रिपोर्टर की बात को अनसुना कर दिया। डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि काम के बारे में बात करें।

**दरअसल,** राज ठाकरे ने एक साक्षात्कार के दौरान कहा था कि अविभाजित शिवसेना में उद्धव के साथ काम करने में उन्हें कोई समस्या नहीं थी। इसके बाद अटकलें लगाई जाने लगी कि उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे एक साथ आ सकते हैं। उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने संभावित सुलह के बारे में अटकलों को हवा दी, जिसमें कहा गया कि वे मामूली मुद्दों को अनदेखा कर सकते हैं और लगभग दो दशक के कटु अलगाव के बाद हाथ मिला सकते हैं।

**इतिहास और सच** | झूठ, अफवाहें और सम्मान की लड़ाई के बीच टाइटेनिक के कप्तान ने खोई अपनी छवि

# टाइटेनिक के कैप्टन स्मिथ ने नहीं की थी आत्महत्या

**न्यूयॉर्क, जेएनएन।** टाइटेनिक जहाज की त्रासदी को दुनिया आज भी नहीं भूली है। 1912 में डूबे इस भव्य जहाज की कहानी पर कई किताबें लिखी गईं और फिल्में बनीं। सबसे चर्चित फिल्म 1997 में जेम्स कैमरून की 'टाइटेनिक' रही, जिसमें जहाज के कप्तान एडवर्ड जॉन स्मिथ को साहसी कप्तान के रूप में दिखाया गया, जो जहाज के कंट्रोल रूम में अंतिम समय तक डटे रहते हैं और पानी की तेज लहरों के बीच डूब जाते हैं। लेकिन क्या यही सच था? अब एक नई किताब 'टाइटेनिक लेगेसी: द कैप्टन, द डॉटर एंड द स्पाई' के लेखक डैन ई. पार्क्स का दावा है कि स्मिथ पर लगे सारे आरोप निराधार हैं। उनके अनुसार कैप्टन स्मिथ ने न आत्महत्या की, न ही वह नशे में थे और न ही किसी लापरवाही के दोषी थे। वे भी उसी तरह पानी में डूबे और जमे जैसे बाकी 1,495 लोग। असल में टाइटेनिक हादसे के तीन दिन बाद 18 अप्रैल 1912 को अमेरिका के 'लॉस एंजेलिस एक्सप्रेस' अखबार ने पहले पन्ने पर छापा 'कैप्टन ई.जे. स्मिथ ने खुद को गोली मारी।' अगले ही दिन ब्रिटेन के 'डेली मिरर' ने भी यही दावा किया कि 'कैप्टन स्मिथ ने पुल पर खुद को गोली मार ली।' तब न्यूयॉर्क और लंदन में हुई जांचों के दौरान कई बचे हुए यात्रियों ने यह बात सुनी थी कि कैप्टन स्मिथ ने आत्महत्या की। उनकी शराब की आदत, जहाज की तेज गति,हिमखंडों की चेतावनी को नजरअंदाज करने की बातें भी सामने आईं। ये आरोप उस व्यक्ति के ऊपर लगे जो जीवन में सबसे अधिक वेतन पाने वाले समुद्री कप्तान थे, व्हाइट स्टार लाइन के सबसे सम्मानित अधिकारी। यह सब एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि उसकी पत्नी एलेनर और उनकी सात वर्षीय बेटी मेल के जीवन पर भी कलंक की तरह छा गया। पार्क्स ने इस किताब के लिए वर्षों तक शोध किया और बचे हुए यात्रियों की गवाही और घटनाओं के विवरण को संकलित किया। वे बताते हैं कि कैसे कुछ महीनों बाद एक व्यक्ति ने दावा किया कि स्मिथ जीवित हैं और मेरीलैंड में भेष बदलकर रह रहे हैं। कुछ साल बाद ओहायो में एक गरीब व्यक्ति भी खुद को स्मिथ बताने लगा। ये कहानियां इसका प्रमाण हैं कि उस समय अफवाहें कितनी तेजी से फैलीं। पार्क्स ने बताया कि जांच के दौरान जो गवाह यह कह रहे थे कि उन्होंने किसी अधिकारी को खुद को गोली मारते देखा, उन्होंने स्पष्ट रूप से किसी नाम का जिक्र नहीं किया। उनके मुताबिक, ये गोली चलने की आवाजें यात्रियों को नियंत्रित करने के लिए चलाई गईं होंगी, लेकिन घबराए हुए लोगों ने मान लिया कि कप्तान ने खुद को गोली मारी। इसके विपरीत कई गवाहों ने कहा कि कैप्टन स्मिथ अंत तक अपने जहाज पर डटे रहे।



### स्टुअर्ड फ्रेडरिक डेन्ट रे ने अमेरिकी जांच में दी गवाही

स्टुअर्ड फ्रेडरिक डेन्ट रे ने अमेरिकी जांच में गवाही दी कि कप्तान का निजी सेवक आखिरी बार उन्हें पुल पर उनके साथ खड़ा देखा गया था। कनैक्टिकट के धनी व्यक्ति फ्रेडरिक हॉयट ने बताया कि वह डेक पर लौटते समय कप्तान से मिले थे और दोनों ने अंतिम पेय लिया था, ताकि ठंड में कुछ राहत मिल सके। कुक आइजैक मेनार्ड ने भी कहा, उन्होंने कप्तान को पुल पर खड़ा देखा और फिर पानी में तैरते हुए भी देखा। एक अन्य यात्री, फायरमैन हैरिस ने बताया कि उन्होंने कप्तान को पानी में एक बच्चे को पकड़कर बचाव नौका तक ले जाते देखा, लेकिन वह खुद उसमें सवार नहीं हुए। यह सारी गवाहियां एक नए दृष्टिकोण को जन्म देती हैं, एक ऐसे कप्तान की छवि, जो अंत तक अपने कर्तव्य पर अडिग रहा, दूसरों को बचाता रहा और स्वयं की परवाह नहीं की।

# सीएस के आदेश की अवहेलना कर रहे स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी

## प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** मप्र राजपत्रित अधिकारी संघ का कहना है कि स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी मुख्य सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव और शिक्षा विभाग के सचिव के आदेश का भी पालन करना उचित नहीं समझ रहे हैं। यहीं वजह है कि उक्त अफसरों के आदेश के बाद भी पिछले 8 वर्षों से व्यख्याताओं को समानरुप से समयमान वेतानमान नहीं दिया जा रहा है। इसके चलते संघ ने अब प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। संघ के प्रांतीय संयोजक एमके सक्सेना ने बताया कि मुख्य सचिव अनुराग जैन, अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा और शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. संजय गोयल का स्पष्ट कहना है कि स्कूल शिक्षा विभाग में समान कैडर व्याख्याता पद पर दूसरे समयमान वेतनमान के देने में 94-95 कनिष्ठ व्याख्याता को ग्रेड-पे 6600 रूपय देकर पे-फिक्सेशन में लाभ दिया जाए एवं वरिष्ठ 3000 व्याख्याताओं को कम ग्रेड-पे 5400 रूपय देकर पे-फिक्सेशन देना पूर्णतः गलत है।

### अधिकारियों को कर रहे गुमराह

साथ ही यह भी कहा है कि 74-75 के वरिष्ठ व्याख्याता का ग्रेड-पे 5400 रूपए के स्थान पर 6600 रूपय तत्काल किया जाय. या फिर 94-95 के कनिष्ठ व्याख्याता का ग्रेड-पे 6600 रूपय के स्थान पर 5400 रूपये कर उनसे वसूली की जाए। इसके बावजूद गत 8 वर्ष से स्कूल शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों का उक्त गड़बड़ी को दूर करने की और कोई ध्यान नहीं है। वे उक्त आईएएस अधिकारीओं के निर्देश के पालन में संबंधित आदेश जारी नहीं कर रहे हैं। वे उन्हें गुमराह कर रहे हैं।

### जिला मुख्यालय पर प्रत्येक शासकीय कार्यालय में

# सुनिश्चित हो जनसुनवाई, कलेक्टर टीएल बैठक में अधिकारियों को दिए गए निर्देश

**जागरण, पन्ना ।** जिला मुख्यालय पर मंगलवार को सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक प्रत्येक शासकीय कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान समस्याओं के निराकरण के लिए कार्यालय पहुंचे आवेदकों की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ निराकरण किया जाए। संयुक्त कार्यालय भवनए कलेक्टेट परिसर में संचालित समस्त विभागों के जिला अधिकारी कलेक्टर कार्यालय के सभागार में उपस्थित रहकर लोगों की समस्याओं का निराकरण करें। उक्ताशय के निर्देश कलेक्टर सुरेश कुमार ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई टीएल बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए। इस मौके पर आगामी 28 अप्रैल को प्रस्तावित समाधान ऑनलाइन के विषयवार लंबित प्रकरणों तथा 100 दिवस से अधिक समयावधि की शिकायतों का अनिवार्य रूप से 25 अप्रैल तक शत.प्रतिशत निराकरण तथा समस्त प्रकरणों में जिला स्तर पर अपेक्षित सटीक प्रतिवेदन दर्ज करने के लिए भी निर्देशित किया गया। जिला कलेक्टर द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व स्तर पर भू.अर्जन से संबंधित 77 लंबित शिकायतों के निराकरण सहित किसानों को फसल बीमा के मामलों का विधिवत तरीके से रिकार्ड सत्यापन कर लाभ प्रदान करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने आगामी टीएल बैठकों में अनिवार्य रूप से आरटीओ को उपस्थित रहने तथा दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने वाले समस्त कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों को गंभीरतापूर्वक कार्य करने की चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारी आरसीएमएस पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का तेजी से निराकरण करें। शासन के निर्देशानुसार समय.समय पर कार्यों की प्रगति के आधार पर जिलों



की रैंकिंग जारी करने की नवीन व्यवस्था के तहत भी वेटेज स्कोर के लिए निर्धारित घटक पर प्राथमिकता से कार्य करने के लिए कहा। जिला कलेक्टर द्वारा ई.ऑफिस के क्रियान्वयन के लिए समस्त विभाग प्रमुखों को समय सीमा में आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करने तथा न्यायालयीन प्रकरणों में भी सजगतापूर्वक कार्य के लिए निर्देश दिए गए। निरंतर चालू रहे कुपोषित बच्चों की भर्ती व उपचार की व्यवस्था

कलेक्टर ने कहा कि जिले में जिला चिकित्सालय सहित अजयगढ़ए गुनौरए अमानगंजए पवई और शाहनगर में संचालित पोषण पुनर्वास केन्द्र में कुपोषित बच्चों के पोषण एवं उपचार की व्यवस्था सतत रूप से संचालित रहे। बच्चों के डिस्चार्ज होने के तुरंत बाद नवीन चिन्हांकित कुपोषित बच्चे को उपचार के लिए भर्ती किया जाए। इसके लिए स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग द्वारा समन्वय के साथ कार्य कर जिले को कुपोषण मुक्त बनाने का प्रयास किया जाए। उन्होंने कहा कि क्रमशः अतिकुपोषित बच्चों को मध्यम कुपोषित और फिर सामान्य श्रेणी के बच्चों में शामिल करने की कार्ययोजना पर कार्य करें। जिला कलेक्टर द्वारा खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग की टीम को स्कूलों के मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की जांच करने सहित आम नागरिकोंए जनप्रतिनिधियों और मीडिया के माध्यम से ग्रीष्मकाल में पेयजल समस्याओं की सूचना पर तत्काल कार्यवाही करनेए अग्नि एवं विद्युत तारों से दुर्घटनाओं से बचाव के लिए आवश्यक उपाय और निगरानीए शहर में थोक सब्जी मंडी के लिए स्थान चिन्हित कर जरूरी कार्यवाही इत्यादि के संबंध में भी निर्देश दिए गए।

**जल गंगा संवर्धन अभियान में नगरीय निकाय भी करें योगदान :** टीएलए बैठक में जिला कलेक्टर ने उपस्थित समस्त नगरीय निकायों के सीएमओ सहित अन्य सहभागी विभागों के अधिकारियों को जनप्रतिनिधि एवं आमजनों की सहभागिता से निरंतर कार्य संचालित करने के निर्देश दिए। वर्षाकाल के पूर्व अभी से नालों की सफाई और अतिक्रमण हटाने सहित शहर में रैन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना के निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा अभियान में विभागवार चिन्हित कार्यों में तेजी लानेए जनअभियान परिषद द्वारा अटल भू.जल योजना के समन्वय से गतिविधियों के आयोजनए जल संरचनाओं को खसरे में दर्ज कराने सहित महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र को उद्योगों का भ्रमण कर उद्योगपतियों से भी अभियान में निर्धारित गतिविधियों में सहयोग प्राप्त करने के लिए कहा। इसके अलावा जिले में नरवाई जलाने की घटनाओं पर रोकथाम के संबंध में एसडीएम एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। इस संबंध में लापरवाही पर संबंधित किसान सहित निगरानी में लापरवाही बरतने वाले कृषि विभाग के अधिकारी.कर्मचारियों को दण्डित करने की चेतावनी दी गई। उन्होंने कहा कि खेतों में आग की सूचना से अवगत कराने के लिए हर गांव में 4 से 5 व्यक्तियों का पंजीयन भी कराया जाए। कस्टम हायरिंग केन्द्रों के माध्यम से नरवाई की रोकथाम के लिए किसानों को विभिन्न यंत्रों के प्रदाय के निर्देश भी दिए।

**सार्वजनिक स्थानों पर करें प्याऊ की व्यवस्था :** कलेक्टर ने समस्त नगरीय निकायों के सीएमओ को ग्रीष्मकाल में बस स्टैण्ड सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर आमजनों के लिए निःशुल्क सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्था सहित लू एडवाइजरी जारी करने के निर्देश भी दिए। इसी प्रकार गेहूं उपार्जन कार्यों की समीक्षा के दौरान केन्द्रों पर समस्त व्यवस्थाएं दुरूस्त करने और गोडाउन की सुचारू व्यवस्था के संबंध में भी निर्देश दिए गए। बैठक में नवीन स्वीकृत सीएम राइज स्कूल के भूमि चिन्हांकन उपरांत कार्य शुरू कराने तथा आगामी 30 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से विद्यालय संचालन समय पर अधिकारियों को शाला भ्रमण के निर्देश भी दिए गए।

## सरपंच सचिव द्वारा 8 माह पहले निकाले 8 लाख रुपए, मौके पर नहीं हुआ कार्य शुरू, न ही पहुंची निर्माण सामग्री



**टीकमगढ़ ।** अखण्ड यादव बल्देवगढ़ जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत चंदेरी खास में सरपंच सचिव द्वारा निर्माण कार्यों में जमकर धांधली और भ्रष्टाचार किया जा रहा है। ग्राम पंचायत चंदेरी खास में सरपंच सचिव द्वारा एक माह पहले पांचवें वित्त आयोग पुलिया निर्माण के नाम से 7 लाख रुपए से अधिक की राशि एडवांस में निकाली गई है लेकिन कार्य स्थल पर अभी किसी प्रकार का कोई निर्माण कार्य नहीं है और न ही निर्माण कार्य के लिए कोई सामग्री मौके पर पहुंची है। पुलिया के निर्माण कार्य सरपंच सचिव द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार उजागर होने के बाद ग्रामीणों में नाराजगी देखने को मिली है। जिसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा जिला पंचायत सीईओ से की गई है। ग्रामीणों द्वारा जिला पंचायत सीईओ को दिए गए आवेदन में उल्लेख किया कि ग्राम पंचायत चंदेरी खास में पुलिया निर्माण कार्य शमशान घाट से महेबिया मार्ग पर 12 लाख की राशि की पुलिया स्वीकृत करा के बिना निर्माण किये ही सरपंच सचिव द्वारा 8 लाख रुपये की राशि एडवांस निकालकर भ्रष्टाचार किया गया है। और जिस जगह की पुलिया निर्माण के स्थल की फाइल स्वीकृत कराई गयी है उस स्थल पर पुलिया निर्माण हेतु कोई जगह ही नहीं है। सरपंच सचिव द्वारा फर्जी तरीके से राशि निकाल कर शासकीय राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। ग्राम पंचायत चंदेरी खास निवासी रामप्रसाद लोधीए मानिक लालए अनंतराम लोधीए तुलसीदास ने बताया कि जिस निर्माण कार्य को प्रारंभ भी नहीं किया गया है है और राशि की निकासी पहले से की जा रही है। ग्राम पंचायत सरपंच और सचिव फाइल बनाकर एस्टीओ कर राशि तो निकाल लेते है लेकिन अक्सर कार्य फाइलों में ही बनकर रह जाता है। ऐसे में पंचायत प्रतिनिधि द्वारा जमकर धांधली की जा रही है। लेकिन बड़ी बात यह भी है कि इन सब बातों की शिकायत भी किए जाने पर जांच के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है।

## किसानों के लिए सिंचाई और पशुओं को पानी का संकट, ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**टीकमगढ़ ।** जतारा जनपद की ग्राम पंचायत मडखेरा में बजाज पावर प्लांटए खदानों में राख भर रहा है। जिसका सेमरखेरा और चंदौरवा गांव के किसानों ने इसका विरोध किया है। आज ग्रामीण कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और कलेक्टर को ज्ञापन सौपकर कार्य बंद कराने की मांग की है ! ग्रामीणों के अनुसारए इन खदानों से लगभग 30.40 किसान सिंचाई करते हैं। साथ ही पशुओं के लिए पूरे साल पीने का पानी मिलता है। दो दिन से पावर प्लांट की गाड़ियां लगातार राख डाल रही हैं। चंदौरवा गांव की खदान पहले ही भर चुकी है। अब सेमरखेरा की खदान में राख भरी जा रही है। सेमरखेरा के देवेंद्र यादव ने बताया कि मोहनगढ़ क्षेत्र पहले से ही सूखाग्रस्त है। ग्राम पंचायत में पानी का कोई तालाब नहीं है। कंपनी की तेज रफ्तार गाड़ियों से चारों ओर धूल उड़ रही है। पावर प्लांट के कर्मचारी ग्रामीणों को धमकी भी दे रहे हैं। ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर राख भरने पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। उनका कहना है कि यह राख किसानोंए पशुओं और जमीन के लिए हानिकारक है। साथ ही गाड़ियों के रास्ते में लगे हरे.भरे पेड़ों को भी काटा जा रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर राख भरने पर रोक नहीं लगी तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## अमानगंज शहर में सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित



**जागरण, पन्ना ।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार ने पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर अमानगंज नगर में सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक समस्त भारी एवं व्यवसायिक वाहनों का प्रवेश व आवागमन प्रतिबंधित किया है। अब समस्त भारी वाहन निर्धारित समय में अमानगंज बायपास मार्ग से होकर जाएंगे। पुलिस अधीक्षक द्वारा पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया था कि अमानगंज कस्बा के बायपास रोड का निर्माण और सुधार कार्य पूर्ण हो चुका है। वर्तमान में अमानगंज कस्बे से भारी वाहनों के आवागमन से यातायात व्यवस्था अवरूद्ध होने तथा प्रायः जाम की स्थिति निर्मित होने से आमजनों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। साथ ही संकीर्ण बाजार से अधिक वाहनों के आवागमन से सड़क दुर्घटनाओं की संख्या भी बढ़ रही है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा मोटर व्हीकल अधिनियम 1988 की धारा 115 एवं मण्प्रण् मोटर व्हीकल नियम 1994 के नियम 115 के तहत भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित करने का आदेश जारी किया गया है। आवश्यक सेवाओं के वाहनों जैसे फायर बिग्रेडए एम्बुलेंसए पुलिस वाहनए नगरीय निकाय की स्वास्थ्य सेवाओं में लगे वाहनए एलपीजी व पेट्रोलियम पदार्थ वाहनए दुग्ध वाहनए विद्युत मंडल के कार्यों में संलग्न वाहनए राज्य शासन की निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों के उठाव कार्य में लगे वाहन तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत उचित मूल्य दुकानों में युवा अन्नदूत योजना के तहत शासकीय खाद्यान्न उठाव कार्य में लगे वाहनों को उक्त प्रतिबंध से छूट रहेगी।

## पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में मनाया गया विद्या प्रवेश उत्सव



**जागरण, पन्ना ।** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पन्ना में आज कक्षा 1 में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए विद्या प्रवेश उत्सव मनाया गया। यह विशेष आयोजन विद्यालय में शिक्षारंभ की परंपरा को सम्मान देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। विद्यालय प्राचार्य अमित दाहिया द्वारा दीप प्रज्वलन कर एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात विद्यालय के छात्र.छात्राओं द्वारा एक मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत किया गयाए जिसने सभी उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अगले चरण में प्राथमिक विभाग की वरिष्ठ शिक्षिका कोमल सैनी ने विद्या प्रवेश की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विद्यालय के नियमों और अनुशासन संबंधी जानकारी अभिभावकों को दी। विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक समूह नृत्य भी प्रस्तुत किया गया। इस प्रस्तुति में भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों की झलक भी देखने को मिली। प्राचार्य श्री दाहिया ने बच्चों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व और विद्यालय की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने शिक्षा के पहले दिवस को बच्चों के जीवन की नई शुरुआत बताया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के समापन पर वरिष्ठ स्नातकोत्तर शिक्षक नीरज चौरसिया ने उपस्थित सभी अभिभावकोंए छात्रोंए शिक्षकों एवं स्टॉफ का आभार माना।

## बूथ लेवल अभिकर्ता की अविलंब करें नियुक्ति

**पन्ना ।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाम्बर मिश्र ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के निर्देशानुसार जिले के समस्त राजनैतिक दल के अध्यक्ष एवं सचिव को पुनः बूथ लेवल अभिकर्ता की नियुक्ति कर अवगत कराने के लिए कहा है। गत अक्टूबर माह में सभी दलों को मतदाल केन्द्रों की सूची प्रदान कर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार एजेन्ट की यथाशीघ्र नियुक्ति के संबंध में सूचित किया गया थाए लेकिन अब तक किसी भी दल द्वारा इनकी नियुक्ति कर सूची प्रदान नहीं की गई है। इस संबंध में राजनैतिक दल के अध्यक्ष एवं सचिव से अविलंब जिला स्तर के लिए बीएलए.1 तथा तीनों विधानसभा के समस्त 931 मतदान केन्द्रों के लिए मतदान केन्द्रवार बीएलए.2 की नियुक्ति कर प्राधिकार पत्र की प्रति वांछित जानकारी के साथ शीघ्र उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया है।

## भतीजा निकला चाचा का कातिल, थाना जतारा अंतर्गत हुए अंधे कत्ल का हुआ खुलासा




**टीकमगढ़।** पुलिस की गठित 07 टीमों एफएसएल फिंगर प्रिंट साइबर सेल एवं संदेहियों से पूँछताछ कर किया गया घटना का खुलासाएआरोपी की पत्नी से छेड़छाड़ के कारण आरोपियों द्वारा की गई थी मृतक की हत्याएपुलिस अधीक्षक द्वारा मामले के खुलासे एवं अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी हेतु ?10000 के ईनाम की गई थी उद्घोषणा । बताया गया हैं की दिनांक 12ण्04ण्2025 की दरम्यानी रात थाना जतारा अंतर्गत ग्राम उदयपुरा में तुलाराम प्रजापति उम्र 45 वर्ष की सिर पर चोट पहुंचाकर हत्या कर दी गई थी। घटना की सूचना पर थाना जतारा पुलिस मौके पर पहुँची जिस पर थाना जतारा में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 82द्2025 धारा 103ण् ;1द्ध 248 बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया एवं वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया गया । वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देश पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा स्वयं थाना जतारा पहुंचकर कैम्प कर उक्त प्रकरण के खुलासा कर आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु साइबर टीमण् एफएसएल टीम फिंगर प्रिंट टीमए सीसीटीवी सर्विलांस टीम सहित पुलिस की कुल 07 टीमों अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतमए उप पुलिस अधीक्षक दिलीप पांडे के मार्गदर्शन में गठित की गई।पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वयं गठित पुलिस टीमों के साथ घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया जहाँ मौके पर उपस्थित आसपास के लोगों से पूँछताँछ एवं फिंगर प्रिंट एफएसएल साइबर की टीमों द्वारा सूक्ष्मता से वैज्ञानिक एवं तकनीकी परीक्षण किया गया एवं विवेचना में आए संदेहियों से सख्ती से पूँछताछ की गई जिसमें घटना का खुलासा हुआ एवं आरोपियों को ग्राम उदयपुरा थाना जतारा से गिरफ्तार किया गया आरोपी घनेन्द्र पर पूर्व से हत्याए हत्या के प्रयास मारपीट अवैध हथियार रखने सहित कुल 06 मामले पंजीबध हैं। इसी प्रकार आरोपी सियाराम पर मारपीट एवं गंभीर धाराओं के 03 मामले पंजीबध हैं। आरोपियों द्वारा घटना में प्रयुक्त एक कुश ;लोहे का छोटा सब्बल एवं हथियारद्ध एक प्लेटिना मोटरसाइकिल उक्त मामले के खुलासे में थाना प्रभारी जतारा निरी रविभूषण पाठक की अहम् भूमिका रही हैं

## डायमण्ड म्यूजियम के लिए कंसलटेंट एजेंसी के प्रतिनिधियों ने जिला कलेक्टर के साथ किया परिसर का निरीक्षण



**जागरण, पन्ना ।** पन्ना शहर के पुराने यादवेन्द्र क्लब परिसर में स्वीकृत डायमण्ड म्यूजियम के लिए आज दिल्ली से कंसलटेंट एजेंसी के प्रतिनिधियों द्वारा जिला कलेक्टर के साथ प्रस्तावित परिसर का भ्रमण कर जायजा लिया गया। डायमण्ड म्यूजियम निर्माण के लिए 18 करोड़ रूपए की सैद्धांतिक स्वीकृति पूर्व में जारी की जा चुकी है। अब आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित किया जाएगा। इसके उपरांत टेण्डर की प्रक्रिया जारी होगी। निरीक्षण के दौरान अवगत कराया गया की शीघ्र ही जरूरी प्लान तैयार कर मध्यप्रदेश पर्यटन निगम को सौंपा जाएगा। एजेंसी की प्रतिनिधि तपस्या द्रोणा सहित अन्य अधिकारियों द्वारा परिसर के निरीक्षण के दौरान आवश्यक सुझाव भी प्राप्त किए गए। इस दौरान डायमण्ड म्यूजियम परिसर में पार्किंगए कैफेटेरियाए वाटर फाउंटेन एवं आडियो.विजुअल गैलरी की स्थापनाए टिकट काउंटरए डायमण्ड की विभिन्न क्षेत्रों में उपयोगिता सहित उथली हीरा खदानों से हीरा प्राप्त करने की प्रक्रिया तथा एनएमडीसी द्वारा मशीनों से उत्खनन प्रक्रिया के मॉडल स्थापना इत्यादि कार्यों के बारे में चर्चा की गई।

## गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने ग्राम पंचायत द्वारी को दी कई सौगातें



**पन्ना ।** गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा द्वारा आज द्वारी ग्राम पंचायत में कई विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया गया। इन कार्यों में हनुमान जी मंदिर के पास 24ण्99 लाख रुपए की लागत से बनने वाले शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन करने के साथ ही 14ण्99 लाख रुपए की राशि से निर्मित पंचायत भवनए 6 लाख रुपए की राशि से निर्मित सीसी रोड और नाली निर्माण कार्यों का विधायक डॉण् वर्मा ने भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने कहा कि विकास कार्यों में राशि की कमी बाधक नहीं बनेगी। विधानसभा के प्रत्येक गांव में सीसी रोड और नाली निर्माण जैसे मूलभूत विकास कार्य करवाएंगे। ग्राम के जरूरी कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि गरीबों के लिए सरकार की विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं। पात्र व्यक्ति इन योजनाओं का लाभ जरूर लें। विकास कार्यों में शिकायत या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ पूरे होंगे। कार्यक्रम में प्रशांत चतुर्वेदीए सुदामा पटेलए रणमत राजाए उदय विशनए दशरथ गुप्ताए कमलेश पांडेयए दीपक यादवए लकी राजाए सत्येंद्रए रवि खरेए जगदीश पटेलए अशोक चनपुरियाए विनोद शर्मा एवं ग्रामवासी भी उपस्थित रहे।

## 10 वर्षीय अकील का अपहरण, संदेह की स्याही में डूबी सच्चाई, प्रशासन की निष्क्रियता पर उगला जनाक्रोश

**जागरण, पन्ना ।** देवेंद्रनगर सामूहिक सौहार्द और शांतिपूर्ण वातावरण के लिए पहचान रखने वाला देवेंद्रनगर तहसील अंतर्गत जिगदहा गांव इन दिनों भयए भ्रम और प्रशासनिक उदासीनता के अंधकार में घिरा है। यहां की शासकीय प्राथमिक शाला में अध्ययनरत 10 वर्षीय छात्र अकील मोहम्मद के कथित अपहरण की घटना ने क्षेत्र की कानून व्यवस्थाए विद्यालय प्रबंधन की सतर्कता और पुलिस की सक्रियता पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़े कर दिए हैं।

**अपहरण का घटनाक्रमरू बालक की जुबानी दास्तान :** दिनांक 16 अप्रैल 2025 को अकील मोहम्मद विद्यालय के दौरान पानी पीने के लिए निकला था। उसी दौरान दो नकाबपोश व्यक्ति उसे जबरन मोटरसाइकिल पर बैठाकर गांव से लगभग तीन किलोमीटर दूर स्थित बिरवाही गांव की ओर ले गए। किंतु मौका पाकर बालक उनके चंगुल से निकलकर एक परिचित के घर पहुंच गयाए जहां से उसे सकुशल परिजनों के पास पहुंचाया गया।

**पुलिस को जानकारीकृपर कार्रवाई नहीं :** बालक के पिता शकील मोहम्मद ने 17 अप्रैल को देवेंद्रनगर थाने में लिखित आवेदन देकर घटना की जानकारी दीए लेकिन तीन दिन बीतने के बावजूद पुलिस द्वारा न तो कोई एफआईआर दर्ज की गई और न ही कोई विवेचना प्रारंभ हुई। यही नहींए न विद्यालय प्रशासन ने घटना के समय पुलिस को सूचना दी और न ही सुरक्षा की न्यूनतम जिम्मेदारी निभाई।

**सवालों के घेरे में स्कूल और प्रशासन :** विद्यालय परिसर जैसे सुरक्षित स्थल से दिनदहाड़े बालक का अपहरण कैसे हुआ।

## राज्य स्तरीय वुशू मार्शल आर्ट प्रतियोगिता के लिए पन्ना टीम चयनित



**जागरण, पन्ना ।** चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल पन्ना में आयोजित 8वीं जिला स्तरीय वुशू मार्शल आर्ट प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ। यह प्रतियोगिता सब.जूनियरए जूनियर और सीनियर तीनों वर्गों में आयोजित की गईए जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों और खेल क्लबों से आए खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और अपने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता के अंत में चयनित खिलाड़ियों को 1 मई से 3 मई 2025 तक जबलपुर में होने वाली 24वीं राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता में पन्ना जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होगा। मुख्य प्रशिक्षक व सचिव इरफान खान ने जानकारी देते हुए बताया कि खिलाड़ियों का चयन मध्यप्रदेश वुशू संघ के प्रदेश सचिव श्री मनोज गुप्ता के मार्गदर्शन में किया गया है। उन्होंने बताया कि चयनित खिलाड़ियों ने कठिन प्रशिक्षणए अनुशासन और समर्पण के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। इस अवसर पर आयोजन को गरिमा प्रदान करने हेतु कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेए जिनमें प्रमुख रूप से संरक्षक नईम खानए पहलवान सिंहए जिला वुशू संघ पन्ना अध्यक्ष महेन्द्र कुमार विश्वकर्माए जिला जु.जित्सु संघ पन्ना अध्यक्ष लॉरेंस एटेसए शोतो काई कराते संघ पन्ना अध्यक्ष कृष्ण कुमार श्रीवास्तव पन्ना हेल्थ क्लब संचालक सैफ उल्ला एवं शमीम सिद्दीकी शामिल रहें। खिलाड़ियों के अभिभावकों की उपस्थिति ने भी कार्यक्रम में उत्साहवर्धन का कार्य किया। जिला वुशू संघ पन्ना के अध्यक्ष महेन्द्र विश्वकर्मा ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए पन्ना से अनिकेत श्रीवास्तवए पीयूष विश्वकर्माए रीना देवी लोधए मनीष विश्वकर्मा और सत्या अहिरवार का चयन किया गया है। साथ हीए जिले से तीन सीनियर खिलाड़ी सैफ उल्लाए रीना देवी लोध और पीयूष विश्वकर्मा का चयन प्रदेश जज निर्णायक परीक्षा के लिए भी हुआ है।

## बंगाल हिंसा : राष्ट्रव्यापी आक्रोश प्रदर्शन एवं राष्ट्रपति शासन की मांग हेतु सौंपा ज्ञापन



**टीकमगढ़।** पिछले एक सप्ताह से वक़्फ़अधिनियम के बहाने से पश्चिम बंगाल में हिंदू लक्षित हिंसा और दंगों द्वारा हिंदुओं का उत्पीड़न बड़े स्तर पर चल रहा है। हजारों की संख्या में पीड़ित हिंदू परिवार अपने ही राज्य में निर्वासित होने पर विवश हुए हैं। राज्य सरकार की किसी भी प्रकार की कार्यवाही हिंदू परिवारों की सुरक्षा निमित्त दृष्टिगत नहीं हुई है। स्पष्टतरू इसके मूल में मुस्लिम तुष्टिकरण की दुर्भावना ही है। ऐसी पक्षपाती सरकार के रहते हिंदू परिवारों के जीवनए सम्मान और सम्पति की रक्षा संभव नहीं है। ऐसी हिंदू विरोधी सरकार को निलंबित कर राष्ट्रपति शासन लागू करने से ही हिंदू समाज के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा संभव हैए यह परिषद् की सुविचारित राय एवं मांग है। इस निमित्त यह निश्चय किया गया है महाकौशल प्रांत के आवाहन पर 21अप्रैलए सोमवार को सम्पूर्ण जिला टौली विश्व हिन्दू परिषद के द्वारा जिला मुख्यालय पर कलेक्टेट आफिस पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## गैर अनुदान प्राप्त अशासकीय विद्यालयों में सत्र 2025-26 के लिए निःशुल्क प्रवेश की प्रक्रिया शीघ्र होगी प्रारंभ

**जागरण, पवई ।** पवई राज्य शिक्षा केंद्र के पत्र क्रमांक आर टी ई ध्2025ध्1768 के अनुसार सत्र 2025.26 के लिए गैर अनुदान प्राप्त मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम त्ज्म् ।बज 2009 के अंतर्गत प्रथम प्रवेशित कक्षा में 25 प्रतिशत सीटों पर निशुल्क प्रवेश की ऑनलाइन प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जा रही है। इस हेतु सभी संबद्ध विद्यालयों को आवश्यक पूर्व कार्यवाही समय.सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसारए विद्यालयों को आरटीई पोर्टल पर लॉगिन कर अपने विद्यालय की संपूर्ण जानकारी की पुष्टि करनी होगी। विशेष रूप से ग्राम या वार्ड की जानकारी सही होना अनिवार्य हैए जिससे बच्चों के आवेदन और विद्यालयों के चयन में कोई भ्रम न हो। इसके अतिरिक्तए वे अशासकीय विद्यालय जिन्होंने सत्र 2023ऋ24 अथवा 2024 .25 मैं मान्यता ली थी परंतु किसी कारणवश आगामी सत्र 2025.26 से संचालन बंद करना चाहते हैंए उन्हें आरटीई पोर्टल पर अपने यूजर आईडी एवं पासवर्ड से लॉगिन कर ष्स्कूल प्रबंधनष् विकल्प में जाकर स्कूल बंद करने का आवेदन ऑनलाइन करना होगा। आवेदन के सत्यापन के लिए रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ओटीपी भेजा जाएगाए जिसे दर्ज करने के उपरांत आवेदन डीपीसी ;जिला परियोजना समन्वयकद्ध को अग्रेषित होगा। यह ध्यान देना आवश्यक है कि वे विद्यालय जिनकी मान्यता 31 मार्च 2025 को समाप्त हो चुकी है या जिन्होंने सत्र 2025.26 के लिए मान्यता प्राप्त की हैए वे स्कूल बंद करने हेतु आवेदन नहीं कर सकते। इस संबंध में अल्पसंख्यक विद्यालयों के लिए भी विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। यदि कोई अशासकीय विद्यालय अल्पसंख्यक संस्था के रूप में मान्यता प्राप्त हैए तो उन्हें सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जीवित अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति 25 अप्रैल 2025 तक जिला परियोजना समन्वयक को प्रस्तुत करनी होगी। समन्वयक द्वारा प्रमाण पत्रों की जांच के उपरांत सूची जिला कलेक्टर को अनुमोदन हेतु भेजी जाएगी। अनुमोदन प्राप्त होने के बाद ही विद्यालय को पोर्टल पर अल्पसंख्यक संस्था के रूप में चिन्हित किया जाएगा। निर्धारित तिथि तक प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करने या प्रमाण पत्र अमान्य पाए जाने की स्थिति में संबंधित विद्यालय को गैर अल्पसंख्यक माना जाएगाए और उन्हें शिक्षा का अधिकार अधिनियम की धारा 12;1द्ध;बद्ध के अंतर्गत 25 प्रतिशत निशुल्क प्रवेश देना अनिवार्य होगा।

# आग बुझाने की तकनीक और सुरक्षा उपायों का किया गया प्रदर्शन





## विभिन्न प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बच्चों को पुरुष्कृत किया गया

**जागरण, बैढ़न**

सीआइएसएफ अग्निशमन विंग जयंत केऔसुब इकाई एनसीएल सिंगरौली ने अग्निशमन सेवा सप्ताह के दौरान एक महत्वपूर्ण आयोजन किया। इस अवसर पर अग्निशमन केंद्र के बल सदस्यों द्वारा एक प्रभावशाली डेमोस्ट्रेशन दिया गया जिसमें आग बुझाने की तकनीक और सुरक्षा उपायों का प्रदर्शन किया गया। इस डेमो की तैयारी इंस्पेक्टर एम के शर्मा और सब इंस्पेक्टर रामग्या मौर्या के नेतृत्व में की गई थी। उन्होंने अपनी टीम के साथ मिलकर इस डेमो को सफलतापूर्वक तैयार किया और प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन इंस्पेक्टर विकास के द्वारा सहायक कमांडेंट/अग्नि आदित्य कुमार के कुशल नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महाप्रबंधक जयंत राजीव कुमार ने शिरकत की और अग्निशमन दल के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता और प्रशिक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है और सीआइएसएफ का यह प्रयास सराहनीय है। उन्होंने 1944 के मुंबई के विक्टोरिया बंदरगाह में हुए भीषण अग्नि कांड का उल्लेख करते हुए कहा कि इस हादसे में 66 अग्निशमन कर्मियों ने अपनी शहादत दी थी जिन्हें हम आज भी याद करते हैं और उनकी वीरता को नमन करते हैं। कमांडेंट श्री खिल्लारे एस पी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का स्वागत किया और अग्निशमन दल की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सीआइएसएफ अग्निशमन विंग की यह पहल न केवल सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक होगी बल्कि आपातकालीन स्थितियों में प्रभावी ढंग से कार्य करने के लिए भी तैयार करेगी। कार्यक्रम के अंत में सहायक कमांडेंट आदित्य कुमार ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया और सभी अतिथियों प्रतिभागियों और अग्निशमन दल के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सीआइएसएफ अग्निशमन विंग हमेशा सुरक्षा और सेवा के प्रति प्रतिबद्ध है और इस आयोजन के माध्यम से स्थानीय समुदाय में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया। इस सप्ताह के दौरान अग्नि जागरूकता और प्रशिक्षण के कई सारे कार्यक्रम स्कूलों एवम एनसीएल के विभिन्न विभागों में किया तथा स्कूली बच्चों के लिए क्विज एवम निबंध लेखन ड्राइंग कंपटीशन इत्यादि संबंधित कई सारी प्रतियोगिता कराई गई विभिन्न प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बच्चों को पुरुष्कृत भी किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान जयंत परियोजना के जीएम सिविल जे एस पी सिंह सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। इनके अतिरिक्त सीआईएसएफ इकाई सिंगरौली के अधिकारी उप कमांडेंट सुशांत गायकवाड़ सहायक कमांडेंट देवेंद्र सिंह उप निरीक्षक अमित सिंह उप निरीक्षक उत्तम तिवारी सहित सभी जवान एवम् अधिकारी भी उपस्थित रहे।



# कवि सम्मेलन के साथ संपन्न हुआ जिंदगी का सफरनामा पुस्तक का विमोचन

## त्रिलोकी नाथ श्रीवास्तव की आत्मकथा ज़िंदगी का सफ़रनामा मरणोपरांत विमोचित

**जागरण, सिंगरौली।** क्रॉसिंग रिपब्लिक स्थित विंड बैंक्वेट हाल ऑर्बिट प्लाज़ा में हिंदी श्री पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित त्रिलोकी नाथ श्रीवास्तव की आत्मकथा ज़िंदगी का सफ़रनामा का विमोचन मुख्य अतिथि प्रीति मिश्रा पत्नी कपिल मिश्रा कैबिनेट मंत्री दिल्ली सरकार एवं साहित्यकारों के द्वारा सम्पन्न हुआ जिसके गवाह बने सैकड़ों साहित्यप्रेमी। दीप प्रज्वलन से पूर्व लेखक के परिवार की ओर से गणेश वंदना एवं सरस्वती वंदना की प्रस्तुति की गई। विमोचन से पूर्व आयोजकगण मुकेश चंद्र श्रीवास्तव एवं अनीता श्रीवास्तव ने मंचासीन मुख्य अतिथि प्रीति मिश्राए मिर्जापुर से वरिष्ठ साहित्यकार एवं कवि आनंद अमित गाजियाबाद से कवयित्री नंदिनी श्रीवास्तव आत्मकथा के संपादक डॉ मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव शिखर सहित अन्य अतिथियों का अभिनंदन अंगवस्त्र से किया। मंजरी डॉ पियूष एवं दिनेश श्रीवास्तव ने अन्य अतिथियों का अभिनंदन अंगवस्त्रंम से किया। स्वागतोपरांत पुस्तकों का विमोचन मंचासीन अतिथियों एवं सह अतिथियों डॉ स्वदीप श्रीवास्तव सौरभ श्रीवास्तव डॉ उदय कुमार सिद्धार्थ आयोजक मुकेश चंद्र श्रीवास्तव अनीता श्रीवास्तव के द्वारा संपन्न हुआ। हिंदी श्री पब्लिकेशन की ओर से पुस्तक के संपादक डॉ मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव शिखर को हिंदी श्री साहित्य प्रखर सम्मान तथा मुकेश चंद्र श्रीवास्तव एवं अनीता श्रीवास्तव को हिंदी श्री साहित्य प्रसार सम्मान से अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। त्रिलोकी नाथ की उक्त आत्म कथा में पाठकों को संयुक्त परिवार का प्रेम कर्तव्य धर्म संस्कृति एवं संस्कारों का अनूठा संगम देखने को मिला। उक्त पुस्तक हिंदी श्री पब्लिकेशन द्वारा नेशनल लाइब्रेरी कोलकाता में भी रखवा दिया गया है। मंजुला ममता मृदुला रवि डॉ स्वदीप आदि ने पुस्तक एवं रचनाकार के स्मृतियों को संजोए अपने.अपने उद्गार व्यक्त करते हुए भावविभोर हो उठे। वरिष्ठ व्यंग्यकार मुरली मनोहर श्रीवास्तव ने उक्त आत्मकथा की प्रासंगिकता पर साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रकाश डाला। आत्मकथा के संपादक डॉ मिथिलेश ने कहा कि त्रिलोकी नाथ की यह आत्मकथा भले ही उनकी स्वर्ग यात्रा के अठारह वर्ष बाद प्रकाशित हुई मगर इस आत्मकथा के माध्यम से वे सदा के लिए अमर हो चुके हैं। डॉ मिथिलेश के गज़ल पाठ के उपरांत आमंत्रित कवि आनंद अमित तथा कवयित्री नंदिनी श्रीवास्तव ने ग़ज़ल गीत एवं काव्य पाठ के माध्यम से दर्शकों को खूब गुदगुदाया। कार्यक्रम का कुशल संचालन अनीता श्रीवास्तव ने जयपुर प्रयागराज लखनऊ गोरखपुर से आए तथा क्रॉसिंग एवं एनटीपीसी सहित समस्त अतिथियों का आभार मुकेश चंद्र श्रीवास्तव ने व्यक्त किया।

# एनटीपीसी सिंगरौली के बाल भवन वार्षिक उत्सव में बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियों से बिखेरे रंग

**जागरण, शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली के वनिता समाज द्वारा संचालित बाल भवन का वार्षिक उत्सव स्थानीय मनोरंजन केंद्र ऑडिटोरियम में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का शुभारंभ एनटीपीसी सिंगरौली के परियोजना प्रमुख राजीव अकोटकर द्वारा दीप प्रज्वलन एवं एनटीपीसी गीत के साथ किया गया। बाल भवन प्रभारी श्रीमती वंदना यादव ने अपने स्वागत संबोधन में बाल भवन की उपलब्धियों की जानकारी दी तथा अभिभावकों के सहयोग हेतु आभार प्रकट किया। उन्होंने बताया कि बाल भवन द्वारा हजारों बच्चों को गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा दी गई है और वर्तमान में 70 बच्चे यहाँ शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इस वर्ष का वार्षिकोत्सव उत्सव शीर्षक पर आधारित था जिसमें भारतीय कैलेंडर के प्रमुख पर्वों होली, ईद, दीपावली,



स्वतंत्रता दिवस आदि पर आधारित गीत नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियाँ शामिल रहे। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का दिल जीत लिया। मुख्य अतिथि राजीव अकोटकर ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की और सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप उपहार प्रदान करने की घोषणा की। वनिता समाज की अध्यक्षा श्रीमती पीयूषा अकोटकर ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास और रचनात्मकता को बढ़ाते हैं। इस अवसर पर उन्होंने सभी अभिभावकों के सहयोग के लिए भी धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर वनिता समाज शक्तिनगर की सभी सदस्याएँ एनटीपीसी सिंगरौली के सभी विभाग के अपर महाप्रबंधक वरिष्ठ महाप्रबंधक एवं अन्य अधिकारी गण आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## डॉ बीरेंद्र पांडेय बने विश्व हिन्दू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष

**जागरण, देवसर।** जिले की समस्त कार्यकारिणी एबम देवसर के युवाओं की सहमति एबम जिला अध्यक्ष और संयोजक मंत्री के अनुशंषा पर महाकोसल प्रान्त के अध्यक्ष एबम राष्ट्रीय संयोजक द्वारा डॉ बीरेंद्र पांडेय को देवसर प्रखंड के अध्यक्ष नियुक्त किया गया है इस नियुक्ति से देवसर के युवा कार्यकर्ताओ में भारी जोश है। उनका कहना है कि पांडेय जी सीनियर एबम अनुभवी है इनके मार्गदर्शन में कार्य करने में अच्छा होगा वही पर सवाल पूछे जाने पर डॉ पांडेय ने कहा कि समाज मे बहुत कुरीतियों पर कार्य करना है साथ मे युवा बच्चे जो नशे की गिरफ्त में जा कर खुद की शरीर और घर बर्बाद कर रहे है उस पर कार्य करना है क्यो की जब हम स्वस्थ रहेंगे तो मन स्वस्थ रहेगा तब हम स्वस्थ्य दिमाग से परिवार और परिवार से समाज समाज से देश का निर्माण करेंगे।



## गुखौर प्रतिभा का गांव पर अधूरी उड़ान

# हायर सेकेंडरी स्कूल न होने से 10वीं के बाद थम जाती है बच्चों की पढ़ाई

**पन्ना।** देवेन्द्रनगर जहाँ शिक्षा सपनों की सीढ़ी मानी जाती है। वहीं पन्ना जिले का गुखौर गांव एक ऐसा ठिकाना है जहाँ यह सीढ़ी दसवीं कक्षा के बाद अचानक खत्म हो जाती है। प्रतिभाओं से परिपूर्ण यह गांव हर वर्ष नवोदय और ओलंपियाड जैसी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करता है पर संस्थानिक संसाधनों की कमी और हायर सेकेंडरी स्कूल का अभाव यहाँ की युवा पीढ़ी को अधूरी उड़ान के लिए विवश कर देता है।

90 प्रतिशत बालिकाएँ 10वीं के बाद पढ़ाई छोड़ देती हैं। ग्रामवासियों के अनुसार गांव में हायर सेकेंडरी स्कूल न होने के कारण लगभग 90ः छात्राएँ कक्षा 10 के बाद पढ़ाई छोड़ देती हैं। इसका मुख्य कारण है। निकटतम हायर सेकेंडरी स्कूल देवेंद्रनगर में स्थित हैं जो 10 से 12 किलोमीटर दूर हैं।आवागमन के सुरक्षित साधनों की कमी है जिससे अभिभावक बेटियों को इतनी दूर अकेले भेजने से हिचकते हैं। परिवारों की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण निजी साधन या किराया वाहन सम्भव नहीं होता। प्राकृतिक बाधाएंए जैसे बारिशए गर्मी या रास्तों की खराब स्थिति बेटियों के लिए यह दूरी और कठिन बना देती है। 25ः छात्र भी पढ़ाई छोड़ने को मजबूर बालकों के लिए भी स्थिति संतोषजनक नहीं है। करीब 25ः छात्र दसवीं के बाद हायर सेकेंडरी की पढ़ाई जारी नहीं रख पाते। कुछ को परिवार की आर्थिक मदद के लिए काम पर जाना पड़ता है। दूरीए किराये और समय की लागतए साथ ही पढ़ाई की अलगाव से उपजी निराशा उन्हें आगे बढ़ने से रोक देती है। ग्राम गुखौररू शिक्षा की आकांक्षाए पर तीन कमरों में सिमटी व्यवस्था गांव के सरकारी स्कूल में 6 एकड़ भूमि होने के बावजूद मात्र तीन कमरे हैं। इन्हीं में कक्षाएँए प्राचार्य कक्षए कंप्यूटर कक्ष और ऑफिस सब कुछ संचालित होता है। गुखौर और आसपास के 15 गांवों के लिए यह एकमात्र हाई स्कूल हैए पर हायर सेकेंडरी का दर्जा आज तक नहीं मिला। नत्थू सिंह

## रिटायर होनेके बाद भी कमरा क्यों नहीं खाली करते है कर्मचारी

**जागरण, देवसर।** जनपद पंचायत देवसर में लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई गई अधिकारियो कर्मचारियो के लिए रहायसी भवन निर्माण किया गया जिसमें रिटायर्ड होने के वाद भी पिछले आठ माह से खाली किया जा रहा है कर्मचारी राजनीतिक पकड होने के कारण कमरा खाली नही कर रहे है जैसे अस्पाताल देवसर के बीएमओ के बगल में लल्लू जायसवाल ड्रेसर आज लगभग 8 माह से कमरा न खाली करने के कारण अस्पताल के कई कर्मचारी किराये पर दूसरे स्थान पर प्राइबेट कमरा लिये है जिला कलेक्टर से अनुरोध है के कमरा खाली कराकर बर्तमान कार्यरत कर्मचारियो का एलाट किया जाय।

# संबल योजना के पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करें : कलेक्टर

## बंद हैन्डपम्पों का तत्काल सुधार करें साथ ही अतिक्रमण किए गए हैन्डपम्पो को करायें तत्काल मुक्त



**जागरण, बैढ़न।** संबल योजना के पात्र हितग्राहियों के जो भी प्रकरण लंबित है उन्हे निराकृत कर हितग्राहियों को लाभान्वित करे। तथा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो में बंद पड़े हैन्डपम्पों का अभियान चलाकर सुधार करे किसी भी व्यक्ति के द्वारा यदि शासकीय हैन्डपम्पों पर अतिक्रमण किया गया है उन्हे मुक्त कराए एवं संबंधित के विरूद्ध एफ्आईआर कराया जाना सुनिश्चित करें। उक्त आशय का निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित टीएल बैठक के दौरान कलेक्टर श्री चन्द्र शेखर शुक्ला के द्वारा संबंधित अधिकारियों को दिया गया। कलेक्टर ने पेयजल सुचारू रूप से व्यवस्था बनाए रखने के लिए पंचायतवार एवं शहर के वार्डवार पेयजल की उपलंब्धता की जानकारी लेने के पश्चात निर्देश दिए कि 22 अप्रैल को विशेष अभियान चलाकर बिगड़े हैन्डपम्पों का सुधार कराये तथा जहा पर आवश्यकता हो राईजर पाईप बड़ायें नवीन हैन्ड पम्पों का खनन करायें। साथ ही सभी जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अपने क्षेत्र के उपखण्ड अधिकारी के मार्गदर्शन में इस आशय का सर्वे कराए कि किसी भी व्यक्ति के द्वारा शासकीय हैन्डपम्प का अतिक्रमण कर अपना नीजि मोटर चला रहा है इसे जप्त करे एवं संबंधित के विरूद्ध एफ्आईआर करायें। उन्होंने सीएम हेल्प लाईन एवं समाधान विंदु में लंबित आवेदनों के निराकरण की प्रगति की जानकारी लेने के पश्चात निर्देश दिए कि लंबित शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण किया जायें ताकि जिलें की रैकिंग प्रभावित न हो। कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन अभियान के प्र्गति की समीक्षा उपरांत निर्देश दिए कि इस अभियान में सभी अधिकारियों को कार्य करना हैं। वही जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि हाईस्कूल एवं हायर सेकन्ड्री विद्यालयों में अनिवार्य रूप से रूफ वाटर हर्वेस्टिग स्थापित करायें। साथ ही पीएचई के कार्यपालन यंत्री को निर्देश दिए गए कि बंद पड़े अनुपयोगी बोरो को रिचार्ज पिट में बदलने का कार्य करे। बैठक के दौरान समंग्र ई केवायसी के प्रगति की समीक्षा उपरांत निर्देश दिए कि निर्धारित समय तक शत प्रतिशत परिवारो का ई केवायसी कराया जाना सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने जनमन योजना के तहत किए जा रहे विकास कार्यो की समीक्षा उपरांत निर्देश दिए कि चल रहे कार्य समय सीमा एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण करे। कलेक्टर ने अधीक्षण यंत्री विद्युत को निर्देश दिए कि गर्मी को दृष्टिगत रखते हुयें आबाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखे। बैठक के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिह नागेश अपर कलेक्टर पीके सेन गुप्ता संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय एसडीएम राजेश शुक्ला आयुक्त नगर निगम डीके शर्मा डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की सौरभ मिश्रा नंदन तिवारी देवेन्द्र द्विवेदी जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी जिला परिवहन अधिकारी बिक्रम सिंह राठौर सीएमएचओ एन.के जैन अधीक्षण यंत्री विद्युत आरपी मिश्रा सहायक आयुक्त जन जाति कार्य विभाग नीलकंठ मरकाम उपायुक्त सहकारिता पी के मिश्रा सहित जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला चिकित्सालय में बंद पड़े एसी, कुलर पंखों का तत्काल सुधार करायें : कलेक्टर

## निर्धारित समय पर चिकित्सक ओपीडी में रहे उपलंब्ध

**जागरण, बैढ़न।** जिला चिकित्सालय में बेहतर स्वास्थय सुविधा उपलंब्ध कराने को दृष्टिगत रखते हुयें कलेक्टर श्री चन्द्र शेखर शुक्ला ने सिविल सर्जन डॉ. देवेन्द्र सिंह को निर्देश दिए है कि जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर में खराब पड़े एसी कूलर पंखो का तत्काल सुधार कार्य करायें एवं पैथालाजी से संबंधित जो समस्या है उनका भी शीघ्र निदान कराया जायें ताकि चिकित्सालय में आने वाले मरीजो को बेहतर उपचार उपलंब्ध कराया जा सके। कलेक्टर ने इस आशय के भी निर्देश दिए है कि चिकित्सक अपने निर्धारित समय पर रोस्टर अनुसार ओपीडी में उपस्थित रहकर मरीजो का उपचार करे। कलेक्टर ने कहा कि मुझे इस आशय की जानकारी मिली है कि चिकित्सालय में प्रसव के लिए आने वाले गर्भवाती महिलाओं के परिजनो से रूपयें की मांग की जा रही जो बहुत ही निंदनीय कार्य है। कलेक्टर ने निर्देश देते हुयें कहा कि इस कृत्य में यदि किसी चिकित्सक या स्टाफ की मिलीभगत मिली तो संबंधित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेंगी। कलेक्टर ने सिविल सर्जन को इस आशय के भी निर्देश दिए है कि जिला चिकित्सालय की सभी व्यवस्थाओं में सुधार कर एक संप्ताह में पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करे। साथ निर्देश दिए कि नियमित रूप से ओपीडी की जॉच करे ड्यूटी के दौरान अगर कोई चिकित्सक अनुपस्थित मिलता है तो उसके विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करे। कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाओं में सुधार हेतु सिविल सर्जन के सहयोग हेतु डिप्टी कलेक्टरो को भी संलग्न किया गया है। साथ ही चिकित्सालय की साफ सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के भी निर्देश दिए गए है।

# आगामी कार्यक्रमों को लेकर भारतीय जनता पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

**जागरण, बैढ़न।** भारतीय जनता पार्टी की एक विशेष बैठक जिला कार्यालय के सभागार मे आयोजित हुई। आगामी कार्यक्रमों को लेकर आयोजित यह बैठक जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह के नेतृत्व मे आयोजित हुई तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक सिंगरौली राम निवास शाह पूर्व विधायक एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राम लल्लू वैश्य सीडा अध्यक्ष दिलीप शाह जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अर्चना सिंह निगम अध्यक्ष देवेश पांडेय नगर परिषद अध्यक्ष प्रमिला वर्मा सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश सहसंयोजक रमापति जायसवाल मंचासीन रहे। जिला मीडिया प्रभारी नीरज सिंह परिहार ने बताया कि बैठक औपचारिक शुभारंभ भारत माता तथा पितृ पुरुषों की प्रतिमा पल माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुंदरलाल ने कहा कि आज की ये महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश संगठन द्वारा निर्देशित आगामी कार्यक्रमों को शत् प्रतिशत धरातल पर सफ्ल करना है।




जिलाध्यक्ष कहा कि डाक्टर भीमराव अम्बेडकर जी के जयंती 14 अप्रैल से 25 अप्रैल तक होने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला मे 23 अप्रैल को अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा एक बुध्दिजीवी सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है जिसके पूर्व जिले के समस्त जनप्रतिनिधियों तथा वरिष्ठ नेताओं द्वारा पांच.पांच कार्यकर्ताओं के समूह मे जिले भर मे डॉ भीमराव आंबेडकर के योगदान के बारे मे जागरूकता कार्यक्रम करेंगे तथा कांग्रेस शासन काल मे हुई अंबेडकर जी की उपेक्षा के बारे मे जनता को बताएंगे। जिलाध्यक्ष ने कहा पहली बार भारतीय जनता पार्टी की सहयोगी सरकार ने भीमराव अम्बेडकर जी को भारतरत्न देकर उनको सम्मानित किया था तथा पहली बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर उनकी प्रतिमा को संसद भवन मे स्थापित किया था। अंबेडकर जी के जीवन से जुड़े पांच स्थानों को भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने पंचतीर्थ के रूप मे विकसित किया तथा उनकी जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया। आज भारतीय जनता पार्टी अपने प्रत्येक बूथ पर अंबेडकर जी की जयंती पर कार्यक्रमों का आयोजन कर उनको सम्मान देने का कार्य कर रही है। इन सारी बातों को हमे जनता के बीच ले जाना है तथा तथा कांग्रेस द्वारा बाबा साहेब केसाथ किये छल को जनता के सामने रखना है। विधायक सिंगरौली राम निवास शाह ने अपने संबोधन में कहा कि अंबेडकर जी के योगदानों को लकर हम जनता के बीच जायें तो उन्हें ये जरूर बताएं कि मध्यप्रदेश के महू उनकी जन्म स्थली से लेकल उनसे जुड़े सभी पांच स्थानों को भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने तीर्थस्थल के रूप मे विकसित किया है तथा मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना मे इसको सम्मिलित किया है। विधायक ने कहा कि जन जागरूकता अभियान में हम सभी को नये वक्फकानून के बारे में बताना है तथा उससे जुड़ी भ्रांतियों को समाप्त करना है तथा एक राष्ट्र एक चुनाव के सिद्धांत तथा उससे होने वाले लाभ के बारे मे जनता को बताना है। बैठक का मंचीय संचालन जिला महामंत्री राजकुमार दुबे ने किया तथा आभार प्रकटन जिला महामंत्री लालपति साकेत ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल चतुर्वेदी चंद्रिका वैश्य अरविंद दुबे सरोज सिंह सरोज शाह जिलामंत्री अरविंद तिवारी महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सीमा जायसवाल युवामोर्चा जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ संयोजक विनोद द्विवेदी विधि प्रकोष्ठ संयोजक एडवोकेट प्रदीप शाह समस्त मंडल अध्यक्ष पूर्व मंडल अध्यक्ष वरिष्ठ नेता नरेश शाह अरुण देव पांडेय राजकुमार विश्वकर्मा ज्ञान प्रकाश गुप्ता विजय वैश्य समेत प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




## अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 07 | 05 | 02 | 10 | 0.984 |
| दिल्ली | 07 | 05 | 02 | 10 | 0.589 |
| बेंगलुरु | 08 | 05 | 03 | 10 | 0.472 |
| पंजाब | 08 | 05 | 03 | 10 | 0.177 |
| लखनऊ | 08 | 05 | 03 | 10 | 0.088 |
| मुंबई | 08 | 04 | 04 | 08 | 0.483 |
| कोलकाता | 07 | 03 | 04 | 06 | 0.547 |
| राजस्थान | 08 | 02 | 06 | 04 | -0.633 |
| हैदराबाद | 07 | 02 | 05 | 04 | -1.217 |
| चेन्नई | 08 | 02 | 06 | 04 | -1.392 |

## ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| निकोलस (लखनऊ) | 368 |
| साई सुदर्शन (गुजरात) | 365 |
| सूर्यकुमार (मुंबई) | 333 |
| विराट कोहली (बेंगलुरु) | 322 |

## पर्पल कैप (गेंदबाज)

| | |
|---|---|
| प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात) | 14 |
| कुलदीप यादव(दिल्ली) | 12 |
| नूर अहमद (चेन्नई) | 12 |
| हेजलवुड (आरसीबी) | 12 |



## बाउंड्री मीटर



655 छक्के
1140 चौके
74 अर्धशतक

आयुष म्हात्रे सीएसके की तरफ आईपीएल में डेब्यू करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने। 17 साल के आयुष को रुतुराज गायकवाड़ की जगह टीम में शामिल किया गया।

# राहुल और पंत का सामना आज अपनी पुरानी टीमों से

## मैच 40 : लखनऊ और दिल्ली के बीच मुकाबला शाम 7:30 बजे से

जेएनएन, लखनऊ

आईपीएल 2025 के 40वें मुकाबले में मंगलवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स का सामना अपने घरेलू मैदान पर दिल्ली कैपिटल्स से होगा। दोनों टीमों के आमने-सामने का रिकॉर्ड पूरी तरह संतुलित है। आईपीएल में अब तक खेले गए 6 मुकाबलों में दोनों टीमों ने 3-3 जीत हासिल की है। यहां तक कि लखनऊ के इकाना स्टेडियम में, जो लखनऊ का घरेलू मैदान है, वहां भी दोनों टीमों ने दो मुकाबलों में एक-एक बार जीत दर्ज की है। दोनों टीमों ने पांच-पांच मुकाबले जीतकर अंक तालिका के शीर्ष हिस्से में अपनी जगह बनाई है, हालांकि लखनऊ ने दिल्ली के मुकाबले एक मैच अधिक खेला है और वे दिल्ली के दूसरे की बजाय अंक तालिका में पांचवें स्थान पर हैं। यह एक ऐसा मैच होगा, जहां केएल राहुल और रिषभ पंत अपनी पूर्ववर्ती फ्रेंचाइजी के खिलाफ खेलेंगे। पिछले सीजन दिल्ली की अगुआई कर रहे पंत अब लखनऊ के कप्तान हैं, वहीं लखनऊ के पूर्व कप्तान रहे केएल राहुल अब दिल्ली के प्रमुख बल्लेबाज हैं।



**लखनऊ सुपर जाएंट्स** : मिचेल मार्श, ऐडन माक्रराम, निकोलस पूरन, रिषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), आयुष बदोनी, डेविड मिलर, अब्दुल समद, शार्दुल ठाकुर, आवेश खान, मयंक यादव, प्रिंस यादव, दिग्वेश राठी, रवि बिश्नोई।

**दिल्ली कैपिटल्स** : डुप्लेसी, डोनोवन फरेरा, करुण नायर, अभिषेक पोरेल, केएल राहुल (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स, अक्षर पटेल (कप्तान), आशुतोष शर्मा, विप्रज निगम, स्टार्क, कुलदीप यादव, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार।

### पूरन पर रोक लगा सकते हैं कुलदीप

पिछली दो पारियों को छोड़ दिया जाए तो पूरन ने इस सीजन के लगभग हर मैच में अच्छा प्रदर्शन किया है और 205.58 के स्ट्राइक रेट से उनके नाम आठ पारियों में 368 रन हैं। हालांकि कुलदीप के नाम भी 12 विकेट हैं, जो इस सीजन दूसरा सर्वाधिक है और वह पूरन को भी परेशान करने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने 11 पारियों में पूरन को पांच बार आउट किया है, जबकि पूरन उनके खिलाफ सिर्फ 14.8 की औसत और 106 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। इसके अलावा मिचेल स्टार्क भी अपनी बाएं हाथ की तेज गेंदबाजी से पूरन को रोक सकते हैं, क्योंकि स्टार्क ने पूरन को छह में से चार पारियों में आउट किया है और पूरन उन पर सिर्फ 92 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। आईपीएल में पूरन और स्टार्क की भिड़ंत सिर्फ दो बार हुई है और दोनों ही बार स्टार्क ने पूरन को सस्ते में पवेलियन भेजा है।

### केएल राहुल की हो सकती है फॉर्म वापसी



राहुल ने तीन मैचों में दो अर्धशतकों के साथ इस आईपीएल की बेहतरीन शुरुआत की थी, लेकिन पिछले कुछ मैचों में वह अच्छी शुरुआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल पाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट भी कुछ गिरा है। हालांकि अपनी पुरानी टीम और पुराने होमग्राउंड पर वह वापसी की क्षमता रखते हैं। वह लखनऊ के सबसे प्रमुख तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर के खिलाफ 37.5 की औसत और 188 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं। ठाकुर उन्हें छह पारियों में सिर्फ दो ही बार आउट कर पाए हैं। वहीं पिछले मैच के आखिरी ओवरों में अपने यॉर्कर्स से प्रभावित करने वाले आवेश खान के खिलाफ भी राहुल 168 के स्ट्राइक रेट और 62 की शानदार औसत से रन बनाते हैं। आवेश, राहुल को छह पारियों में सिर्फ एक ही बार आउट कर पाए हैं। ऐसे में राहुल से एक बड़ी पारी की उम्मीद की जा सकती है।

### स्टार्क और कुलदीप होंगे दिल्ली के प्रमुख हथियार

कुलदीप, अपने पूर्व आईपीएल कप्तान पंत को परेशान कर सकते हैं, जो कि धीरे-धीरे फॉर्म में आने की कोशिश कर रहे हैं। कुलदीप ने पंत को पांच टी-20 पारियों में तीन बार आउट किया है, जबकि कुलदीप उन पर सिर्फ 92 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। लखनऊ के दूसरे सबसे सफल बल्लेबाज मिचेल मार्श भी हमवतन स्टार्क के सामने पानी पीते नजर आते हैं और स्टार्क ने मार्श को पांच पारियों में तीन बार आउट हुए हैं। हालांकि मार्श, स्टार्क पर 228 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं। वहीं दूसरी तरफ कुलदीप, मार्श को तीन टी-20 पारियों में दो बार आउट कर चुके हैं, जबकि मार्श उन पर सिर्फ 88 के स्ट्राइक रेट और 7.5 की औसत से रन बनाते हैं।

## मैदान से हटकर

### सारा ने शेयर कीं तस्वीरें फैंस ने पूछा साथ में कौन है?

महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा हाल ही में अपनी ऑस्ट्रेलिया यात्रा को लेकर सुर्खियों में आ गईं हैं। पिछले महीने सारा ने अपने दोस्तों के साथ ऑस्ट्रेलिया में छुट्टियां मनाईं, जिसमें एक खास दोस्त पूर्व ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन की बेटी और कमेंटेटर ग्रेस हेडन थीं। इस यात्रा की झलकियां सारा ने इंस्टाग्राम पर शेयर कीं, जो उनके फैंस के बीच खूब पसंद की जा रही हैं। सारा की फ्रेंड ग्रेस हेडन को लेकर लोग कन्फ्यूज हो गए और सोशल



मीडिया पर शेयर करते हुए लिख रहे हैं कि सारा के साथ ये कौन है? कुछ लोग तो ग्रोक को टैग करके पूछ रहे हैं कि सारा के साथ कौन है? ग्रेस हेडन के पिता मैथ्यू हेडन ने जहां अपने बल्ले से विश्व में नाम कमाया वहीं ग्रेस ने हाथ में माइक्रो फोन लेकर अपनी पहचान बना रहीं हैं। ग्रेस हेडन क्रिकेट की दुनिया की शानदार कमेंटेटर हैं। 2023 के विश्व कप के प्रस्तुतकर्ताओं का हिस्सा भी थीं जिनमें मयंती लैंगर, जतिन सप्रू, रिकी पोंटिंग, इयोन मोर्गन और कई लोग शामिल थे। सारा ने ग्रेस हेडन के साथ क्वींसलैंड और ब्रिस्बेन के खूबसूरत रास्तों पर लंबी ड्राइव का लुत्फ उठाया। इन तस्वीरों में समुद्र तट की लहरें, हरे-भरे रास्ते और दोस्तों के साथ उनकी मस्ती साफ झलकती है। सारा ने इन पलों को कैद करते हुए लिखा कि यह यात्रा उनके लिए बेहद खास रही। सारा तेंदुलकर 'विजिट ब्रिस्बेन' की ब्रांड एम्बेसडर हैं और उन्होंने इस भूमिका को पूरी शिद्दत से निभाया। (जेएनएन)

#### बीसीसीआई ने 34 खिलाड़ियों को एक अक्टूबर 2024 से 30 सितंबर 2025 तक का कॉन्ट्रैक्ट दिया

# रोहित, कोहली, जडेजा व बुमराह को ए+ कॉन्ट्रैक्ट, श्रेयस और किशन की वापसी

जेएनएन, नई दिल्ली

भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की सोमवार को जारी की गई अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची में शीर्ष श्रेणी में बरकरार रखा गया है, जबकि श्रेयस अय्यर और इशान किशन ने इस सूची में वापसी की है। बीसीसीआई ने इस बार 34 खिलाड़ियों को एक अक्टूबर 2024 से 30 सितंबर 2025 तक का कॉन्ट्रैक्ट दिया है। इनमें रोहित और कोहली के साथ ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भी ए प्लस श्रेणी में रखा गया है, जिसकी सालाना रिटेनरशिप फीस सात करोड़ रुपए है। भारत के चैंपियंस ट्रॉफी के नायक अय्यर की अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची में वापसी हुई है। उन्हें ग्रुप-बी में शामिल किया गया है, जिसकी सालाना रिटेनरशिप फीस तीन करोड़ रुपए है। पिछले सत्र में कथित तौर पर आईपीएल के लिए घरेलू क्रिकेट को नजरअंदाज करने के कारण अय्यर को बाहर कर दिया गया था। विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन को भी इसी कारण से सूची से हटा दिया गया था। उनकी अब श्रेणी सी में वापसी हुई है, जिसकी सालाना रिटेनरशिप फीस एक करोड़ रुपए है। रिषभ पंत, जिन्हें 2023-24 सत्र के दौरान ग्रुप-बी में खिसका दिया गया था, उन्हें सन्यास ले चुके रविचंद्रन अश्विन के स्थान पर ए श्रेणी में वापस रखा गया है।






■ एक बड़ा नाम जो सूची में जगह नहीं बना पाया वह मुंबई का ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर है, जिन्होंने भारत की तरफ से अपना अंतिम मैच वनडे विश्व कप 2023 में बांग्लादेश के खिलाफ पुणे में खेला था।

### केंद्रीय अनुबंध सूची

**ए प्लस श्रेणी** : रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, रविंद्र जडेजा

**ए श्रेणी** : सिराज, केएल राहुल, शुभमन गिल, हार्दिक पंड्या, शमी, रिषभ पंत

**बी श्रेणी** : सूर्यकुमार यादव, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर

**सी श्रेणी**: रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, रुतुराज गायकवाड़, शिवम दुबे, रवि बिश्नोई, वाशिंगटन सुंदर, मुकेश कुमार, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, रजत पाटीदार, ध्रुव जुरेल, सरफराज खान, नितीश कुमार रेड्डी, इशान किशन, अभिषेक शर्मा, आकाश दीप, वरुण चक्रवर्ती, हर्षित राणा।

■ तेज गेंदबाज आवेश खान, विकेटकीपर बल्लेबाज कोना भरत और जितेश शर्मा को सूची से बाहर कर दिया गया है।

# अब हमारा लक्ष्य अगले साल के लिए सर्वश्रेष्ठ टीम तैयार करने पर

## धोनी ने कहा-खिलाड़ी रणनीति पर अमल नहीं कर रहे

**मुंबई, जेएनएन।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कहा कि उन्हें इस पर गौर करने की जरूरत है कि क्या वह सही तरह की क्रिकेट खेल रहे हैं तथा उन्होंने अगले साल होने वाले आईपीएल के लिए 11 खिलाड़ी तैयार करने की योजना को ध्यान में रखते हुए अपने साथियों से थोड़ा आत्ममंथन करने का आग्रह किया। धोनी ने संकेत दिया कि खिलाड़ी अपनी रणनीति पर अमल नहीं कर पा रहे हैं, लेकिन इसके साथ उन्होंने यह भी कहा कि वह अगले साल के लिए कोर ग्रुप की पहचान करने के करीब हैं। धोनी ने मुंबई के हाथों नौ विकेट से हार के बाद कहा, हमारे जितने भी मैच बचे हैं उनमें हमें जीत हासिल करनी होगी। हम एक समय में केवल एक मैच पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। अगर आगे हम कुछ मैच हारते हैं, तो हमारे लिए अगले साल के लिए सही संयोजन तैयार करना महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने कहा, हम बहुत अधिक खिलाड़ियों को बदलने के पक्ष में नहीं हैं। हमारे लिए अभी प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करना महत्वपूर्ण है, लेकिन अगर ऐसा नहीं होता तो हमारा ध्यान अगले साल के लिए 11 खिलाड़ी तैयार करना और फिर दमदार वापसी करने पर होगा।



### अतीत के अनुभवों से सीख लेगा सीएसके

सीएसके के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि उनकी टीम इस साल के आईपीएल में अपनी स्थिति को लेकर यथार्थवादी है, लेकिन इसके साथ ही उन्होंने जोड़ा कि पांच बार की चैंपियन अगले साल के लिए खिलाड़ियों को खोजने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। फ्लेमिंग ने कहा, जब आप अपने स्तर से नीचे खेल रहे हों तो प्रतियोगिता में बने रहने के लिए उत्साहित होना मुश्किल होता है, लेकिन हमें अपना हौसला बनाए रखना चाहिए। फ्लेमिंग ने कहा कि चेन्नई का थिंक-टैंक अपनी किस्मत बदलने के लिए अतीत के ऐसे अनुभवों से सीख लेगा। फ्लेमिंग के मन में 2023 में उनकी टीम द्वारा किए गए बदलाव होंगे जब उन्होंने 2022 में नौवें स्थान पर रहने के बाद खिताब जीता था। उन्होंने कहा, इस टूर्नामेंट के दौरान कुछ भी बर्बाद नहीं जाएगा। हम उन टूर्नामेंटों पर नजर डालेंगे, जिनके परिणाम हमारे अनुकूल नहीं रहे।

## आरसीबी के खिलाफ मैच से बाहर चोटिल संजू सैमसन

**जयपुर, जेएनएन।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ होने वाले आगामी मुकाबले से बाहर हो गए हैं। सैमसन 24 अप्रैल को बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी के खिलाफ होने वाले मुकाबले में मैदान पर नहीं उतरेंगे। राजस्थान रॉयल्स ने सोमवार को इसकी पुष्टि की है। सैमसन दिल्ली के खिलाफ मैच के दौरान हुए मांसपेशियों में खिंचाव से उबर रहे हैं। सैमसन पहले ही लखनऊ के खिलाफ रॉयल्स के घरेलू मैच से बाहर हो चुके हैं। रॉयल्स के मेडिकल स्टाफ ने सैमसन की वापसी की तारीख तय नहीं की है। रॉयल्स ने कहा, सैमसन फिलहाल उबरने की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं और वह टीम के मेडिकल स्टाफ के साथ टीम के 'होम बेस' पर ही रहेंगे। रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया के अंतर्गत वह आरसीबी के खिलाफ आगामी मैच के लिए बेंगलुरु नहीं जाएंगे। टीम प्रबंधन उनकी प्रगति पर बारीकी से नजर रख रहा है और उनकी वापसी के लिए मैच दर मैच का दृष्टिकोण अपनाएगा। सैमसन की अनुपस्थिति में रियान पराग टीम की अगुआई करना जारी रखेंगे।



## मिराज-राणा ने जिम्बाब्वे को बड़ी बढ़त से रोका

**सिलहट, जेएनएन।** मेहदी हसन मिराज (पांच विकेट) और नाहिद राणा (तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर बांग्लादेश ने जिम्बाब्वे को पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन सोमवार को 273 के स्कोर पर रोक दिया। हालांकि जिम्बाब्वे ने बांग्लादेश की पहली पारी के आधार पर 82 रनों की बढ़त ले ली हैं। दिन का खेल खत्म होने तक बांग्लादेश एक विकेट गंवाकर 57 रन बना लिए। टीम अभी 25 रन से पीछे है। स्टंप तक महमुदूल हसन जॉय 28 और मोमिनुल हक 15 रन बनाकर खेल रहे हैं। इससे पहले जिम्बाब्वे ने दूसरे दिन 67 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। सलामी बल्लेबाज 57 रन पर राणा का शिकार बने। शॉन विलियम्स 59 रन पर मिराज की गेंद पर आउट हुए।

## भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया रवाना



**बेंगलुरु, जेएनएन।** सलीमा टेटे की अगुआई में भारतीय महिला हॉकी टीम 26 अप्रैल से पर्थ में शुरू होने वाली पांच मैचों की सीरीज में भाग लेने के लिए रविवार देर रात ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हो गई। भारतीय टीम का यह दौरा जून में होने वाले एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण की तैयारी को देखते हुए महत्वपूर्ण है। सीरीज 26 और 27 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो मैचों के साथ शुरू होगी। इसके बाद 26 सदस्यीय भारतीय टीम एक, तीन और चार मई को पर्थ हॉकी स्टेडियम में दुनिया की पांचवें नंबर की ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ तीन मैच खेलेगी। भारत प्रो लीग के यूरोपीय चरण में सात जून को नीदरलैंड के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगा। टेटे ने टीम की रवानगी से पहले कहा कि हमने बेंगलुरु में राष्ट्रीय शिविर में वास्तव में कड़ी मेहनत की है और हर कोई इस चुनौती का सामना करने को लेकर उत्साहित है। ऑस्ट्रेलिया ए और ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ खेलने से हमें अपनी रणनीतियों को परखने और एक टीम के रूप में मजबूत बनने का मौका मिलेगा।

## राहुल के पंजे ने दिलाई भोपाल को 34 रन से जीत

#### जेएन भाया टी-20 क्रिकेट ट्रॉफी

**भोपाल, खेप्र।** प्लेयर ऑफ द मैच राहुल बाथम की शानदार गेंदबाजी की बदौलत भोपाल ने सोमवार को जेएन भाया टी-20 क्रिकेट ट्रॉफी-2025 में इंदौर को 34 रन से शिकस्त देकर शानदार शुरुआत की। एसएमआरएससी स्टेडियम ग्वालियर में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भोपाल की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट गंवाकर 211 रन बनाए। अंकुश सिंह (38 गेंद में 61 रन) और कनिष्क दुबे (36 गेंद में 50 रन) ने अर्धतशकीय पारी खेली। राहुल बाथम ने 12 गेंद में नाबाद 34 और रितिक टाडा ने 10 गेंद में नाबाद 25 रन का योगदान दिया। इंदौर के शिवम शुक्ला ने दो विकेट झटके। लकी मिश्रा और सागर सोलंकी को एक-एक सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंदौर की टीम 19.1 ओवर में 177 रन पर सिमट गई। सारांश जैन 53 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। हर्ष गवली ने 25 और सागर ने 24 रन बनाए। भोपाल के राहुल बाथम ने 36 रन देकर पांच विकेट झटके। पवन निरवानी को तीन सफलता मिली।

## कुरैशी एशिया कप हॉकी में अंपायर कोर्स कंडक्टर नियुक्त



**भोपाल, खेप्र।** एशियन हॉकी फेडरेशन ने शहर के एकमात्र अंतरराष्ट्रीय हॉकी अंपायर शकील अहमद कुरैशी को एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में अंपायर कोर्स कंडक्टर नियुक्त किया है। कुरैशी एशिया के अंपायर्स को हॉकी खेल के नियमों तथा वर्तमान स्थिति से अवगत कराएंगे। उनके मार्गदर्शन में एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता के दौरान 24 से 28 अप्रैल तक जकार्ता (इंडोनेशिया) में अंपायर्स कोर्स आयोजित होगा। वर्ष 1991 से इंटरनेशनल लेवल पर अंपायरिंग कर रहे शकील अहमद कुरैशी ने अभी तक 100 से अधिक इंटरनेशनल मैचों में अंपायरिंग की है। इंटरनेशनल हॉकी फेडरेशन द्वारा उन्हें अंपायर मैनेजर की जिम्मेदारी भी दी गई थी। कुरैशी ने जूनियर वर्ल्ड कप, एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स, एशिया कप, चैंपियंस ट्रॉफी जैसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंटों में अंपायरिंग की है। कुरैशी को उनके खेलों में दिए गए योगदान के लिए विश्वामित्र अवार्ड और लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित भी किया गया है।

#### छठवां साद अंसारी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट

## आरुष के दोहरे प्रदर्शन से 68 रन से जीती अटल अकादमी

**भोपाल, खेप्र।** प्लेयर ऑफ द मैच आरुष रघुवंशी (24 रन व 3 विकेट) के दोहरे प्रदर्शन की बदौलत अटल क्रिकेट अकादमी ने सोमवार को छठवें साद अंसारी मेमोरियल अंडर-14 इंटर क्लब वनडे क्रिकेट टूर्नामेंट में अकीरा अकादमी को 68 रनों से शिकस्त दी। ऑल सेंट्स क्रिकेट ग्रांउड पर पहले बल्लेबाजी करने उतरी अटल क्रिकेट अकादमी 39.1 ओवर में 157 रन पर ऑलआउट हो गई। गौतम परोचे ने सर्वाधिक 41 रन बनाए। तनय महेश्वरी ने 32 और आरुष ने 24 रन का योगदान दिया। अकीरा क्रिकेट अकादमी के दानवीर, धनुष और राघव ने 2-2 विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अकीरा अकादमी 26.4 ओवर में सिर्फ 89 रन पर ढेर हो गई। टीम के दानवीर ने 23 और समर्थ ने 22 रन का योगदान दिया। अटल अकादमी के तनय और आरुष ने 3-3 विकेट चटकाए।



## नीरज चोपड़ा क्लासिक जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता पंचकुला में नहीं बेंगलुरु में

**नई दिल्ली, जेएनएन।** नीरज चोपड़ा क्लासिक भाला फेंक प्रतियोगिता का पहला चरण पर्याप्त रोशनी की कमी के कारण 24 मई को पंचकुला के बजाय बेंगलुरु के कांतिरावा स्टेडियम में कराया जाएगा, जिसमें कई स्टार एथलीट हिस्सा लेंगे, क्योंकि एंडरसन पीटर्स और थॉमस रोहलर ने भागीदारी की पुष्टि कर दी है। ग्रेनेडा के पीटर्स दो बार के विश्व चैंपियन हैं और रोहलर 2016 ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता हैं। चोपड़ा ने कहा कि उन्होंने पाकिस्तानी ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम को भी आमंत्रित किया है, जिन्होंने अभी तक भागीदारी की पुष्टि नहीं की है। चोपड़ा ने कहा, मैंने अरशद को निमंत्रण भेजा है और उन्होंने कहा है कि वह अपने कोच से चर्चा करने के बाद मुझसे संपर्क करेंगे। अभी तक उन्होंने भागीदारी की पुष्टि नहीं की है। विश्व एथलेटिक्स द्वारा इस प्रतियोगिता को श्रेणी ए का दर्जा दिया गया है। चोपड़ा ने कहा कि मैं चाहता था कि यह प्रतियोगिता पंचकुला में आयोजित हो, लेकिन वहां स्टेडियम में रोशनी की व्यवस्था से संबंधित कुछ मुद्दे हैं। विश्व एथलेटिक्स 600 'लक्स' (प्रकाश की तीव्रता का माप) चाहती थी, लेकिन पंचकुला में इतनी रोशनी उपलब्ध नहीं थी और इसे तैयार करने में समय लगेगा। 27 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, इसलिए, हमने प्रतियोगिता को बेंगलुरु के कांतीरवा स्टेडियम में स्थानांतरित करने का फैसला किया है। हमारे पास वहां एक टीम है और वहां इसका आयोजन करना बहुत आसान होगा। इस कार्यक्रम का आयोजन चोपड़ा और जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स द्वारा भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) और विश्व एथलेटिक्स के सहयोग से संयुक्त रूप से किया जाएगा, जिसमें शीर्ष वैश्विक और भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी भाग लेंगे।



### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 23 को

**सतना।** सांसद गणेश सिंह की अध्यक्षता में 23 अप्रैल को सतना एवं मैहर की जिला सडक सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की जायेगी। जिसमें सतना जिले की जिला स्तरीय सडक सुरक्षा की बैठक 23 अप्रैल को कलेक्टर सभागार सतना में प्रातः 11.30 बजे तथा मैहर जिले की बैठक कलेक्टर सभागार मैहर में सायं 4 बजे से आयोजित की जायेगी।

### पेयजल की समीक्षा बैठक आज

**सतना।** कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी ने बताया कि पेयजल के संकट को देखते हुए विभागीय समीक्षा बैठक 22 अप्रैल को प्रातः 11.30 बजे जिला पंचायत के द्वितीय तल पर आयोजित की जायेगी। आयुक्त नगर निगम, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, महाप्रबंधक जल निगम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी नगर परिषद चित्रकूट एवं नगर पंचायत सहित विकासखण्ड स्तर के अधिकारियों के साथ बैठक में उपस्थित रहेंगे।

# पत्नी पर कुल्हाड़ी से हमला, खुद फांसी लगाकर कर ली आत्महत्या

**अमरपाटन थाना क्षेत्र के लालपुर में हुई घटना , एसडीओपी प्रतिभा शर्मा ने किया मौका मुआयना**



जागरण सतना

सोमवार को एक पति ने अपनी पत्नी पर कुल्हाडी से दनादन हमला कर उसे गंभीर रूप से न सिर्फ घायल कर दिया बल्कि खुद भी घर के दूसरे मंजिल में जाकर फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। यह घटना अमरपाटन थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले लालपुर गांव में घटी है। एसडीओपी अमरपाटन प्रतिभा शर्मा ने घटना स्थल का मुआयना किया है।

### ये है घटना

बताया जाता है कि 21 अप्रैल की दोपहर तकरीबन ढाई से तीन बजे के बीच मृतक जग्गू कोल उम्र तकरीबन 55 वर्ष और उसकी पत्नी दुइजी कोल के बीच काम पर जाने को लेकर विवाद हो गया। इसी बात पर जग्गू कोल ने पत्नी पर कुल्हाडी से दनादन हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पत्नी की हालत देख उसे ऐसा लगा कि जैसे उसकी मौत हो गई। उसे देखते ही आरोपी पति ने घर के दूसरे माले पर जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस घटना का मौका मुआयना करने पहुच गई। मृतक के शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजा गया जबकि एसडीओपी प्रतिभा शर्मा ने गंभीर रूप से घायल हुई दुईजी कोल को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा है।

### महिला के है तीन बेटे

पुलिस ने बताया कि दुईजी तीन बेटो की मॉ है एक बाहर रहता है जबकि दो बेटे गांव में ही दूसरे मोहल्ले में निवास करते है। मॉ बेटों के पास ही रहती थी और कभी कभार पति के पास भी आना जाना रहता था। सोमवार को भी वह पति के पास आई थी तभी यह घटना हो गई।

> पति-पत्नी के बीच हुये विवाद के चलते पति ने पत्नी पर कुल्हाडी से कई बार किये है। महिला की पीठ और पैर में गंभीर चोट है उसे उपचार के लिए सतना रेफर किया गया है। आरोपी पति ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली है। पीएम के लिए उसके शव को भेजा गया है।
> **प्रतिभा शर्मा एसडीओपी अमरपाटन**

# आज से एनएचएम के 9 सौ कर्मचारी हड़ताल पर, प्रभावित होंगी स्वास्थ्य सेवाए



**जागरण सतना।** 22 अप्रैल यानी आज से एनएचएम के तकरीबन 9 सौ कर्मचारी अनिश्चित कालीन हडताल पर जा रहे है। जिसके चलते स्वास्थ्य सेवाए प्रभावित हो सकती है। यह हडताल प्रदेश व्यापी है। इस हडताल में एनएचएम के संविदा डॉक्टर , एएनएम , स्टाफ नर्स, उपयंत्री सहित अन्य अमला शामिल है। हालांकि सीएमएमएचओ डॉ एल के तिवारी ने इस गंभीर स्थिति से निपटने के लिए नियमित मैदानी अमले को अस्पताल में तैनात करने के निर्देश सिविल सर्जन और समस्त बीएमओ को दे दिये है। एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी द्वारा एक दिवसीय अवकाश रखकर सभी कर्मचारियो द्वारा वादा खिलाफी रैली निकालकर कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित किया गया था लेकिन संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियो की मांगो का निराकरण ना होने के कारण 22 अप्रैल से जिले एवं प्रदेश के समस्त एनएचएम संविदा कर्मचारियो द्वारा अनिश्चितकालीन हडताल में जाने का फैसला किया गया है। तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा दिनांक 04 जुलाई 2023 को भोपाल में महापंचायत बुलाकर संविदा कर्मचारियों के लिए अनेक घोषणाएँ की थी। जिसके परिपालन में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 23 जुलाई 2023 को संविदा कर्मचारियों के लिए एक नीति की सौगात दी गई परन्तु राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल के द्वारा संविदा कर्मचारियों को दी गई सुविधाओं में कटौती की गई है।

### ये है मांगे

विभाग में रिक्त पदों पर संविलियन किया जाकर नियमित किया जावे। पूर्व से दी जा रही सुविधाओं में ई एल एवं मेडिकल को पृथक कर दिया है। अनुबंध प्रथा को पूरी तरह से समाप्त नहीं किया गया है। अप्रेजल जैसी कुरीति को यथावत रखा गया है। सेवा निवृत्ति की आयु में 65 वर्ष से घटाकर 62 वर्ष किया गया है। एनपीएस ग्रेच्युटी स्वास्थ्य बीमा एवं डीए की सुविधा से वंचित रखा गया है। शासन द्वारा समकक्षता वेतन विसंगति का निर्धारण गलत तरीके से किया गया है जिसमें पुनः विचार कर संशोधन किया जावें। 8निकासित सपोर्ट स्टॉफएवं मलेरिया एमपीडब्ल्यू की एनएचएम में वापसी।

### ये सेवाए होगी प्रभावित

समस्त प्रकार की मातृ स्वास्थ्य सेवाए एवं शिशु स्वास्थ्य सेवा प्रभावित रहेगी, उपस्वाकेन्द्र मे सीएचओ के हडताल में जाने के कारण समस्त उपस्वाकेन्द्र में ताला बंद रहेगा।, क्षेत्र में टीकाकरण क्षेत्र प्रभावित होगा।, समस्त पीएचसी क्षेत्र की सेवाए बंद रहेगी।, समस्त प्रकार की रिपोर्टिग कार्य बंद रहेगे। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियो के हडताल में जाने के कारण उपरोक्त सेवाए प्रभावित हो सकती है। बताया जाता है कि जिले में एनएचएम के सभी पदो को मिलाकर तकरीबन नौ सौ कर्मचाी कार्यरत है जिनमें से 204 एएनएम 283 सीएचओ , 108 स्टाफ नर्स , 59 मेडिकल आफिस , 30 एएमओ, 2 सब इंजीनियर , 33 लैब टेक्नीसियन , सहित अन्य कर्मचारी शमिल है जो आज से हडताल पर जा रहे है। जिसके चलते स्वास्थ्य सेवाए प्रभावित होगी।

> एनएचएम के कर्मचारी हड़ताल पर जा रहे है जिसे देखते हुये सिविल सर्जन और समस्त बीएमओ को निर्देशित किया गया है कि जो भी रेगुलकर कर्मचारी मैदानी स्तर पर है उनकी सेवाए अस्पतालो में तत्काल ली जाये। किसी भी हालत में स्वास्थ्य सेवाए प्रभावित नही हो ऐसे आदेश जारी कर दिये गये है।
> **डॉ एल के तिवारी सीएमएचओ सतना**

# ई-केवायसी में लापरवाही पाये जाने पर दो सीईओ व खनिज अधिकारी को नोटिस



**जागरण सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने समग्र पोर्टल में नागरिकों के समग्र आईडी का आधार के साथ शत-प्रतिशत ई-केवायसी पूर्ण कराने के कार्य में गति लाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। कलेक्टर द्वारा जनपदवार एवं नगर परिषदवार समग्र ई-केवायसी की समीक्षा के दौरान जनपद पंचायत मझगवां एवं रामपुर बघेलान की प्रगति कम पाये जाने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। बैठक में बताया गया कि आगामी टीएल बैठक में सभी संबंधित अधिकारी ई-केवायसी की प्रगति की जानकारी लेकर उपस्थित हों। सोमवार को सम्पन्न समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में कलेक्टर ने नगरीय निकायवार एवं जनपदवार ई-केवाईसी कार्य की प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे, सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, एसडीएम एपी द्विवेदी, सुधीर बेक, राहुल सिलाडिया, जीतेन्द्र वर्मा, एलआर जांगडे, अधीक्षण यंत्री विद्युत पीके मिश्रा सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने कहा कि प्रदेश में समग्र पोर्टल में नागरिकों के समग्र आईडी का आधार के साथ शत-प्रतिशत ई-केवायसी पूर्ण कराने का अभियान 31 मई तक चलाया जा रहा है। जिले में लक्ष्य पूर्ति के अनुरूप प्रगति लाये। कलेक्टर ने टीएल बैठक में जनपद पंचायत के सीईओ और मुख्य नगर पालिका अधिकारियों से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुडकर समीक्षा की। कलेक्टर ने वीसी के माध्यम से नहीं जुडने वाले अधिकारियों को अगली टीएल बैठक में प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिये। कलेक्टर द्वारा समय-सीमा प्रकरणों एवं विभागीय निर्माण कार्यों में आ रही समस्या की विभागवार समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रकरणों का निराकरण करने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये। कलेक्टर ने सरभंगा के पास माइनिंग संबंधी शिकायत के निराकरण हेतु संयुक्त टीम गठित कर माइनिंग संबंधी शिकायतों का निराकरण कर एक सप्ताह में जाचं प्रतिवेदन प्रस्तुत करने तथा खनिज अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

### तुअर फसल उपार्जन के लिए पंजीयन अब 30 अप्रैल तक

**सतना।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास मनोज कश्यप ने बताया कि भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत खरीफविपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर तुअर फसल का उपार्जन किया जायेगा।

### मैहर जिले के ग्राम अमिलिया कलां में एक दिवसीय अल्प विराम कार्यक्रम आज

**सतना।** राज्य आनंद संस्थान द्वारा आनंदम कार्यक्रम के तहत 22 अप्रैल को मैहर जिले के ग्राम अमिलिया कलां में एक दिवसीय अल्प विराम परिचय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

### शोक संदेश

ॐ



स्व: श्री मती ललाऊ सिंह

सादर वेदना और पीड़ा के साथ आपको सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी माता जी श्रीमति ललाऊ सिंह (प्रधानाध्यापिका) का स्वर्गवास दिनांक 19-04-2025 को हो चुका है उनकी दिवंगत आत्मा कि शान्ति और आप सबके श्रद्धांजलि देने एवं मेरे परिवार को धैर्य एवं साहस प्रदान कराने हेतु आपकी उपस्थिति मेरे लिए सम्बल प्रदान करेगी।

शोक कार्यक्रम विवरण इस प्रकार हैं:
दशगात्र - सोमवार, 28 अप्रैल 2025
एकादशाह - मंगलवार, 29 अप्रैल 2025
त्रयोदशाह - गुरुवार, 1 मई 2025
वार्षिक पूर्व श्राद्ध - शनिवार, 3 मई 2025
कार्यस्थल:
राजनिवास, चुरहट, गुड़ रोड, जिला - सीधी (म.प्र.)

शोकाकुल:
श्री जय सिंह बघेल (एडवोकेट)
श्रीमती अंजना सिंह (सी. डी. पी. ओ.)
संपर्क - 9893827408

# अपूर्ण खेत तालाबों को अतिशीघ्र पूरा कराओ



**जिला पंचायत सीईओ ने जल गंगा संर्वधन अभियान की गूगल मीट लेकर दिये निर्देश**

**जागरण सतना।** सोमवार को जिला पंचायत सीईओ संजना जैन आईएएस ने गूगल मीट लेकर उपयंत्रियों , सहायक यंत्रियों एवं जनपद सीईओ से वन टू वन बात कर अपूर्ण पडे खेत तालाबो को अतिशीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिये है। जिला पंचायत सीईओ ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास अमले को जल गंगा सर्वधन अभियान में तेजी लाने के निर्देश भी दिये है उन्होने कहा है कि अभियान के अंतर्गत गांवो के लोगो को जानकारी उपलब्ध कराये साथ ही अमृत सरोवर ओपन डगवेल जैसे कार्यो को स्वीकृत कर चालू कराये जिला पंचायत सीईओ ने जलदूत वालेंटियर्स का और पंजीयन कराने एवं पीएम आवास के कार्य किसी स्थिति में बंद नही पाये जाने के निर्देश दिये गये है। साथ ही उन्होने कहा है कि पीएम आवास के लिए जिन कार्यो के लिए किश्त जारी हो गई है वे कार्य बंद न हो। सीएम हेल्पलाईन की शिकायतो के निराकरण में गुणवत्ता लाने के तरीके भी उन्होने बाये है।

**आज होगा शिप्री साफ्टवेयर का प्रशिक्षण :** जिला पंचायत सीईओ संजना जैन बताया कि जिले के समस्त सहायक यंत्री एवं उपयंत्रियों को आज यानी 22 अप्रैल को जिला पंचायत में शिप्री साफ्टवेयर का प्रशिक्षण दिया जायेगा। उन्होने बताया कि इसके पूर्व भी एक प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

## प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक चयन परीक्षा 25 तक

**जागरण सतना।** मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल भोपाल द्वारा म.प्र. शासन स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षक (विषय खेल एवं संगीत-गायन वादन) प्राथमिक शिक्षक (खेल, संगीत-गायन वादन एवं नृत्य) तथा म.प्र. शासन जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षक विषय प्राथमिक शिक्षक (खेल एवं संगीत-गायन वादन एवं नृत्य) की चयन परीक्षा सतना जिले के तीन परीक्षा केन्द्रों में आदित्य कॉलेज ऑफटेक्नोलाजी एण्ड साईंस, आदित्य कॉलेज ऑफमैनेजमेंट एवं मां मीरा कान्वेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल डाली बाबा डेलौरा सतना मे 20 अप्रैल से 25 अप्रैल 2025 तक, प्रथम पाली प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक, द्वितीय पाली दोपहर 3 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित की जायेगी। प्रथम पाली में रिपोर्टिंग का समय प्रातः 8.30 से एवं द्वितीय पाली में दोपहर 1 बजे से नियत किया गया है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन हेतु पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा अधीक्षण यंत्री एमपीईबी को दायित्व सौपे गये हैं।


भानू मोटर्स गोरइया
लेकर आये है आपके लिए
किफायती दर, आकर्षक फाइनेंस, कम डाउन पेमेंट
होण्डा गाड़ियों के समस्त कलर एवं मॉडल उपलब्ध
साईन 100 सीसी में 7000 की नकद छूट आफर केवल 30 अप्रैल 2025 तक
गोरइया गजिगवां रोड, सतना (म.प्र.) मो. 7898621161, 7047586640

Give Your Child The Winning Edge!! Aff.-No. 1031436
Under the Aegis of Anupama Education Society Estd. 1990
Anupama IRIS International
Affiliated to CBSE
Nursery to Xth
ADMISSION OPEN 2025-26
DAY BOARDING & DAY SCHOLAR
8640025252, 9765187919, 9425362071
Near Kothi Toll Plaza, SH-11, Kothi Road, SATNA (M.P.) 485001 irisinternational123@gmail.com, www.anupamairisinternational.in

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
समय- प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
परामर्श:- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेष:- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गढ्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/-
सौन्दर्य क्लीनिक शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्पलेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

रक्त विकार OPD
नागपुर के प्रख्यात रक्त रोग विशेषज्ञ नियमित आपके शहर रीवा में
डॉ. निशाद धकाते
MBBS, MD, DM | Consultant- Hematology & BMT
कैंसर विशेषज्ञ - हिमेटो ऑन्कोलॉजिस्ट एवं बोन मैरो ट्रांसप्लांट
26 अप्रैल शनिवार, 2025 समयः सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक | प्रत्येक माह के दूसरे एवं चौथे शनिवार को
निम्नलिखित लक्षण नजर आने पर आप ओ.पी.डी. में आकर विशेषज्ञ द्वारा जाँच करा सकते है
* खून से संबंधित कोई भी बिमारी जैसे ल्युकेमिया, मायलोमा, लिम्फोमा, थैलेसिमिया, ब्लड कैंसर, अप्लास्टिक एनिमिया, रक्त कोशिकाओं का कम या ज्यादा होना। प्लेटलेट का कम होना (आय.टी.पी.)
* एनिमिया, सिकल सेल की बिमारी रक्तप्रणाली में खून की गाँठ जमना (उत्तढ), हिमोफिलिया, हिमोग्लोबिन कम या ज्यादा होना। * लंबे समय से बुखार होना या वजन घटना। शरीर के किसी भी अंग से असामान्य तरीके से रक्तस्त्राव होना।
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.) मो.: 9399312433, 9981287311

DTE - काउंसिलिंग कोड 608
श्री रामकृष्ण कॉलेज ऑफ फार्मेसी
पीसीआई/9649 द्वारा अनुमोदित, आरजीपीवी भोपाल द्वारा संबद्ध
डी.फार्मा
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें-
पता- ग्राम देवरा, गुरुकुल स्कूल के पास, चोरहटा, रीवा (म.प्र.)
मो.: 9584324641,6262084843,7470944611

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.) 9399312433 9981287311

कैंसर OPD
नागपुर के प्रसिद्ध कैंसर रोग विशेषज्ञ अब आपके शहर रीवा में
26 अप्रैल2025, शनिवार | समयः सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक
प्रत्येक माह के दूसरे एवं चौथे शनिवार को रीवा में
डॉ. भास्कर सिंह
MBBS, MS, FMAS, DNB कैंसर विशेषज्ञ (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
अगर आप निम्नलिखित किसी भी बिमारी से पीडित है, तो हमारे डॉक्टर से मिले
• लंबे समय से बुखार होना या वजन घटना। • लगातार कष्टदायक खाँसी या आवाज मे असामान्य बदलाव होना। • खाना निगलने में तकलीफ होना या लगातार बदहजमी कि शिकायत। • शरीर के किसी भी अंग से असामान्य तरीके से रक्तस्त्राव होना। • शरीर के किसी भी अंग मे हुआ घाव लंबे समय बाद भी ना भरता हो। • शौच या पेशाब की आदतों मे विशेष बदलाव होना। • शरीर के किसी अंग में या स्तनों पर सूजन, गाँठ या कड़ापन महसूस होना। • शरीर के किसी भी अंग पर तिल या मस्से मे विशेष बदलाव दिखना।
पंजीयन प्रारम्भ - निःशुल्क पंजीयन
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.) मो.: 9399312433, 9981287311

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
* IUI, IVF, ICSI
* फ्रोजन एंब्रिया ट्रांसफर साइकिल (FET)
* एग फ्रीजिंग
* एंब्रियो फ्रीजिंग
* स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
निःसंतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

डॉ. निशा डायलिसिस सेंटर
पता- अग्रवाल नर्सिंग होम, खुटेही, रीवा
24/7 Our Services Dialysis (डायलिसिस)
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
9174566996
7771009417
नवीनतम मशीन द्वारा हीमो डायलेसिस
Hepatitis C (HCV) मरीजों के लिए अलग से समर्पित मशीन
अन्य सुविधाएं:
• 24x7 मेडिसिन विशेषज्ञ
डॉ. ईशान गोयल
• 24x7 स्त्री रोग विशेषज्ञ
• वेंटिलेटर एवं Bipap
• 24x7 मेडिकल स्टोर

कॉस्मेटिक स्किन एंड प्लास्टिक सर्जरी क्लीनिक
डॉ. सौरभ सक्सेना
एम.बी.बी.एस., एम.एस. (सर्जरी), MCH (प्लास्टि सर्जरी)
07662.352194, 9827268788, 9825935433 (एमरजेन्सी नंबर)
फेस रिजूवनेशन
• स्किन टैन, तिल, मस्से का उपचार
• टैटू रिमूवल, खाज-खुजली
• Micronidiling, MNRF थेरेपी (झुरियां, फाइन लाइन, मुंहासे के दाग के लिए)
• सफेद दाग का इलाज
• फिलर ट्रीटमेन्ट
• लेजर द्वारा नॉन सर्जिकल एवं सर्जिकल उपचार
• त्वचा संबंधी सभी विकृतियों का उपचार
लेजर ट्रीटमेन्ट
• दाग, धब्बे, मुहासे, स्ट्रेच मार्क चोट, सर्जरी के दाग का उपचार
• हेयर लेजर रिमूवल (अनचाहे बाल) केमिकल पीलिंग से (झाइयों, पिगमेन्टेशन का उपचार)
• कार्बन पीलिंग
• Prp थैरेपी, GFC थैरेपी द्वारा चेहरे के दाग, हेयर ट्रीटमेंट, फेस रिजुवनेशन
• मेडिफेशियल, वैंपायर फेसियल
• हेयर ग्रोथ ट्रीटमेन्ट
• स्किन व्हाइटनिंग एण्ड ग्लो ट्रीटमेन्ट
समयः 4:00 PM से 7:30PM सोमवार से शनिवार, रविवार 12 PM- 02:00PM
पता-साक्षी मेडिकोज के बगल में, LIC क्र.-1 के नीचे, सिरमौर चौराहा, रीवा (म.प्र.)



जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com